RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 330
लखनऊ, शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर




फडणवीस का उद्धव पर पलटवार
राष्ट्रीय-9



www.dailypioneer.com


# 15 राज्यों में पीएफआई के ठिकानों पर एनआईए और ईडी के छापे

● आतंकी वित्त पोषण में शामिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 106 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अगुवाई में कई एजेंसियों ने बृहस्पतिवार को 15 राज्यों में 93 स्थानों पर एक साथ छापे मारे और देश में आतंकवाद के वित्त पोषण में कथित तौर पर शामिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 106 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने पीएफआई के खिलाफ इसे अब तक का सबसे बड़ा जांच अभियान करार दिया। उन्होंने बताया कि केरल में पीएफआई के सबसे अधिक 22 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में इसके अध्यक्ष ओ. एम. ए सलाम भी शामिल हैं। पीएफआई की स्थापना 2006 में की गई थी। यह भारत में हाशिए पर पड़े वर्गों के सशक्तिकरण के लिए नव सामाजिक आंदोलन चलाने का प्रयास करने का दावा करता है। अधिकारियों ने बताया कि सबसे अधिक गिरफ्तारी केरल (22) में की गई। इसक अलावा महाराष्ट्र (20), कर्नाटक (20), तमिलनाडु (10), असम (9), उत्तर प्रदेश (8), आंध्र प्रदेश (5), मध्य प्रदेश (4), पुडुचेरी (3), दिल्ली (3) और राजस्थान (2) में गिरफ्तारी की गईं। गिरफ्तार किए गए सभी पदाधिकारियों का विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं ( शेष पेज 4 )



नई दिल्ली में पीएफआई के महासचिव अनीस अहमद (दाएं से दूसरे) को पकड़ कर कोर्ट में पेश करने ले जाती एनआईए टीम

## लग सकता है प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** इन छापों के बाद पीएफआई पर प्रतिबंध की संभावना है। अधिकारियों ने कहा, यह संगठन कथित लव जिहाद की घटनाओं, जबरन धर्म परिवर्तन, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शनों में अपनी भूमिका, मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, धन शोधन एवं प्रतिबंधित समूहों से संपर्क को लेकर विभिन्न एजेंसियों की निगाह में था। एनआईए ने कहा कि कई हिंसक कृत्यों में कथित संलिप्तता के लिए पीएफआई, उसके नेताओं और सदस्यों के ( शेष पेज 4 )

## लखनऊ सहित प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी में आठ संदिग्ध गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एनआईए,** एटीएस, आयकर विभाग, ईडी व स्थानीय पुलिस की सयुंक्त टीमों ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ छापेमारी की कड़ी में लखनऊ, वाराणसी, बाराबंकी, बहराइच में भी कार्रवाई जारी हैं। कुल आठ संदिग्ध लोग पकड़े गए हैं और उनसे पूछताछ चल रही है। सूत्रों के अनुसार खुफिया एजेंसियों को लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर यूपी एटीएस की टीम ने बृहस्पतिवार को तड़के साढ़े तीन बजे अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर लवकुश नगर स्थित मकान पर ( शेष पेज 4 )

## गिरफ्तार पीएफआई सदस्य को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**ईडी** के विशेष प्रभारी जज प्रफुल्ल कुमार ने मनी लांड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार पीएफआई के सदस्य शफीक पायथ को छह अक्टबूर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। ईडी ने इसे केरल के कोझीकोड से गिरफ्तार किया था। गुरुवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश कर इसका न्यायिक रिमांड हासिल किया गया। यह मामला हाथरस कांड के जरिए सामाजिक ताना बाना बिगाड़ने के लिए विदेशों से हुई फंडिग का है। यह दोहा से पीएफआई के लिए फंडिंग का प्रबंधन करता था। पीएफआई ने केरल में ( शेष पेज 4 )

# महिला सदस्यों को समर्पित सत्र देश के लिए उदाहरण बनेगा: मुख्यमंत्री

● सदन के माध्यम से जनता तक पहुंचेगी आधी आबादी की आवाज: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** में बृहस्पतिवार को महिलाओं को समर्पित विशेष सत्र का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी प्रस्तावना रखते हुए कहा कि भारत के सबसे बड़े विधानमंडल का यह सत्र देश के सामने एक उदाहरण पेश करेगा कि आखिर महिला सदस्य क्या बोलना चाहती हैं। योगी ने कहा कि प्राचीन काल से लेकर आज तक हर काल में समाज निर्माण में माताओं, बहनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि आज सदन में सभी लोग नारी शक्ति को देख रहे हैं। आज सदन का दिन महिलाओं के नाम है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने महर्षि वेदव्यास रचित लोक 'नास्ति मातृसमा छाया नास्ति मातृ समा गतिः। नास्ति मातृसमं त्राणं, नास्ति मातृसमा प्रिया' का संदर्भ लेते हुए कहा कि मां के समान कोई छाया नहीं, कोई सहारा नहीं, कोई रक्षक नहीं, मां के समान कोई प्रिय भी नहीं है। मातृशक्ति का यह भाव अगर हर नागरिक के मन में आ जाए तो कुछ भी असंभव नहीं। विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से 24 महिला सदस्यों, समाजवादी पार्टी की 10 सदस्यों, अपनादल एस की तीन एवं कांग्रेस पार्टी की एक सदस्य ने अपने विचार रखे। प्रश्न प्रहर होने के उपरान्त 38 महिला सदस्यों ने कार्यवाही में भाग लिया।

विधानसभा में बृहस्पतिवार को मानसून सत्र के चौथे दिन महिलाओं के लिए आयोजित विशेष सत्र के दौरान महिला हितों की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा बीते साढ़े पांच वर्षों में महिला सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति जैसे प्रयासों के परिणामों का ब्यौरा भी सदन में रखा गया। सभी महिला सदस्यों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब आभारी हैं कि देश का सबसे बड़ा विधानमंडल एक नए इतिहास को बनाने के लिए अग्रसर हो रहा है। आधी आबादी की आवाज इस सदन के माध्यम से प्रदेश की 25 करोड़ जनता तक पहुंचेगी।

इसके साथ ही प्रदेश की समस्याओं और उपलब्धियों को लेकर और अन्य सामायिक महत्वपूर्ण मुद्दों को इस सदन में रखने का उन्हें अवसर प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने सभी महिला विधायकों से अपील की है कि समस्याओं के बारे में खुलकर बोलें, अच्छे से चर्चा करें। उनके सुझाव नोट किए जाएंगे और सरकार उनको लेकर कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास सम्मान और स्वावलंबन के बारे में महिलाओं के क्या विचार हैं, यह जानना जरूरी है। सभी मुद्दों पर महिलाएं सरकार को सकारात्मक ( शेष पेज 4 )



विधानसभा में साथी सदस्यों के साथ प्रसन्न मुद्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# भागवत पहली बार पहुंचे मस्जिद इमामों के प्रमुख ने कहा राष्ट्रपिता

● मदरसे में भी पहुंचे, छात्रों ने कुरान पढ़कर सुनाया और वंदे मातरम, जय हिन्द के नारे लगाए

● भड़के असदुद्दीन ओवैसी, कहा, संघ प्रमुख से मिल रहे मुस्लिम बुद्धिजीवियों को जमीनी हकीकत पता नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुस्लिम** समुदाय तक अपनी पहुंच के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को एक मस्जिद और मदरसे का दौरा किया।

उन्होंने इस दौरान ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख के साथ आपसी सौहार्द बढ़ाने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की। इमाम संगठन के प्रमुख ने दोनों की मुलाकात के बाद भागवत को राष्ट्रपिता कहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मध्य दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित एक मस्जिद में गए और उसके बाद उन्होंने उत्तरी दिल्ली के आजादपुर में मदरसा तजावीदुल कुरान का दौरा भी किया।

संघ प्रमुख का यह दौरा उस दिन हुआ, जब जांच एजेंसियों ने देश में आतंकी गतिविधियों के समर्थन के आरोपों से ( शेष पेज 4 )



## ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामला

## शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराने की हिन्दू पक्ष की मांग का न्यायालय ने लिया संज्ञान

**भाषा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी-श्रृंगार** गौरी मामले में वाराणसी की जिला अदालत ने बृहस्पतिवार को ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराने की हिन्दू पक्ष की मांग का संज्ञान लेते हुए 29 सितंबर को अगली सुनवाई तक मुस्लिम पक्ष से इस पर आपत्ति मांगी है। जिला शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने बताया कि मामले की वादी चार महिलाओं की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने ज्ञानवापी परिसर में प्राप्त कथित शिवलिंगाफव्वारे की कार्बन डेटिंग कराने की मांग की अर्जी जिला अदालत के समक्ष रखी। जिला न्यायाधीश ने इस अर्जी पर संज्ञान लते हुए 29 सितंबर तक इस पर मुस्लिम पक्ष से आपत्ति मांगी हैं। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में 15 लोगों ने पक्षकार बनने के लिए जिला न्यायाधीश की अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। इस ( शेष पेज 4 )

# जयशंकर ने भारतीयों की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश मंत्री से जताई चिंता



ब्रिटेन के समकक्ष जेम्स क्लेवरली के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/न्यूयॉर्क

● विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ब्रिटेन के संपर्क में हैं ताकि हिंसा की घटनाएं फिर न हों

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अपने ब्रिटिश समकक्ष जेम्स क्लेवरली से मुलाकात के दौरान ब्रिटेन में भारतीय समुदाय की सुरक्षा एवं कल्याण को लेकर अपनी चिंता साझा की।

वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि लेस्टर हिंसा के बाद भारतीयों पर हमले नहीं हो इसके लिए हम ब्रिटेन के संपर्क में हैं। जयशंकर ने ट्वीट किया कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली से मुलाकात कर ब्रिटेन में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। इस संबंध में उनसे मिले आश्वासन का स्वागत करता हूं। लेस्टर और बर्मिंघम में भारतीय ( शेष पेज 4 )

# कांग्रेस अध्यक्ष के लिए 'एक व्यक्ति, एक पद' का नियम

● गहलोत और थरूर में सीधा मुकाबला, राजस्थान में खुल सकती है पायलट के सीएम बनने की राह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कोच्चि

**राहुल** गांधी के फिर इनकार करने के बाद कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होंगे और इसकी अधिसूचना बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई। नए पार्टी प्रमुख के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं तिरुअनंतपुरम के सांसद शशि थरूर के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है। लगभग 22 साल बाद हो रहे इस चुनाव के जरिए पार्टी को गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष मिलेगा।

कांग्रेस हाईकमान आधिकारिक रूप से गहलोत का समर्थन कर रहा है, इसलिए माना जा रहा है कि चुनाव केवल औपचारिकता ही है। विशेष बात यह कि उदयपुर डिक्लेरेशन के तहत राहुल गांधी द्वारा एक व्यक्ति, एक पद की नीति पर दृढ़ रहने के चलते राजस्थान में सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की राह भी खुलती दिख रही है। अपनी भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान एक ठहराव पर पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि हमने उदयपुर चिंतन शिविर में जो फैसला लिया था, वह पार्टी का वादा था।

मुझे उम्मीद है कि एक व्यक्ति, एक पद के वादे के उस सिद्धांत को अपनाया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए अभी तक गहलोत और थरूर में सीधी टक्कर होती प्रतीत हो रही है। हालांकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ, पृथ्वीराज चौहान और मनीष तिवारी के भी अपनी उम्मीदवारी पेश करने की संभावना है। चुनावी प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यह भी कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के प्रमुख का पद वैचारिक है और जो भी इस जिम्मेदारी को संभालता है, उसे यह याद रखना चाहिए कि वह भारत के एक नजरिए का प्रतिनिधित्व करेगा। इससे एक दिन पहले ही, कांग्रेस अध्यक्ष पद के एक संभावित उम्मीदवार के रूप में देखे जा ( शेष पेज 4 )



एर्नाकुलम में पत्रकारों को संबोधित करते राहुल गांधी

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,119 | ↓ 337 | |
| निफ्टी | 17,629 | ↓ 88 | |
| सोना | 50,399 | ↑ 442 | /10g |
| चांदी | 58,580 | ↑ 558 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रुपया 90 पैसे और टूटकर सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने और आगे भी सख्त रूख बनाए रखने के स्पष्ट संकेत से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिसके चलते बृहस्पतिवार को रुपया 90 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 80.86 प्रति डॉलर (अस्थाई) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व के दरों में बढ़ोतरी करने और यूक्रेन में भूराजनीतिक तनाव बढ़ने की वजह से निवेशक जोखिम उठाने से बच रहे है। वहीं विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती, घरेलू शेयर बाजार में गिरावट और कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी भी रुपए को प्रभावित कर रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 80.27 पर खुला। दिन में यह और गिरकर 80.95 पर पहुंच गया था।

# संविधान पीठ की कार्यवाही का 27 से सीधा प्रसारण

● सुप्रीम कोर्ट ने अपने कामकाज में पारदर्शिता व पहुंच बढ़ाने की मंशा से लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने अपने कामकाज में पारदर्शिता एवं पहुंच बढ़ाने की कवायद के तौर पर 27 सितंबर से सभी संविधान पीठ के मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने का निर्णय किया है। उच्चतम न्यायालय ने 2018 में इस संबंध में ऐतिहासिक फैसला दिया था और ठीक चार साल बाद उसकी कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित की अगुवाई में उच्चतम न्यायालय के 30 न्यायाधीशों ने स्वप्निल त्रिपाठी मामले में 2018 के उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करने का मंगलवार शाम को सर्वसम्मति से निर्णय लिया। उच्चतम न्यायालय ने पहली बार 26 अगस्त को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अगुवाई वाली एक पीठ की कार्यवाही का एक वेबकास्ट पोर्टल के जरिए सीधा प्रसारण किया था। यह एक रस्मी कार्यवाही थी क्योंकि न्यायाधीश रमण 26 अगस्त को ही सेवानिवृत्त हो रहे थे।

चार वर्ष पहले 26 सितंबर 2018 को उच्चतम न्यायालय ने संवैधानिक और राष्ट्रीय महत्व के मामलों की अदालती कार्यवाही के सीधे प्रसारण को अनुमति देकर न्यायपालिका के कामकाज में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया था। उसने कहा था कि यह पारदर्शिता सूरज की रोशनी की तरह है जो सबसे अच्छा निस्संक्रामक है। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि वैवाहिक विवादों या यौन शोषण से जुड़े संवेदनशील मामलों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण नहीं किया जाना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्ईय संविधान पीठ को अगले सप्ताह कई महत्वपूर्ण मामलों पर सुनवाई करनी है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संविधान के 103वें संशोधन, नागरिकता संशोधन कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं तथा अन्य मामलों पर होने वाली सुनवाई शामिल है। हाल में कार्यकर्ता-वकील इंदिरा जयसिंह ने सीजेआई यूयू ललित को एक पत्र लिखकर 2018 के फैसले को लागू करने तथा संविधान पीठ के मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, शुरुआत में उच्चतम न्यायालय यूट्यूब के जरिए कार्यवाही का सीधा ( शेष पेज 4 )



# नौसेना के दो जहाजों का विशाखापत्तनम में जलावतरण

● लगभग 80 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से बने इन पोतों से और शक्तिशाली होगी भारतीय नौसेना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को विशाखापत्तनम में नौसेना के दो डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) का जलावतरण किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में एडमिरल कुमार ने कहा कि डीएसवी का जलावतरण भारत के पोत निर्माण उद्योग और अनुभव की परिपक्वता को दर्शाता है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि डीएसवी अपनी तरह के पहले पोत हैं और इनका डिजाइन तथा निर्माण हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड, विशाखापत्तनम ने नौसेना के लिए किया है। नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि निस्तार और निपुण के निर्माण में प्रयुक्त लगभग 80 प्रतिशत सामग्री स्वदेशी है जो कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया एक बड़ा कदम है। बयान में कहा गया कि डीएसवी परियोजना ने स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा किए और स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहित किया जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नौसेना प्रमुख की पत्नी और नौसेना देखभाल ( शेष पेज 4 )



विशाखापत्तनम में जलावतरण के लिए तैयार डाइविंग सपोर्ट वेसल

# नारी सशक्तीकरण को समर्पित रही सदन की कार्यवाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानमंडल** के दोनों सदनों में मानसून सत्र का चौथा दिन महिला सदस्यों के नाम रहा। सदन के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी सत्र में कार्यवाही का एक दिन मातृशक्ति के लिए आरक्षित किया गया था। विधानसभा की कार्यवाही में महिला सदस्यों की चर्चा शुरू होने से पूर्व सरकार की ओर से पटल पर सारी अधिसूचनाएं ग्राम्यविकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने रखी। वहीं वहीं विधान परिषद में सदन का संचालन महिला अधिष्ठाता (अस्थायी) सरोजनी अग्रवाल ने किया और पीठासीन अधिकारी की कुर्सी पर भी महिला अधिकारी आसीन थी। सदन के अंदर चारों तरफ महिला कर्मियों को ही ड्यूटी पर तैनात किया गया था।

विधानसभा की कार्यवाही में महिला सदस्यों के भाग लेने से पूर्व विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब सदन के सत्र में पूरा दिन महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। आज की कार्यवाही नारी सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि उनकी इस पहल का नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव दोनों ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि 18वीं विधानसभा नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। महिलाएं कैसे आगे बढ़ें यह जानने के लिए उचित अवसर है। आज की सदन की कार्यवाही का संदेश पूरे देश में जाना चाहिए। इस मौके पर नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के सबसे बड़े विधानमंडल दल एक नया इतिहास बनाने की ओर अग्रसर है। आजादी के पचहत्तर साल बाद आधी आबादी की आवाज पच्चीस करोड़ जनता तक जायेगी। वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने महिला मुद्दे पर सरकार पर काफी सौम्य भाषा में हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज के इस विशेष मौके पर मैं दलगत राजनीति से ऊपर देखना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जहां नारी सुरक्षा की बात करती है वहीं यह देखने को मिल रहा है कि महिलाओं के ऊपर घटनाएं कम नही हो रही हैं। कार्यवाही में महिला सदस्यों की चर्चा शुरू होने से पूर्व सरकार की ओर से पटल पर सारी अधिसूचनाएं ग्राम्यविकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने रखी। भाजपा की वरिष्ठ सदस्य पूर्वमंत्री अनुपमा जयसवाल ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि भारत में हमेशा में महिलाओं को मानसम्मान देने की दिशा देने में अग्रणी रहा। इस मामलें सबसे पहले इसी प्रदेश से हुई है। इसी प्रदेश में पहली महिला राज्यपाल और पहली महिला मुख्यमंत्री हुई। इसके अलावा प्रधानमंत्री से लेकर महिला राष्टपति जैसे संवैधानिक पदों तक पर महिलाओं को अपने दायित्वों का निर्वाह किया। सपा की सदस्य डॉ रागिनी सोनकर इस दिन का पचहत्तर वर्षो सें इंतजार हो रहा था। उन्होंने कहा कि आज भी महिलाओं को अभी बराबरी का हक नहीं मिल पाया है। आजादी से लेकर अब तक हरक्षेत्र में महिलाओं का योगदान कम नहीं रहा। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने चर्चा के दौरान महंगाई और किसानों का समस्याओं का उठाया। जवाब में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि कांग्रेस राज्यों कीं अपेक्षा यूपी में किसानों का काफी सहूलियते दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुझाव पर आज विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने अधिष्ठाता के रूप में सदन के संचालन के लिए सपा की सैय्यदा खातून, डा मंजू श्रीवास और अनुपमा जयसवाल को अवसर दिया। इससे पूर्व चर्चा में डा अर्चना पांडेय, पूजा पाल, सुरभि, अलका सिंह, गीता शास्त्री, जय देवी, केतकी सिंह, रजनी तिवारी, नीलम यादव, मन्जू त्यागी सहित दोनों पक्षों की सदस्यों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। इससे पूर्व महिला सदस्य मीनाक्षी सिंह, विजमा यादव, पूजा पाल, डा रागिनी, नीलिमा कटियार सहित कई अन्य सदस्यों ने अपनी याचिकाएं प्रस्तुत की।



## बालिकाओं की केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त की जाएः अखिलेश



**लखनऊ।** विधानसभा के विशेष सत्र में नेताप्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नारी शक्ति ने आज़ादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। झांसी की रानी, बेगम हजरत महल, कस्तूरबा बाई, अहिल्याबाई होल्कर, अवंती बाई, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, झलकारी बाई सहीत कई नाम हैं। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा अब सदन में महिलाओं की संख्या बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि सदन में महिलाओं को इस तरह का अवसर दिया गया है यह काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विधानसभाध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि जब से आप इस पीठ पर आसीन हुए है तब से सदन में काफी बदलाव आए है। सदस्यों का टैबलेट के साथ लांबी में चाय काफी की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि आजादी से लेकर अब तक देश के नवनिर्माण में महिलाओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि महिलाओं के इतने मुददे है कि उन्हे सत्र के एक दिन की कार्यवाही में नहीं खत्म कर सकते है। अखिलेश ने कहा कि सरकार के दावो के बावजूद महिला अपराधों में कमी नहीं आ रही है। अपने भाषण के दौरान उन्होंने मुरादाबाद में महिला उत्पीड़न की एक घटना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब सरकार, समाज व विपक्ष एक साथ काम करता है तो घटनाओं को भी रोका जा सकता है। अखिलेश ने कहा कि इस विशेष सत्र में मैं यह प्रस्ताव रखता हूं कि प्रदेश में बालिकाओं की केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त की जाए। स्वतंत्र महिला पलिस इकाई का गठन किया जाए। महिला सदस्यों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यवाही में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा छात्राओं को लैपटाप बाटे गए। उन्होनें सरकार को सुझाव दिया कि पुलिस में महिलाओं की पृथक इकाई का गठन किया जाए। अखिलेश ने कहा कि नारी शक्ति ने आज़ादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। झांसी की रानी, बेगम हजरत महल, कस्तूरबा बाई, अहिल्याबाई होल्कर, अवंती बाई, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, झलकारी बाई सहीत कई नाम हैं।

### पिछली सरकारों की तुलना में कानून व्यवस्था बेहतरः खन्ना

**लखनऊ।** सपा विधायक डॉ. रागिनी के द्वारा उठाए गए अपराध के मामलों पर जवाब देते हुए संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पिछली सरकारों की तुलना में हमने बेहतर कानून व्यवस्था किया है। महिला अपराधों में कमी लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को किसी भी स्तर पर बख्शा नही जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घटना को बारीकी से देखा जाता है और दोषियों को सजा भी दी गई और दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी अधिकारियों को दोषी पाया गया है वहां उन्हें सजा दी गई और आगे भी दी जाती रहेगी।

### महंगाई ने महिलाओं को खून के आंसू रुला दिए हैंः आराधना

**लखनऊ।** सदन में कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि मैं मंहगाई का मुद्दा उठा रही हूं। घर का बजट महिलाओं को संभालना होता है। तेल, गैस सब का दाम बढ़ गया है। अच्छी बात ये है कि जवाब महिलाएं दे रहीं हैं। उन्होंने मंगाई ने महिलाओं को खून के आंसू रूला दिया है। उन्होंने कहा कि मंहगाई पर कोई अंकुश नही है। स्थिति यह है कि घरेलू वस्तुओं जैसे दूध, घी, तेल के दाम आसमान छू रहे है। इस पर सरकार का नियंत्रण लगाना चाहिए।

### थानों में वसूली भाई बैठे हैंः डॉ. रागिनी

**लखनऊ।** सपा विधायक डॉ. रागिनी ने महिलाओं के साथ अपराधों के मुद्दे को उठाया। लखनऊ, गोरखपुर समेत कुछ अन्य जिलों की घटनाओं का जिक्र किया। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के जवाब के बाद डॉ. रागिनी ने कहा कि थानों में वसूली भाई बैठे हैं। क्या जिन थानों में लापरवाही की गई, उन अधिकारियों के खिलाफ सरकार कार्रवाई करेगी। इस पर खन्ना ने कहा कि जरूर कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं की मजबूती से ही देश की सम्पन्नता संभवः गुलाब देवी

● विधान परिषद में महिला सशक्तीकरण विषय पर चर्चा में महिला सदस्यों ने पुरजोर ढंग से रखी अपनी बात



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की पहल पर लिए गए निर्णय के तहत महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति भाजपा सरकार द्वारा किए गए प्रयासों एवं उपलब्धियों से सम्बन्धित 'महिला सशक्तीकरण' विषय पर विधान परिषद में भी चर्चा करवाकर महिला सदस्यों को बोलने का पूरा मौका दिया गया। इस दौरान सबसे विशेष बात यह रही कि सदन का संचालन महिला अधिष्ठाता (अस्थायी) सरोजनी अग्रवाल ने किया और पीठासीन अधिकारी की कुर्सी पर भी महिला अधिकारी आसीन थी। सदन के अंदर चारों तरफ महिला कर्मियों को ही ड्यूटी पर तैनात किया गया था। महिला सदस्यों ने उन्हें बोलने का मौका दिए जाने के लिए अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह को धन्यवाद दिया।

इस मौके पर अपनी बात रखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के चतुर्मुख विकास के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प होकर कार्य कर रही है। देश के पीएम मोदी व प्रदेश के सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयास किया भी क्यों न जाए क्योंकि विधाता ने अपने विधान में महिलाओं को पूर्ण रूप से शक्ति सम्पन्न बनाया। उन्होंने यदि शक्ति दी तो दुर्गा माता दी। अगर धन की शक्ति दी तो लक्ष्मी जी को दी। ज्ञान दिया तो सरस्वती माता को दी। पद्मयोग दिया तो गीता को दिया। इस जीवन की नैय्या पर करने की अगर कोई व्यवस्था की तो गऊ माता को दी। पवित्रता गंगा माता को दी। अन्न की व्यवस्था अन्नपूर्णा माता को दी। गुलाब देवी ने कहा कि हंस वाहिनी से लेकर सिंह वाहिनी तक का अधिकार माता को दिया। तो महिलाएं कहां कमजोर हैं? हमारी महिलाएं बहुत शक्तिशाली है लेकिन उनकी शक्ति को कोई समझे तो। अब उनकी शक्ति को समझना मजबूरी होगी क्योंकि महिलाएं अपने वास्तविक रूप में आ रही हैं कि वह कितनी शक्तिशाली हैं। उन्होंने कहा कि यह वही महिला है जिसने ब्रह्मांड के मालिक श्रीराम को जन्म दिया। यह वही महिला है जिसने कर्मयोगी श्रीकृष्ण को जन्म दिया। यह वह महिला जिसने चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, सरदार भगत सिंह, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, नरेंद्र मोदी और आदित्यनाथ योगी जैसे सपूतों को जन्म दिया।

गुलाब देवी ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि आज तक जितने भी महान व्यक्तित्व हुए हैं। जितनी भी महान हस्तियां हुई हैं। किसी न किसी रूप में महिलाओं का सहयोग उनके साथ रहा है। चाहे वह मां के रूप में हो, पत्नी के रूप में हो, बहन के रूप में हो या मित्र के रूप में हो। बिना महिला के आज तक कोई महान हस्ती बनी ही नहीं और न बन सकती है। कोई देश तभी ही सम्पन्न हो सकता है जब वहां वहां की महिलाएं मजबूत होंगी। उनके लिए पूर्ण रूप से सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक हर जगह उनको भागीदारी मिलेगी। यही सोचकर पीएम मोदी और सीएम योगी ने महिला सशक्तीकरण का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले महिलाओं की क्या स्थिति थी, सब से जानते थे। वह सोंचती थीं कि बाहर निकलने के बाद सुरक्षित घर आएंगी कि नहीं आएंगी। लेकिन आज के इस वातावरण में पूर्ण रूप से सुधार किया गया है। गांव में आंगनबाड़ी के माध्यम से महिलाओं का मनोबल बढ़ाया जा रहा है। सहायता समूह से उनकी आर्थिक स्थिति सपन्न की जा रही है। हर विभाग में उनकी नियुक्ति की जा रही है। उनको उनकी योग्यता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। सबसे बड़ा इसका उदाहरण यह है कि हमारे प्रदेश में राज्यपाल के पद पर आनंदीबेन पटेल और देश में राष्ट्रपति के पद पर द्रौपदी मुर्मू बैठी हुई हैं। उन्होंने प्रदेश की महिलाओं से आवह्न किया कि मानव जीवन में चरित्र से बड़ा कोई भय नहीं। जिसका चरित्र अच्छा है, धर्म उसकी रक्षा करेगा। धर्म जिसकी रक्षा करेगा, भगवान उसके साथ होगा। इसलिए महिलाओं के लिए हमेशा ही चरित्र पर ध्यान देना चाहिए अपनी कर्तव्यनिष्ठा पर ध्यान रखना चाहिए। अपने अंदर आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए। भगवान पर विश्वास बनाए रखना चाहिए, जो जगत नियंता है, अजर है, अमर है जो पवित्र है, जिसने पूरी सृष्टि की रचना की है।

## केन्द्र पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कालेज खोलने के लिए यूपी को देगा 1012 करोड़ का अनुदान

**लखनऊ।** एक जिला- एक उत्पाद योजना की तर्ज पर आम आदमी की पहुँच तक बेहतर चिकित्सा व्यवस्था की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट हर जनपद में एक मेडिकल कालेज खोलने की योजना के तहत पीपीपी मॉडल पर इनकी स्थापना के लिए केन्द्र 1012 करोड़ रुपए का अनुदान देगा। सरकार को यह अनुदान व्यवहार्यता अंतर वित्त पोषण (वीजीएफ) स्कीम के तहत प्राप्त होगा। अनुदान प्राप्त होने के बाद राज्य सरकार द्वारा प्राइवेट सेक्टर को लाने की दिशा में कदम उठाया जायेगा।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

पूर्व में मेरा नाम रंजन धीरज शाह था जिसे मैंने बदलकर रंजन शाह कर लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नए नाम से जाना–पहचाना जाएं। पता–16/81, ए–1, सिविल लाइंस, कानपुर

**सूचना**

पूर्व में मेरा नाम धीरज कुमार गोपाल जी शाह था जिसे मैंने बदलकर धीरज कुमार शाह कर लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नए नाम से जाना–पहचाना जाएं। पता–16/81, ए–1, सिविल लाइंस, कानपुर

**NOTICE**

I Raghib Raza S/o Saiyed Mohsin Raza, R/o Saiyedwara, Chhibramau Distt. Kannauj, declare on oath that my M.B.A. First Samester Marksheet, Enrollment No. 1622057049 issued by the Integral University, Lucknow has been lost.

## इलाहाबाद विवि की बढ़ी फीस के खिलाफ सपा का हंगामा, सदन किया बाधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

विधान परिषद की कार्यवाही



**इलाहाबाद** केंद्रीय विश्वविद्यालय की फीस में चार गुना बढ़ोत्तरी किए जाने का मामला समाजवादी पार्टी सदस्यों ने विधान परिषद में कार्यस्थगन प्रस्ताव के रूप में उठाया। सपा सदस्यों ने राज्य सरकार से फीस बढ़ोत्तरी को तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाने की मांग की। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य और सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। जिससे असंतुष्ट सपा सदस्यों ने जमकर हंगामा और नारेबाजी की तथा विरोध स्वरूप वेल में धरने पर बैठ गए। जिसके चलते सदन की कार्यवाही अव्यवस्थित हो गई और उसे आधा घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा। इस दौरान भाजपा की महिला विधायक समेत अन्य सदस्यों ने सपा विधायकों पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि वे महिलाओं का समय ले रहे हैं। सपा के सर्वश्री नरेश चन्द उत्तम, डॉ. मान सिंह यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य एवं लाल बिहारी यादव ने प्रदेश के इलाहाबाद विश्वविद्यालय की बढ़ाई गई फीस वापस लिए जाने की मांग करते हुए कार्यस्थगन की सूचना दी। वहीं नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इलाहाबाद विवि केन्द्रीय विद्यालय है और यह राज्य का विषय नहीं है।सपा सदस्य नरेश चन्द्र उत्तम ने कहा कि यूपी में वोट डबल इंजन की सरकार कह कर मांगे जाते हैं तो सरकार क्यों नहीं केन्द्र को फीस कम होने का प्रस्ताव भेजती। सदन अव्यवस्थित होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने दोपहर एक बजे सदन की कार्रवाई 1.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। मौर्य ने कहा कि यदि केन्द्रीय विवि की फीस का मामला है तो अपने सदस्यों से कहिए वे संसद में सवाल उठाएं। वहां जो हो रहा है उस पर हम नजर रखे हैं। कानून–व्यवस्था राज्य का विषय है। शिक्षा के क्षेत्र में हमने जो कदम उठाए हैं, उससे कई तरह की गड़बड़ियां खत्म हुई हैं। इस पर सपा सदस्यों ने शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा की मांग की। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि इलाहाबाद विवि के विषय में परिषद में चर्चा नहीं हो सकती।

सपा सदस्य लाल बिहारी यादव, नरेश उत्तम, आशुतोष सिन्हा, स्वामी प्रसाद मौर्या, डॉ. मानसिंह यादव, मुकुल यादव, जासमीर अंसारी व शाहनवाज आलम अपनी बात न माने जाने पर वेल में चले गए और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। सदन की कार्यवाही दोबार प्रारंभ होने पर बसपा सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने प्रदेश में सरकारी सेवा की भर्तियों में आरक्षित वर्ग के साथ बड़े पैमाने पर अन्याय होने का मामला कार्यस्थगन के रूप में उठाया और अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षक दल के सदस्यों ने प्रयागराज स्थित इण्डियन गर्ल्स इंटर कालेज के तथाकथित प्रबंधक द्वारा भूमाफियाओं एवं नगर निगम के अधिकारियों की सांठ–गांठ से विद्यालय की भूमि को अवैध रूप से बेचे जाने के सम्बन्ध में सूचना दी। निर्दलीय समूह के सदस्यों ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों तथा अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कैसलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाए जाने की मांग करते हुए कार्यस्थगन के रूप में मामला उठाया। नेता सदन ने इन तीनों मामलों में तथ्यों से सदन को अवगत कराया। जिसके बाद सभापति ने कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकृत करते हुए तीनों मामलों को कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

### तीन विधेयक ध्वनिमत से पारित

**विधान** परिषद सदन में बृहस्पतिवार को तीन विधेयकों को ध्वनिमत से पारित किया गया। विधानसभा से पहले ही पारित हो जिन विधेयकों को विधान परिषद में मंजूरी प्रदान की गई उनमें उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022, सामान्य भविष्य निधि (उप्र) नियमावली, 1985–नियम–12 (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2022 और इण्टरमीडिएट शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2022 शामिल हैं।

## किसान हित को प्राथमिकता दे सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। इस दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती बीते तीन–चार दिनों से बीजेपी पर लगातार हमलावर नजर आ रही हैं। अब गुरुवार को एक बार फिर से बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट करके बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने गन्ना किसानों का बकाया, लंपी वायरल समेत कई मुद्दों पर बीजेपी सरकार को घेरा है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर टवीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कृषि प्रधान होने के बावजूद खेती व किसान हित के प्रति सरकारों द्वारा काफी कम ध्यान देना हमेशा से ही बड़ी चिंता का कारण रहा है, किन्तु अब उनके उपज की वाजिब कीमत नही मिलना, गन्ना किसानों का भारी बकाया व पशुधन की हानि आदि ग्रामीण भारत को त्रस्त कर रहे हैं। सरकार तुरंत ध्यान दे। अगले ट्वीट में मायावती ने कहा कि साथ ही गुजरात, राज्स्थान, एमपी से लेकर यूपी तक में लम्पी बीमारी के कारण असंख्य घरेलू जानवरों की मौत ने गरीब ग्रामीण भारत को नये संकट में डाल रखा है। पशुधन आत्मनिर्भर ग्रामीण जीवन की रीढ़ है, इसलिए यूपी व अन्य राज्य सरकारें प्रभावित लोगों की समुचित आर्थिक मदद जरूर करें। मायावती ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार ने भी विधानसभा में स्वीकार किया है कि प्रदेश के गन्ना किसानों का भारी बकाया है,जिसके संबंध में सरकार को अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह निभाते हुए इन बकायों को यथाशीघ्र पूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए कड़ा कदम जरूर उठाना चाहिए।

## समाजवाद ही सभी समस्याओं के समाधान का रास्ता

● सपा मुख्यालय में मनाई गई पूर्व सांसद मोहन सिंह की 9वीं पुण्यतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर बृहस्पतिवार को वरिष्ठ समाजवादी नेता, पूर्व सांसद मोहन सिंह की 9वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने स्वर्गीय मोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी आन्दोलन को आगे बढ़ाने में मोहन सिंह ने सक्रिय योगदान किया था। उनके योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाजवाद ही सभी समस्याओं के समाधान का रास्ता है। समाजवादी सिद्धांतों के जरिए ही सभी वर्गों में खुशहाली और सम्पन्नता लायी जा सकती है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज में नफरत पैदा किया है। भाजपा लोगों को लड़ाने का काम करती है। भाजपा राज में आम जनता की कोई सुनवाई नहीं है। गरीब और निर्दोषों को परेशान किया जा रहा है। पुलिस हिरासत में हत्याएं हो रही हैं। देश में पुलिस हिरासत में सबसे ज्यादा मौतें उत्तर प्रदेश में हो रही है। महिलाओं के साथ लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घिनौनी घटनाएं हो रही है। बच्चियों पर जुल्म की इंतिहा हो गयी है। भाजपा सरकार समानता के खिलाफ है। इस सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विद्वेष की भावना से काम करती है। भाजपा ने पांच साल की सरकार में विकास का कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया। भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए विकासकार्यों को बर्बाद कर दिया और जो विकास परियोजनाएं और निर्माण कार्य चल रहे थे उन कार्यों को भी बंद करा दिया है। जयप्रकाश नारायण केन्द्र को उजाड़ दिया गया। गोमती रिवरफ्रंट को तहस.नहस कर दिया गया। गोमती रिवरफ्रंट को पूरा नहीं किया गया। एशिया के सबसे बड़े जनेश्वर मिश्र पार्क को भी बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया गया है। इस अवसर पर स्वर्गीय मोहन सिंह के परिवार से उनके दामाद टीएन सिंह, नाती प्रशांत कुमार सिंह सहित राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, अरविन्द कुमार सिंह एवं संजय लाठर के अतिरिक्त गजाला लारी पूर्व विधायक एवं रमेश प्रजापति, विकास यादव, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## मुख्तार सरीखों को सजा होना अब स्वाभाविकः बृजलाल

● पूर्व डीजीपी ने कहा कि योगी राज में गवाह टूटने वाले नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के पूर्व डीजीपी भाजपा के राज्यसभासदस्य बृजलाल ने कहा है कि योगी राज में गवाह टूटने वाले नहीं हैं और मुख्तार सरीखे माफियाओं पर चल रहे मुकदमों में सजा होना अब स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि उनके परिजनों का भी वही हाल होना है। उनकी अपराध से कमाई गई 500 करोड़ से अधिक की सम्पत्तियों को या तो कुर्क कर दिया गया या फिर उन पर बुजडोजर चला दिया गया है।

पूर्व डीजीपी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े माफिया सरगना मुख्तार अंसारी को पहली बार उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा 7 साल की सजा दी गई। यह मामला 19 वर्ष पुराना 23 अप्रैल 2003 का है। मुख्तार लखनऊ जेल में बंद था, उसके बहुत से गुर्गे जेल में बिना तलाशी दिए उससे मिलना चाहते थे। तेजतर्रार जेलर एसके अवस्थी ने जेल मैनुएल के अनुसार ही तलाशी देने के बाद ही मिलने का आदेश दिया। मुख्तार का पारा चढ़ गया, उसने एक गुर्गे का रिवाल्वर लेकर जेलर अवस्थी पर तान दिया और धमकी दिया कि अपने को बड़ा ऊंचा समझने लगे हो, जेल से बाहर निकलो, जान से मरवा दूंगा। इसी का मुकदमा जेलर द्वारा लिखवाया गया था। यह मुकदमा जिला स्तरीय न्यायालय से छूट गया। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा उच्च न्यायालय में अपील की गयी जिस पर मुख्तार को सात साल की सजा हुई। बृजलाल ने कहा कि मुख्तार की यह धमकी पहली नहीं थी। 1999 में भी यह इसी लखनऊ जेल में बंद था। जेल अधीक्षक रमाकान्त तिवारी इसकी मनमानी नहीं चलने दे रहे थे। एक दिन वह इसी प्रकार की धमकी रमाकान्त तिवारी को दे दिया। जेल अधीक्षक ने इसे मुंतोड़ जवाब दिया। मुख्तार ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दिया कि जेल से बाहर निकलो, गोली मरवा दूंगा। 4 फरवरी 1999 को जेल अधीक्षक रमाकान्त तिवारी अपनी जीप से राजभवन लखनऊ के सामने से गुज़रे। मुख्तार के शूटर उनकी जीप का पीछा कर रहे थे। वह राजभवन के 200 मीटर दूर डीएसओ चौराहे पर पहुंचे ही थे कि मुख्तार के एक दर्जन गुर्गों ने उन्हें गोली मारकर छलनी कर दिया। उनका ड्राइवर राकेश कुमार सिंह भी मारा गया। 8 दिसंबर 2003 को मुख्तार इस सनसनीखेज दोहरे हत्या कांड से भी बरी हो गया। इसके आतंक के कारण गवाह टूट गए और मुख़्तार के साथ सभी गुर्गे भी बरी हो गए। पूर्व डीजीपी ने कहा कि मुख्तार का पूरा कुनबा ही आपराधिक छबि का है। मुख्तार पर हत्या, अपहरण, लूट, डकैती, गैंगेस्टर एक्टर आदि के करीब 60 मुकदमे कायम है जिसमें 19 मामले अभी भी न्यायालय में चल रहे हैं। इसके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी पर 8, पत्नी असफा अंसारी पर 6, पुत्र अब्बास अंसारी पर 7 और छोटे पुत्र उमर अंसारी पर 5 मुकदमे क़ायम है। उन्होंने कहा कि जब योगी आदित्यनाथ 2017 में मुख्यमंत्री बने तो मुख्तार के लिए जेल आशियाना नही रह गया। उसने पंजाब में अपने ऊपर एक फर्जी मुकदमा लिखवाकर पंजाब के जेल में पहुंच गया। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के सहयोग से, पंजाब जेल उसका आशियाना बन गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

होटल लेवाना अग्निकांड मामला

# सरकार के जवाब से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं

● कहा, सरकार का काम हमें करना पड़ रहा है

विधि संवाददाता। लखनऊ




**होटल** लेवाना अग्निकांड मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तल्ख टिप्पणी की है। पीठ ने कहा है कि एलडीए व आवास विकास जैसे प्राधिकरणों को देखने (रेग्युलेशन) का काम सरकार का है। जबकि यहां सरकार का काम हमें करना पड़ रहा है। पीठ का कहना था कि हम यह जानना चाहते हैं कि नियमों का उल्लंघन कर जो भवन बनाए गए हैं, आखिर उन पर क्या कार्रवाई हुई। पीठ इस मसले पर राज्य सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं थी। पीठ ने अगली सुनवाई पर बेहतर जवाब के साथ राज्य सरकार को आने का आदेश दिया है।

पीठ ने एलडीए को भी विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। पूछा है कि शहर में कितने भवन एलडीए के बाइलॉज का उल्लंघन कर बनाए गए हैं और उन पर क्या कार्यवाही की गई। पीठ ने इस मामले में आवास व शहरी नियोजन के अपर मुख्य सचिव, नगर आयुक्त तथा आवास आयुक्त आदि को भी पक्षकार बनाने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन नवंबर को होगी।

जस्टिस डीके उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने यह आदेश लेवाना सुइट्स होटल में आग की घटना नाम से स्वत: संज्ञान लेकर दर्ज की गई जनहित याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष इस याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थाई अधिवक्ता द्वितीय शैलेन्द्र सिंह ने चीफ फायर अफसर का हलफनामा पेश किया। इस हलफनामे में एनओसी जारी करने के संदर्भ में जानकारी थी। पीठ ने इस हलफनामे से असंतुष्टि जाहिर की। कहा कि हम फायर नॉर्म्स का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई, यह जानना चाहते हैं।

### पारिजात अपार्टमेंट में आग का मामला उठाया गया

**पीठ** के समक्ष सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील आसित कुमार चतुर्वेदी ने गोमती नगर स्थित एलडीए के पारिजात अपार्टमेंट की एक फ्लैट में आग लगने का मामला उठाया। कहा कि अपार्टमेंट का निर्माण इस तरह हुआ है कि वहां आग लगने के बाद फायर टेंडर का संचालन करने की जगह ही नहीं थी। उन्होंने अपनी अर्जी के साथ दस्तावेज दाखिल करते हुए बताया कि फायर विभाग ने इस अपार्टमेंट पर आपत्ति दाखिल की थी। बावजूद इसके एलडीए ने खुद के इस अपार्टमेंट को कॉम्पलीशन सर्टिफिकेट दे दिया। पीठ के समक्ष जब यह मसला उठाया गया तो एलडीए के वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी मौजूद थे। उन्होंने इससे ठीक पहले कहा थाए वो बाइलॉज की सभी शर्तें पूरी होने पर ही किसी भवन को कॉम्पलीशन सर्टिफिकेट जारी करते हैं। पीठ ने इस पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जब एलडीए के खुद के अपार्टमेंट का यह हाल है, तो दूसरे निर्माणों का क्या होगा।

## फर्जी सीओ बनकर रौब गांठने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार पर नीली बत्ती लगाकर घूमने वाले एक फर्जी सीओ को आज गाजीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गाजीपुर पुलिस के द्वारा साउथ सिटी पीजीआई के रहने वाले प्रियांशु यादव और उसकी कार के चालक तेलीबाग गांधीनगर पीजीआई के रहने वाले जावेद आलम को गिरफ्तार किया है पुलिस के अनुसार सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में नीली बत्ती लगाकर घूम रहा प्रियांशु अपने आप को पुलिस विभाग का क्षेत्राधिकारी बताकर लोगों पर रौब गांठता था। पुलिस के अनुसार प्रियांशु के इस अपराध में उसकी गाड़ी का चालक जावेद आलम भी उसका सहयोगी था। एसीपी गाजीपुर विजय राज सिंह ने बताया कि कार में नीली बत्ती लगाकर घूमने वाला प्रियांशु यादव समाज में अपना रुतबा कायम करने के लिए अपने आप को क्षेत्राधिकारी बताता था उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया प्रियांशु लफंगा टाइप का युवक है और वह किसी राजनीतिक दल से भी जुड़ा है हालांकि उन्होंने जालसाज प्रियांशु के बारे में ये नहीं बताया कि वो किस राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ था।

# मंत्री के निजी चालक का कार में मिला शव

● पत्नी व बेटे ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस से जांच की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के कैंट इलाके में उस समय हड़कम्प मच गया जब दिलकुशा के पास गुरुवार की सुबह कार के अंदर चालक राजेश द्विवेदी 45 का शव चालक सीट के बगल वाली सीट पर संदिग्ध हालात में मिला। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे। चालक सीट के पास मृतक की चप्पल पड़ी थी। साथ ही कार का टायर फटा हुआ था। कार में शव मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कार से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मुताबिक मृतक मंत्री गिरीश चन्द यादव का निजी चालक था। वहीं मौके पर पहुंची मृतक की पत्नी शीला द्विवेदी और बेटे ने साजिशन हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना था कि गले पर कसाव के निशान थे। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। वहीं मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल भी निकलवायी जा रही है। डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह के मुताबिक जिला रायबरेली थाना बछरावां के ग्राम बसांवा निवासी जयकरन द्विवेदी का बेटा राजेश द्विवेदी अपने परिवार के साथ मानसरोवर योजना के न्यू गरौड़ा थाना बिजनौर में किराये पर रह रहाथा। गुरुवार सुबह आठ बजे डायल 112 पर पुलिस को सूचना मिली कि दिलकुशा पार्क के पास कार में एक युवक मृत मिला है। प्रभारी निरीक्षक कैंट शिवचरन लाल टीम के साथ वहां पहुंच गए। इसके साथ ही एसीपी कैंट अनूप कुमार सिंह और एडीसीपी सय्यद अली अब्बास भी पहुंचे थे। डीसीपी पूर्वी का कहना है कि गाड़ी का बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त था। ऐसा लग रहा था कि गाड़ी पंचर होने के बाद करीब आधा किलोमीटर तक आई है। इस दौरान हादसा हुआ है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त पत्नी शीला और बेटे ने की है। उनके द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी कार का मुआयना किया। आगे और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि बगल वाली सीट पर शव मिलने से मामला संदिग्ध लग रहा है। दूसरे कार के ज्यादा क्षतिग्रस्त न होने से दोबारा एक्सीडेंट होने की बात गले नहीं उतर रही। पुलिस आस पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला लेकिन ज्यादा कुछ पता नहीं चला। राजेश की मौत की सूचना मिलते ही उनका बेटा सुधांशु मौके पर पहुंच गया था। उसने पुलिस को बताया कि बुधवार रात को गाड़ी मालिक का फोन आया था। उसके बाद ही पिता राजेश कार लेकर घर से निकले थे। रात नौ बजे पिता ने मां से बात की थी। इसके बाद से उनकी कोई बात किसी परिवारीजन से नहीं हुई है।सुधांशु का कहना है कि पिता के शरीर पर चोट के कई निशान है। गले पर कसाव के निशान है। पैंट की जेब फटी हुई है। एसीपी कैंट अनूप कुमार ने बताया कि घर वालों ने अभी सूचना के तौर पर तहरीर दी है। किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पत्नी शीला ने दी तहरीर जताई साजिशन हत्या की आशंका मृतक की पत्नी शीला द्विवेदी की ओर से पुलिस को तहरीर मिली है।

## मिलावटी शराब बनाने वाले को उम्र कैद

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** एडीजे अनुरोध मिश्र ने महुआ व यूरिया मिलाकर मिलावटी शराब बनाने के मामले में दोषी करार दिए मुल्जिम बाबू लाल को उम्र कैद की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 25 सितंबर 2008 को इस मामले की एफआईआर एसओ साधू राम ने थाना सरोजनीनगर में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील एमपी तिवारी व सुरेश यादव के मुताबिक इसे मिलावटी शराब बनाते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया था। इसके घर से अवैध शराब बनाने की सामग्रियों के अलावा करीब साढ़े चार लीटर मिलावटी शराब भी बरामद हुई थी। विवेचना के बाद इसके खिलाफ आईपीसी की धारा 272 व आबकारी अधिनियम की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल हुआ था।

## हेरोइन की तस्करी में पांच साल की सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** एनडीपीएस एक्ट के विशेष जज पुष्कर उपाध्याय ने हेरोइन की तस्करी करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम शफीक को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 20 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 22 फरवरी 2008 को नारकोटिक्स की टीम ने इसे बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के पास पकड़ा था। विशेष लोक अभियोजक राकेश पांडेय के मुताबिक इसके पास से 200 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इस मामले की एफआईआर थाना एनसीबी में दर्ज हुई थी।

## पति व सास को सात की साल की सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** विशेष जज नरेन्द्र कुमारए तृतीय ने दहेज हत्या के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम पति राकेश रमन सिन्हा व सास कान्ती देवी को सात साल कैद की सजा सुनाई है। उन्होंने इन पर पांच.पांच हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 23 जुलाई 2004 को इस मामले की एफआईआर हरदेव प्रसाद सिन्हा ने थाना गाजीपुर में दर्ज कराई थी। करीब तीन माह पहले अपनी पुत्री निशा सिन्हा की शादी पटना निवासी राकेश से की थी। सरकारी वकील कृष्ण कुमार साहू के मुताबिक निशा को ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। वह अपने मैके आ गई और सुसाइट नोट लिखकर अपने दुप्पटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले मुल्जिम की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज मोहिन्दर कुमार ने एलडीए के एक भूखंड की रजिस्ट्री फर्जी तरीके से किसी दूसरे के नाम कराने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम शेष मणि पांडेय की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील कौशलेंद्र द्विवेदी व सोमदत्त वाजपेई के मुताबिक इस मामले की एफआईआर एलडीए के अनुभाग अधिकारी विद्या प्रसाद ने थाना गोमतीनगर में दर्ज कराई थी। एलडीए से विभुतिखंड में एक भूखंड अनिल कुमार तिवारी को आवंटित हुई थी। 22 सितंबर 2010 को इनकी मौत हो गई थी। 28 जनवरी 2011 को एक फर्जी आदमी को अनिल कुमार तिवारी बताकर भूखंड की रजिस्ट्री करा ली गई। वर्ष 2018 में एलडीए में इस बात की शिकायत विमलेश तिवारी ने की थी।

## एक से सात अक्टूबर तक मनाया जायेगा वन्य प्राणि सप्ताह

**लखनऊ।** प्रदेश में अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह 1 से 7 अक्टूबर तक 'वन्य प्राणि सप्ताह' मनाया जायेगा। इस अवसर पर सामान्य जनता का सहयोग प्राप्त करने हेतु उन्हें इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। इसके अतिरिक्त विशेषकर बच्चों को वन्य जीव के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने हेतु इस अवधि के दौरान लखनऊ प्राणि उद्यान एवं कानपुर प्राणि उद्यान में नि:शुल्क प्रवेश की अनुमति होगी। यह जानकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव केपी दुबे ने दी है। उन्होंने बताया कि वन्य प्राणि हमारे वनों तथा हमारे जीवन की महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके प्रवेश को सुरक्षित रखने तथा इनके संरक्षण हेतु जनता को जानकारी देने के लिए वन्य प्राणि सप्ताह का अत्यधिक महत्व है।

## कालीचरण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के निलंबन पर रोक लगाने से इंकार

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** कालीचरण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. महेंद्र नाथ राय के निलंबन आदेश पर अंतरिम रोक लगाने से हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इंकार कर दिया है। पीठ ने हालांकि यह भी स्पष्ट किया है कि प्रधानाचार्य के खिलाफ चल रही कार्यवाही में पारित आदेश अदालत के आदेशों के आधीन होगा। जस्टिस राजन रॉय की एकल पीठ ने यह आदेश प्रधानाचार्य डॉ महेंद्र नाथ राय की याचिका पर दिया है। याचिका में 25 मई 2022 को मैनेजमेंट कमेटी द्वारा उन्हें निलंबित करने के प्रस्ताव व 21 जून 2022 को डीआईओएस द्वारा जारी निलंबन आदेश को चुनौती दी गई है। कहा गया कि यह दोनों आदेश क्षेत्राधिकार से परे व बिना कोई कारण दर्ज किए जारी किया गया हैं। डीआईओएस ने उन्हें बिना सुनवाई का मौका दिए निलंबन आदेश जारी किया है। लिहाजा यह अविधिक है। एकल पीठ के समक्ष मैनेजमेंट कमेटी की ओर से याचिका का विरोध किया गया। कहा गया कि याचिकाकर्ता पर गंभीर आरोप हैं। ऐसे में डीआईओएस द्वारा कार्यवाही में की गई अनियमितता का लाभ उसे नहीं दिया जा सकता। याचिकाकर्ता को प्रधानाचार्य के तौर पर काम करने देना कॉलेज के हित में नहीं होगा। एकल पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के पश्चात कहा कि अब तक यह नहीं पाया गया है कि मैनेजमेंट कमेटी किसी दुर्भावना से ग्रसित है। लिहाजा किसी भी त्रुटि के आधार पर इस मामले में हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा।

# लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का स्थापना दिवस आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ राम** मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का दूसरा स्थापना दिवस शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मनाया जायेगा। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। हालांकि विधानसभा सत्र के चलते मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के शामिल होने की संभावना है।

स्थापना दिवस समारोह की जानकारी देते हुए गुरुवार को संस्थान की निदेशक डॉ सोनिया नित्यानंद ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर डिजिटल हेल्थ- रिमेनिंग हेल्थ केयर फार 21 सेंच्यूरी पर लेक्चर पदम भूषण डॉ देवी शेट्टी देंगे। इस दौरान मुख्य सचिव डी एस मिश्रा और प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार उपस्थित रहेंगे। प्रो नित्यांनद ने बताया कि स्थापना दिवस के दौरान आईआईटी कानपुर के साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फार डिजिटल हेल्थ को लेकर एक एमओयू भी किया जायेगा। इस दौरान प्रो नित्यानंद ने मीडिया के समक्ष साल भर की उपलब्धियों के साथ ही आगामी योजनाओं को भी साझा किया। इस मौके पर संस्थान के सीएमएस डॉ राजन भटनागर, एमएस डॉ विक्रम सिंह उपस्थित रहे।



### भावी योजनाएं

राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के मानदंडों को पूरा करने, गुर्दा प्रत्यारोपण कार्यक्रम का विस्तार करने, नव निर्मित विभागों के बिस्तरों को समायोजित करने आदि के लिए एक नए 800 से 1000 बिस्तरों के अस्पताल की योजना बनाई गयी है। इससे विस्तार में भी मदद मिलेगी कुछ मौजूदा विभागों के एमबीबी सीटों को 150 से बढ़ाकर 200 करने के माध्यम से, हमें भारत सरकार से स्वीकृति मिली है। 60 करोड़, जिसमें से हमने अपने छात्रों और कर्मचारियों के लिए एक इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का प्रस्ताव रखा है।

### साल भर की उपलब्धियां

- एनएमसी की तरफ से संस्थान को पीजी कोर्सेज के लिए 66 सीट की मंजूरी।
- 6 नई डीएनबी सीटों की मंजूरी।
- नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, बीएससी इन नर्सिंग में 40 सीट पर पहला बैच जनवरी 2022 में शामिल।
- संस्थान ने 13 पोस्ट डॉक्टोरल सर्टिफिकेट कोर्स और और सुपर स्पेशियलिटी में फेलोशिप शुरू।
- संस्थान ने बाल चिकित्सा हेपेटोलॉजी शुरू।
- ओपीडी और आईपीडी के लिए 10 अतिरिक्त काउंटर खोले गए।
- मरीजों और उनके रिश्तेदारों के लिए 24 घंटे की नई कैंटीन सेवा।
- 20,000 लीटर की क्षमता का लिक्विड ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित।
- कम्यूनिटी हेल्थ के तहत वर्ष 2022 में अब तक 29 रक्तदान शिविर आयोजित।
- रिवर्स नीलामी खत्म कर फर्नीचर मरम्मत मद में 58 लाख रुपये की कमी।
- पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन नई दिल्ली से प्राप्त एक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन की खरीद के लिए 3.5 करोड़ रुपये मंजूर।
- 12 सितंबर को अनुसंधान दिवस के उपलक्ष्य में संकाय सदस्यों,एमबीबीएस छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार।

## मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर गिरफ्तार

● पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से 27 मोबाइल फोन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपने** महंगे शौक पूरे करने के लिए राजधानी लखनऊ में अलग अलग थानाक्षेत्रों में मोबाइल फोन चोरी की वारदात करने वाले गिरोह का पुलिस ने राजफाश कर गुरुवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके पास से अलग अलग कंपनियों के 27 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंस्पेक्टर चिनहट तेज बहादुर के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमाशंकर सिंह की टीम ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर तीन मोबाइल फोन चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए तीनों बदमाशों ने पूछताछ में अपना नाम झारखंड व हाल पता पारा क्षेत्र स्थित बुद्धेश्वर निवासी जेके कुमार नोनिया अमरनाथ महतो व करन ठाकुर बताया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनका एक संगठित गिरोह है जो झारखंड से आकर पारा इलाके में रहकर महंगे मोबाइल फोन चोरी करते हैं। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में बताया कि यह लोग इस जघन्य अपराध में काफी दिनों से लिप्त हैं। यह लोग महंगे मोबाइल फोन चोरी कर सस्ते दामों में जरुरतमंदों के हाथों बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस को इनके पास से अलग अलग कंपनियों के 27 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

## विधानसभा में उठा सरोजनीनगर में जलभराव का मुद्दा

● सरोजनीनगर की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए विधायक राजेश्वर सिंह की ओर से किए गए अनुरोध पर नगर विकास मंत्री ने समाधान को लेकर किया आश्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के विधानमंडल के मानसून सत्र के चौथे दिन भी सदन में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सरोजनीगर विधानसभा क्षेत्र में जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय विधायक राजेश्वर सिंह की ओर से पूछे गये लिखित सवालों के जवाब में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने जवाब दिया। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि एलडीए कॉलोनी के सेक्टर.एच का लेवल नीचा होने के कारण जलभराव की समस्या रहती थी। नगर निगम द्वारा यहां 10 हॉर्स पॉवर के दो एवं 35 हॉर्स पॉवर का एक पंप स्थापित किया गया है। इसके अलावा चिल्लावां गांव में 35 हॉर्स पॉवर का पम्प स्थापित किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि एलडीए कॉलोनी, आशियाना, मानसरोवर क्षेत्रों की जल निकासी किला मोहम्मदी ड्रेन से होती हैए जो लगभग 54 किमी लंबा है एवं सई नदी तक जाता है। इस मुख्य ड्रेन के कच्चे भाग को एलडीए द्वारा शहीद पथ तक आरसीसी नाले का निर्माण करा दिया गया है। ओमेक्स की ओर लगभग ढाई किमी की लम्बाई में भी आरसीसी निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव एलडीए द्वारा तैयार किया गया है। विधायक राजेश्वर सिंह के प्रश्न का जवाब देते हुए नगर विकास विभाग मंत्री एके शर्मा ने बताया कि वर्तमान में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के 27 गांव विस्तारित क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ नगर निगम में सम्मिलित हुए हैं। नगर निगम द्वारा इन क्षेत्रों में सड़क एवं जल निकासी की व्यवस्था के लिए श्मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनाश् के तहत प्रथम चरण में 23 कार्यों के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराये गये हैं जो परीक्षण की प्रक्रिया में है।

नगर विकास विभाग मंत्री ने बताया कि किला मोहम्मदी ड्रेन से ही जोन.5 के आजाद नगरए मधुवन नगरए गोपाल नगरए चित्रगुप्त नगर, विजय नगर आदि क्षेत्रों की जल निकासी होती है। ड्रेन की सफाई शहरी सीमा तक नगर निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष करायी जाती है। शहीद पथ के आगे किला ड्रेन में लगभग 1 किमी तक अतिक्रमण के कारण जल निकासी की समस्या हो रही है जिसके निस्तारण के लिए लखनऊ जिलाधिकारी को दिनांक 26 जुलाई 2022 को पत्र भेजा गया है एवं इस पर सिचाई विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण भी किया जा चुका है। शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी जिससे नाले में सुचारू रूप से प्रवाह हो सकेगा।

# त्वचा संबंधी समस्या से निदान पाने के लिए न लें यूट्यूब का सहारा

● राजधानी में आयोजित तीन दिवसीय डर्माकान कान्फ्रेंस में जुटेंगे देश भर के त्वचा रोग विशेषज्ञ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अगर** आपको त्वचा संबंधी कोई समस्या है तो फिर आप भूल से यूट्यूब के नुस्खों को न आजमाएं, अन्यथा आप किसी अन्य बीमारी का भी शिकार हो सकते हैं। यूट्यूब पर वीडियो अपलोड करने वाले शख्स के पास कोई डिग्री नहीं होती है। त्वचा संबंधी समस्याओं और उनके इलाज को लेकर राजधानी में 23 सितंबर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कान्फ्रेंस शामिल होने के लिए देश भर के देश भर के त्वचा रोग विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। जो कान्फ्रेंस के दौरान इलाज की सटीक व सस्ती विधा पर चर्चा करेंगे। इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट्स वेनेरोलॉजिस्ट्स और लेप्रोलॉजिस्ट्स के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ अमित मदान के मुताबिक मिड डर्माकॉन कॉन्फ्रेंस में 2 हजार की संख्या में स्पेशलिस्ट के शामिल होने की संभावना है।




### इम्युनिटी कम होने की वजह से बच्चों में हो रहा इन्फेक्शन

**ऑर्गनाइजिंग** कमेटी के चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ सुरेश तलवार ने बताया कि इस वक्त बच्चों में हाथ-पैर में दानों के निकलने की समस्या बढ़ती दिख रही है। जिसका एकमात्र कारण शरीर में इम्युनिटी की कमी है। जो कोरोना के बाद लगभग हर दूसरे व्यक्ति में देखी जा सकती है। इसमें बच्चों में लाल धब्बे नज़र आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि इससे बचने के लिए खिलाई-पिलाई पर विशेष ध्यान दें। यदि यह होता है तो बच्चों को तरल पदार्थ ज़रूर दें।

### फंगल इंफेक्शन को दोगुनी तेज़ी से बढ़ाती है स्टेरॉयड क्रीम

ऑर्गनाइजिंग कमेटी के साइंटिफिक सेक्रेटरी डॉ सुमित गुप्ता ने बताया कि इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में हेयर, नेल, स्किन, लेप्रोसी, यौवन इन्फेक्शन व भ्रांतियों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि जो ऑनलाइन क्रीम्स बिकती हैं, उनसे दूरी बनाएं। क्योंकि इनमें स्टेरॉयड होता है। जो फंगल इंफेक्शन को दोगुनी तेज़ी से बढ़ाता है।

### युवा डॉक्टरों को नयी विधियों व तकनीकों की दी जाएगी जानकारी

कमेटी के चेयरपर्सन डॉ नीरज पांडे ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस में बॉलीवुड व टॉलीवुड सेलिब्रिटी के भी डॉक्टर आएंगे। जो बताएंगे कि कैसे बढ़ती उम्र में निखार को बनाए रखने के लिए क्या-क्या करना चाहिए।

# केजीएमयू में रैप्सोडी 2022 का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नई आशा** व नई शुरूआत के साथ गुरुवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम रैप्सोडी 2022 का शुभारंभ विवि के कुलपति ले. जनरल डॉ विपिनपुरी, डॉ अनिता पुरी, डीएसडब्ल्यू डॉ आरएन श्रीवास्तव, डीन एकेडमिक, पैरामेडिकल, नर्सिंग, प्रो केके सिंह, सीएमएस डॉ एस एन शंखवार, डीन रिसर्च डा शैली अवस्थी, प्रो अब्बास अली, डीन डेंटल, रजिस्ट्रार और प्रो आरके दीक्षित, प्राक्टर प्रो क्षितिज श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया।

रैप्सोडी कार्यक्रम की शुरूआत ड्यूट डांस और प्रहसन के साथ हुई। रैप्सोडी के आकर्षण में कॉमेडी आधारित दिल की दुकान की प्रस्तुति मेडिकोज ने दी। इसके साथ ही कॉफी विथ जार्जियन कार्यक्रम में संस्थान के एलुमिनी रहे मेदान्ता के निदेशक डॉ राकेश कपूर और उनकी पत्नी व पीजीआई में गायनोकोलॉजिस्ट डॉ दीपा कपूर, डीएसडब्ल्यू प्रो आर एन श्रीवास्तव और उनकी पत्नी व राष्ट्रीय कत्थक संस्थान की सचिव सरिता श्रीवास्तव आर्कषण के केन्द्र में रहे। इसके अलावा कवि सम्मेलन कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकों और मेडिकोज ने स्वरचित कविताओं की प्रस्तुति दी। वहीं ऑनलाइन कार्यक्रम में जार्जियन हेयरलून भी आकर्षण में रहा। इसमें सीनियर की तरफ से जूनियर मेडिकोज को एंटीक तस्वीरें भेंट की गयी। इनके अलावा आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों के नाम घोषित किये गये।



## चार दिन बाद भी दुराचारी को नहीं पकड़ पाई पुलिस

**लखनऊ।** रविवार शाम को हिस्ट्री शीटर संदीप यादव ने एक महिला को वकील से मुलाकात कराने के बहाने होटल में ले जाकर बंधक बनाया और फिर असलहे के दम पर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की शिकायत करने पर आरोपित ने उसे बदनाम करने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी थी। आज चार दिन बीत जाने के बाद भी विभूति खंड पुलिस आरोपी संदीप यादव को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। हालाँकि पुलिस का इस मामले में कहना है कि दो टीमें लगातार उसके सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं जल्द ही वह सलाखों के पीछे होगा। सनद रहें की बीते रविवार को बिजनौर निवासी संदीप यादव ने एक महिला को वकील से मिलवाने के बहाने उसे गोमतीनगर के हुसड़िया चौराहे पर बुलाया था इसके बाद संदीप पीड़िता को अपनी गाड़ी से एक होटल में ले गया होटल में पहुंचने के बाद संदीप ने उसे बंधक बना लिया और डरा धमका कर दुष्कर्म किया।

# आज आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा है प्रदेश का युवा

## मुख्यमंत्री योगी ने मथुरा में तीन दिवसीय किसान गोष्ठी, ग्राम्य विकास प्रदर्शनी पर्यटन केन्द्र व बकरी कृत्रिम गर्भाधान यूनिट का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था ग्राम्य आधारित अर्थव्यवस्था है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी एवं ग्राम स्वराज्य के माध्यम से स्वावलम्बन की अवधारणा दी थी। ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना ग्राम्य विकास के माध्यम से ही पूरी हो सकती है। देश की कृषि अर्थव्यवस्था और देश को दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ाना है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने एवं संकल्पों के अनुरूप हमें ग्राम्य अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए कार्य करने होंगे। विगत 8 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ग्राम्य विकास के साथ साथ खेती किसानी के विकास के लिए निरन्तर कार्य किये गये हैं। साढ़े पांच वर्ष पहले उत्तर प्रदेश का नौजवान जो पहचान के संकट से जूझता था आज



एक जनपद एक उत्पाद योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़कर आर्थिक स्वावलम्बन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव समिति, मथुरा द्वारा आयोजित किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं ग्राम्य विकास प्रदर्शनी कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पं. दीन दयाल उपाध्याय ने एक नये अर्थशास्त्र को प्रतिपादित किया था। पं. दीन दयाल उपाध्याय ने कहा था कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के मानक की कसौटी आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों से नहीं बल्कि सबसे निचले पायदान पर बैठे व्यक्ति की आर्थिक स्थिति से होती है। पं. दीन दयाल उपाध्याय ने अन्त्योदय का विचार दिया जिसमें हर खेत को पानी तथा हर हाथ को काम और अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के जीवन में व्यापक परिवर्तन करने का संकल्प था। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती की लागत को कम करने एवं खेती की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने हेतु तकनीक के उपयोग पर बल दिया गया है। किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए देश में मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि अनेक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार देश के किसानों को वर्ष 2018 से फसल लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से 6000 रुपये की वार्षिक आर्थिक सहायता अन्नदाता किसानों को प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 2 करोड़ 60 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लाभ लेते हुए 21 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा प्रदान की गयी है। प्रदेश सरकार ने अन्नदाता किसानों के नलकूप के विद्युत बिल पर काफी रियायतें प्रदान करने का कार्य किया है। आगामी 5 वर्षों में राज्य सरकार अधिकतर सिंचाई की सुविधा ट्यूबवेल के माध्यम से उपलब्ध कराएगी या प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत किसानों को सोलर पैनल प्रदान कर निःशुल्क सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी।

# इण्डियन बैंक के प्रबंध निदेशक ने सीएम से की भेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इण्डियन** बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसएल. जैन ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। जैन आज एक दिन के आधिकारिक दौरे पर लखनऊ आए थे। उन्होंने प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में बैंक की भूमिका एवं अधिकाधिक भागीदारी के संबंध में प्रदेश के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों से भी भेंट की। तदुपरांत प्रदेश में स्थित बैंक की शाखाओं के कार्यनिष्पादन की समीक्षा तथा हजरतगंज परिसर में नवनिर्मित वृहद कॉर्पोरेट शाखा का उद्घाटन किया। प्रदेश में इण्डियन बैंक की 1068 शाखाओं का विशाल नेटवर्क है। एस. एल. जैन ने शाम को टाउन हॉल सभा में उत्तर प्रदेश के विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं के उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में एक नए रूप में सामने आने वाला है । प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर को ध्यान में रखकर हाईवे, एयरपोर्ट आदि का जाल बिछाया जा रहा है। यहां भविष्य में व्यवसाय की पर्याप्त संभावनाएं हैं। इण्डियन बैंक प्रदेश के विकास के लिए चल रही केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं में सहभागी रहा है। स्टैंडअप इण्डिया, लोकल टू वोकल से संबंधित विभिन्न योजनाओं, एमएसएमई, स्वयं सहायता समूह, कृषि एवं ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं हेतु ऋण एवं बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करवाने में प्रदेश में हमारा बैंक हमेशा सक्रिय रहा है। जैन ने कहा कि प्रदेश के विकास में हम अपने बैंक की भूमिका को और भी सशक्त करना चाहते हैं।

# लम्पी रोग से बचाव के लिए युद्धस्तर पर प्रभावी कार्रवाई की गयी: धर्मपाल सिंह

● प्रदेश में 2604500 पशुओं को गोटपॉक्स का टीका लगाया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुधन** दुग्ध विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि प्रदेश के पशुओं को लम्पी स्किन डिजीज से बचाव एवं नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा सघन अभियान चलाकर युद्ध स्तर पर प्रभावी कार्यवाही की गयी है। जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में लम्पी रोग की संक्रमण दर अन्य राज्यों की तुलना में कम है एवं गोवंश की हानि अन्य की अपेक्षा न्यून है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लगातार की गयी कार्यवाही का अनुश्रवण करते हुए मार्गदर्शन भी प्रदान कर रहे हैं। पश्चिमी प्रदेश के 26 जनपद लम्पी स्किन रोग से प्रभावित हैं। आज तक 26024 पशु प्रभावित मिले हैंए जिनमें 16872 पशुओं का उपचार कर रोकमुक्त किया गया है। 273 गोवंश की मृत्यु हुई है। राज्य सरकार की सजकता एवं प्रभावी कार्यवाही से पशुओं के संक्रमण से ठीक होने का प्रतिशत 64 प्रतिशत है और मृत्युदर मात्र 01 प्रतिशत है। है। पशुधन मंत्री ने बताया कि जब तक यह लम्पी स्किन डिजीज का प्रकोप समाप्त नहीं हो जाता तब तक पशुओं के बचाव हेतु टीकाकरण अभियान लगातार जारी रहेगा। इसके लिए प्रदेश में 1126 टीमें टीकाकरण के लिए गठित की गयी है, जिनके द्वारा प्रदेश में 2604500 पशुओं को गोटपॉक्स का टीका लगाया गया। गोवंशीय पशुओं को बचाने के लिए टीकाकरण की कार्यवाही की जा रही हैए इसके लिए 82.50 लाख वैक्सीन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ पशुओं को यह बीमारी संक्रमित न करें इसके लिए पशुओं के आश्रय स्थल पंचायतीराज एवं नगर निगम के सहयोग से सोडियम हाइपोक्लोराइट फिनायल आदि का छिड़काव किया जा रहा है। इसके अलावा पशुओं को मच्छर, मक्खियों आदि से दूर रखने के लिए कीटनाशक दवाओं का भी लगातार छिड़काव किया जा रहा है।

# अभियान से पूर्व माइक्रोप्लान साझा करेंगे सभी विभाग

**लखनऊ।** संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए पूरे अक्टूबर माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जायेगा। अभियान से पहले गुरुवार को ऑनलाइन माध्यम से अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। अभियान में 12 विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए गतिविधियां आयोजित करेंगे। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के साथ ही बाल विकास, नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि एवं सिंचाई, उद्यान विभाग और सूचना विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। संचारी रोग के नोडल अधिकारी डॉ संदीप सिंह ने पूरे अभियान की रूपरेखा बताते हुए अभियान में सभी विभागों की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अभियान से पहले सभी विभाग अपना माइक्रोप्लान बनाकर साझा करेंग। विभागों के कार्यों की पूर्ण रिपोर्टिंग होगी, अभियान के बीच दूसरी बैठक में अपने-अपने विभाग द्वारा किये कार्यों पीपीटी के माध्यम से जानकारी देंगे। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ मिलिंद वर्धन ने विभागों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान साल में तीन बार आयोजित किया जाता है।

# खेल सुविधाएं बढ़ाने के लिए चार प्रस्तावों को भारत सरकार को भेजा गया: सहगल

● बरेली व जौनपुर के खिलाड़ियों को मिलेंगी ज्यादा सहूलियतें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव खेलकूद डॉ. नवनीत सहगल ने खेलों इण्डिया राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम के तहत बरेली तथा जौनपुर में खेल अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने के लिए चार प्रस्तावों को भारत सरकार के अनुमोदनार्थ भेजने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार को पूर्व में भेजे गये प्रस्तावों का प्रभावी अनुश्रवण करने के निर्देश दिए भी दिये हैं। बापू भवन स्थित अपर मुख्य सचिव के कार्यालय में बृहस्पतिवार को सम्पन्न हुई बैठक में बरेली में स्थापित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 700 लाख रुपये की लागत से सिन्थेटिक रनिंग ट्रैक के निर्माण के प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त जौनपुर में स्थापित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 733 लाख रुपये की लागत 400 मीटर सिन्थेटिक रनिंग ट्रैक, 10 करोड़ रुपये की लागत से बहुउद्देशीय क्रीडाहाल तथा 799 लाख रुपये से तरणताल निर्माण के प्रोजेक्ट को भारत सरकार के स्वीकृतार्थ भेजने पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। डॉ. सहगल ने कहा प्रदेश में खेल प्रतिभाएं निखर कर सामने आयें इसके लिए अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। खेलो इण्डिया के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों में फुटबाल, वालीबाल, क्रिकेट, कबड्डी आदि खेलों के आयोजन को प्रमुख दी जा रही है।

## उच्चशिक्षा के लिए प्रियांशी को 75,750 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** आस्ट्रेलिया की डेकिन यूनिवर्सिटी ने सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की छात्रा प्रियांशी सिंह को उच्चशिक्षा हेतु 75,750 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा है। प्रियांशी को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रियांशी ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने छात्रा की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सीएमएस छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं।

## शूटिंग चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्र को गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के प्रतिभाशाली छात्र सुन्दरम सिंह ने मसूरी में आयोजित शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। सुन्दरम ने यह गोल्ड मेडल अण्डर-17 कैटेगरी में पीप साइट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में जीता है। प्रतियोगिता का आयोजन एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स फॉर इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट (एएसआईएससी) के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में इस होनहार शूटर ने शूटिंग के तकनीकी ज्ञान के अलावा लक्ष्य साधने की क्षमता, ब्रेथ कन्ट्रोल, मूवमेन्ट कन्ट्रोल एवं ट्रिगर कन्ट्रोल क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया, साथ ही अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फुर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अन्तर्राज्यीय गिरोह का खुलासा, सौ किलो गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया। एसटीएफ ने गिरोह के एक तस्कर को आजमगढ़ जिले से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से आसाम से तस्करी कर लाया गया 100 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। एसटीएफ के मुताबिक बरामद गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत तकरीबन 25 लाख रुपए है। एसटीएफ को आसाम से मादक पदार्थों की तस्करी कर पूर्वी यूपी के जिलों में सप्लाई करने वाले गिरोह के सक्रिय होने के संबंध में जानकारी मिल रही थी। इस संबंध में एसटीएफ की एक टीम को छानबीन के लिए लगाया गया। इस दौरान जानकारी मिली कि एक कन्टेनर आसाम से चल कर बाहरियाबाद से तरवा की ओर जा रहा है, जिसमें गांजा लदा हुआ है। एसटीएफ की टीम ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर आजमगढ़ जिले के तरवां थानान्तर्गत पालीवार तिराहा भिलीहिली के पास कंनेटनर को रोककर तलाशी ली। तलाशी में धान की भूसी के नीचे छिपाया गया एक कुंतल गांजा बरामद हुआ। एसटीएफ ने ट्रक पर सवार चालक सुनील यादव निवासी गहनी फौलादपुर, थाना बहरियाबाद, गाजीपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह यह गांजा आसाम राज्य के उदालगुड़ी से लोडकर उत्तर प्रदेश के पूर्वी जनपदो में देता है।

# उपलब्धियों को बनाये रखने के लिए समन्वय जरूरी: आलोक




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सचिव** योजना एवं वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के नोडल अधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी प्रगति हासिल की है। इन उपलब्धियों को बनाए रखने के लिए युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न विभागों के बीच एक बहुक्षेत्रीय समन्वय होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम साझा दृष्टिकोण, संयुक्त जवाबदेही और पर्यवेक्षण के जरिये विभिन्न विभागों के सम्मिलित प्रयासों को सफल बनाने की कोशिश करेंगे। जिससे राज्य के प्रत्येक युवा को सार्थक आर्थिक अवसर प्राप्त हो। गुरुवार को विश्व गर्भनिरोधक दिवस के उपलक्ष्य में स्वयंसेवी संस्था ममता एचआईएमसी की तरफ से परिवार नियोजन कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में सचिव योजना एवं वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के नोडल अधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था युवाओं को सूचना, ज्ञान और कौशल प्रदान करेगी ताकि वह राज्य के समग्र विकास में सार्थक योगदान दे सकें। महानिदेशक, परिवार कल्याण डॉ. रेणु श्रीवास्तव वर्मा ने कहा कि विश्व गर्भनिरोधक दिवस 26 सितंबर हमें यह याद दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय दिवस है कि परिवार नियोजन सेवाओं पर युवाओं को और अधिक जागरूक करने की जरूरत है जिससे वह परिवार नियोजन से जुड़े निर्णय पूरी जानकारी के साथ ले सकें।

# स्कूल बन्द करने के फरमान से खफा अभिभावकों ने किया हंगामा

● पुलिस के हस्तक्षेप पर मैनेजमेण्ट ने दी स्कूल बन्द नहीं करने की नोटिस

संवाददाता। मोहनलालगंज



**बच्चों** का एडमिशन लेने के दो माह बाद प्राइवेट स्कूल ने अचानक स्कूल बन्द करने का फरमान सुना दिया। परेशान अभिभावक गुरुवार को शिकायत लेकर मोहनलालगंज कोतवाली पहुंच गए।

पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्कूल मैनेजमेण्ट ने मौजूदा सत्र में स्कूल बन्द नहीं करने का लिखकर दिया तब जाकर अभिभावक शान्त हुए। उधर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच शुरु कर दी है। मोहनलालगंज के गौरा में संचालित सूर्या सैनिक स्कूल मैनेजमेण्ट ने जुलाई में बच्चों के एडमिशन लिए। फिर सितम्बर में स्कूल बन्द करने का फरमान सुना दिया। नाराज अभिभावकों ने गुरुवार को स्कूल पहुंचकर हंगामा किया और पूरे मामले की शिकायत मोहनलालगंज पुलिस से कर दी।

**क्या कहते हैं एसएचओ**

इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया सूर्या सैनिक स्कूल की शिकायत लेकर कुछ अभिभावक आए थे। पुलिस टीम स्कूल भेजी गई थी। मैनेजमेण्ट ने मौजूदा सत्र में स्कूल बन्द नहीं करने की बात लिखकर दी है। अभिभावकों को अन्य कोई शिकायत नही है।

**क्या कहते हैं बीईओ**

खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह ने बताया अस्वस्थ होने की वजह से सूर्या सैनिक स्कूल की जांच के लिए स्टाफ को भेजा गया था। स्कूल मैनेजमेण्ट मान्यता सम्बन्धित कोई दस्तावेज अब तक प्रस्तुत नहीं कर सका है। शुक्रवार तक अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने पर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## मांगों को लेकर सड़क पर उतरे किसान

**मोहनलालगंज।** 66 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश यादव की अगुवाई में गुरुवार को सैकड़ों किसान मोहनलालगंज तहसील पहुंचकर धरने पर बैठ गए। सभी विभागों के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे किसानों ने एसडीएम से वार्ता के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। काफी देर इंतजार के बाद भी जिम्मेदार विभागों के अधिकारी वार्ता करने नहीं आए तो नाराज किसान सड़क पर उतर पड़े। जिलाध्यक्ष दिनेश यादव की अगुवाई में किसानों ने मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच कर दिया। हालांकि एसडीएम हनुमान प्रसाद और इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने रायबरेली हाईवे पर किसानों को रोंक कर राजस्व विभाग से जुड़ी मांगे फौरन पूरी कर दी। जबकि अन्य सभी मांगों को लेकर 27 सितंबर को सभी विभागों के अधिकारियों के साथ वार्ता कराने का भरोसा दिया।

# पेज एक का शेष

## 15 राज्यों...

है। अधिकारियों ने कहा कि एनआईए, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और संबंधित राज्यों के पुलिस बल ने गिरफ्तारियां की हैं अधिकारियों के मुताबिक, आतंकवदियों को कथित तौर पर धन मुहैया कराने, उनके लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने और लोगों को प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ने के लिए बरगलाने में कथित तौर पर शामिल व्यक्तियों के परिसरों पर छापे मारे गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को एक बैठक की। समझा जाता है कि बैठक में पीएफआई से जुड़े परिसरों में की जा रही छापेमारी तथा आतंकवाद के संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, एनआईए के महानिदेशक दिनकर गुप्ता समेत शीर्ष अधिकारी इस उच्च स्तरीय बैठक में शामिल हुए।

## लग सकता...

खिलाफ पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में आपराधिक मामले दर्ज किए गए। ऐसे कृत्यों में केरल में एक कॉलेज के प्रोफेसर का हाथ काटना, अन्य धर्मों को मानने वाले संगठनों से जुड़े लोगों की निर्मम हत्याएं, विस्फोटकों का संग्रह, प्रमुख लोगों और स्थानों को निशाना बनाना, इस्लामिक स्टेट को समर्थन और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से नागरिकों के मन में आतंकवाद का एक प्रभाव पड़ा है। अधिकारियों के मुताबिक, एनआईए ने पीएफआई के खिलाफ पहले की गई जांच के तहत 45 लोगों को दोषी ठहराया है। इन मामलों के संबंध में कुल 355 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है।

## लखनऊ सहित...

छापा मारा और वसीम उर्फ बब्लू नाम के शख्स को गिरफ्तार किया। वसीम टेलर का काम करता है। उसका इंदिरा नगर में तीन तल का मकान है। सूत्रों का कहना है कि वसीम के एक दोस्त की भी गिरफ्तारी हुई है। वसीम इससे पहले एनआरसी-सीएए के खिलाफ भड़के दंगों में भी गिरफ्तार हो चुका है। खदरा इलाके में हुए दंगे में वसीम का नाम आया था। उसके साथी से भी एनआईए पूछताछ कर रही है। वसीम के घर से कुछ दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। इस बारे में पड़ताल चल रही है कि उसका पीएफआई से कैसा कनेक्शन है और उसके पास रुपया कहां से और कैसे आता है। सूत्रों के अनुसार पीएफआई के दो सदस्यों को वाराणसी के आदमपुर और जैतुपरा से पकड़ा गया है। एनआईए के इनपुट पर एटीएस ने छापेमारी की और दो सदस्यों को हिरासत में लेकर लखनऊ लौट आई है। एनआईए और एटीएस की टीम ने बहराइच के जरवल के दक्षिण टोला में भी छापेमारी की।

## गिरफ्तार पीएफआई...

मुन्नार विला प्रोजेक्ट खड़ा किया था। इस प्रोजेक्ट में खाड़ी के देशों से रकम आती थी। इस रकम का इस्तेमाल हिंसा फैलाने में किया गया। ईडी ने इससे पहले इस मामले में पीएफआई के सदस्य केए रउफ शरीफ, अतीकुर्रहमान, मसुद अहमद, सिद्दीकी कप्पन, अशरफ कादिर, अब्दुल रज्जाक पीडीयक्कल व मोहम्मद आलम को गिरफ्तार किया था। इन सबके खिलाफआरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

## महिला सदस्यों...

सुझाव दें और प्रदेश के लिए अच्छा काम हो सकेगा। उनके विचार संकलित करके संसद भवन स्थित पुस्तकालय और सभी राज्य विधानसभाओं को भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से अनुरोध किया कि सदन में महिलाओं को नियमों में न बांधा जाए। साथ ही उन्हें बोलने के लिए पूरा समय दिया जाए। समय का प्रतिबंध भी न लगे। वहीं, पुरुष विधायकों से कहा कि रोजाना तो उनके शोर के नीचे महिलाओं की आवाज दब जाती थी लेकिन आज महिलाओं को बोलने दें और उन्हें ध्यान से सुनें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले साढ़े पांच साल के कार्यकाल में महिलाओं से जुडी योजनाओं और उनके लिए किए गए कार्यो का सिलसिलेवार उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा कि महिला उत्थान की दिशा में सरकार ने अपने संकल्प पत्र में जो भी वादे किए उनकों पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि यूपी में पुलिस में महिलाकर्मियों की संख्या को दस हजार से बढाकर पैंतीस हजार किया गया। इसके अलावा एंटी रोमियों स्क्वायड का गठन कर महिला अपराधों को रोका गया। सरकार की इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि महिला अपराधों में कमी आई साथ ही भ्रूण हत्याओं पर अंकुश लग पाया। इसके अलावा निराश्रित विधवा महिलाओं के संरक्षण की दिशा में सरकार की जो योजनाएं संचालित है उनका लाभ बडी संख्या में महिलाओं को मिल रहा है।

## भागवत पहली...

घिरे पोपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के लगभग दर्जनभर राज्यों में फैले कार्यालयों पर छापे मारे गए और 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। संघ प्रमुख पिछले कई हफ्तों से सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए मुस्लिम बुद्धिजीवियों के साथ बैठकें आयोजित कर रहे हैं। डॉ. इलियासी के साथ मुलाकात में भागवत के साथ डॉ. कृष्ण गोपाल, इंद्रेश कुमार, रामलाल और कृष कुमार भी मौजूद थे। संघ के एक अधिकारी ने बताया कि यह पहला मौका है जब सरसंघचालक ने किसी मदरसे का दौरा किया है। संघ पदाधिकारी के अनुसार, मदरसे के दौरे पर भागवत ने वहां के बच्चों से बातें कीं और उन्हें कुरान पढ़ते हुए सुना। उन्होंने बताया कि बच्चों ने वंदे मातरम और जय हिन्द के नारे भी लगाए। ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी ने मदरसे के बच्चों से बातचीत के दौरान भागवत को राष्ट्रपिता बताया। उन्होंने बताया कि हालांकि, भागवत ने तत्काल टोका और कहा कि देश में एक ही राष्ट्रपिता हैं और बाकी सभी भारत की संतानें हैं। ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन भारत में इमामों का प्रतिनिधि संगठन है और दुनिया में इमामों का सबसे बड़ा सगठन होने का दावा करता है। डॉ. इलियासी और भागवत के बीच मस्जिद में करीब एक घंटे तक बातचीत हुई।

## शिवलिंग की...

पर जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश ने कहा कि पक्षकार बनने के लिए 15 लोगों में से उपस्थित आठ लोगों के प्रार्थना पत्र पर ही विचार किया जाएगा, बाकी अनुपस्थित सात लोगों का प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया जाएगा। सिंह ने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने जिला अदालत से इस मामले की सुनवाई के लिए आठ हफ्ते बाद समय तय करने की मांग रखी थी, जिसे जिला न्यायाधीश की अदालत ने खारिज कर दिया। मुस्लिम पक्ष के वकील मोहम्मद तौहीद ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने मामले की पोषणीयता पर अदालत के फैसले के आठ सप्ताह बाद प्रकरण की सुनवाई आगे बढ़ाने को कहा था। जिला अदालत ने पिछली 12 सितंबर को अपने निर्णय में मामले को सुनवाई के लायक माना था। लिहाजा मुस्लिम पक्ष ने मामले की सुनवाई आठ हफ्ते बाद करने के सिलसिले में प्रार्थनापत्र दिया था।

## जयशंकर ने...

समुदाय को निशाना बनाकर हुई हिंसा की घटनाओं के बीच नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में हिंसा को लेकर भारतीय उच्चायोग के बयान का हवाला देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भारतीय उच्चायोग ब्रिटेन के संपर्क में है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक बयान में कहा था कि उसने इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया है और शहर में सप्ताहांत में झड़पों की खबरों के बाद ब्रिटेन के अधिकारियों से प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षा का आह्वान किया है। ज्ञात हो कि पिछले महीने के अंत में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के मद्देनजर पूर्वी ब्रिटेन के लेस्टर शहर में हिंदू और मुस्लिम समूह आपस में भिड़ गए थे। उसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ हफ्तों में 47 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई है।

## कांग्रेस अध्यक्ष...

रहे अशोक गहलोत ने यह संकेत दिया था कि वह अध्यक्ष पद और राजस्थान के मुख्यमंत्री का पद दोनों संभाल सकते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की इस ताजा टिप्पणी से इसकी संभावना बढ़ गई है कि कांग्रेस का अध्यक्ष चुने जाने पर गहलोत को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ सकता है। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण की ओर से अधिसूचना जारी होने के साथ ही देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल के सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाले व्यक्ति को चुनने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से आरंभ हो गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री की अध्यक्षता वाले केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण की ओर से यह अधिसूचना जारी की गई। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना जारी होने के बाद अब नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 24 से 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। अब लगभग यह तय हो गया है कि 22 साल बाद कांग्रेस का अध्यक्ष चुनाव के जरिए तय होगा।

## संविधान पीठ...

प्रसारण कर सकता है और बाद में वह अपने सर्वर के जरिए कार्यवाही का सीधा प्रसारण कर सकता है। लोग अपने मोबाइल फोन, लैपटॉप और कम्प्यूटर पर बिना किसी बाधा के उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही देख सकेंगे।

## भारतीय नौसेना...

एवं कल्याण संघ (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष कला हरि कुमार ने पारंपरिक ढंग से इन पोतों का नामकरण किया और इस अवसर पर मौजूद लोगों ने बंगाल की खाड़ी में पोतों के जलावतरण का तालियां बजाकर स्वागत किया। एडमिरल कुमार ने अपने संबोधन में कहा, भारतीय नौसेना के दो जटिल और अहम पोतों के जलावतरण के ऐतिहासिक मौके पर यहां होना गर्व का विषय है। एक बार नौसेना में शामिल होने के बाद ये स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसेल (डीएसवी) आईएनएस निपुण और आईएनएस निस्तार के नाम से जाने जाएंगे। उन्होंने कहा, निस्तार और निपुण न केवल गहरे समुद्र के हमारे अभियानों में एक नए युग का सूत्रपात करेंगे बल्कि एक विश्वसनीय बल के रूप में भारतीय नौसेना का स्तर भी ऊंचा करेंगे। इसके अलावा ये पोत हिंद महासागर में पनडुब्बी बचाव अभियानों में भी सबसे आगे बढ़कर हिस्सा ले सकेंगे। बयान में कहा गया कि इन पोतों को गहरे समुद्र में गोते लगाने संबंधी अभियान में तैनात किया जाएगा।

# एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को 40 हजार घूस लेते पकड़ा

● रोहनिया थाना क्षेत्र के नरउर के रहने वाले अजीत कुमार सिंह ने इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प का आवेदन किया था

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**एंटी** करप्शन टीम ने रोहनिया क्षेत्र के मोहनसराय से आरोपित लेखपाल संजय वर्मा को 40 हजार रंगे हाथ घूस लेते पकड़ा है। इसके बाद टीम ने लेखपाल को रोहनिया पुलिस को सौंप दिया। रोहनिया थाने पर मामले की पूछताछ और जांच शुरू है।

रोहनिया थाना क्षेत्र के नरउर के रहने वाले अजीत कुमार सिंह इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प का आवेदन किए थे। इसके लिए जिलाधिकारी के यहां से जमीन की जांच और एनओसी के लिए तहसील को निर्देशित किया गया। तहसील से मामले की जांच क्षेत्रीय लेखपाल संजय वर्मा को सौंपी गई। पीड़ित अजीत कुमार का आरोप है कि अप्रैल माह से ही लेखपाल के पास पेपर आ गया था। जब मैं उसके बारे में पूछता तो टालमटोल कर देते थे। इन्होंने फिर कहा कि 80 हजार खर्चा आएगा क्योंकि अधिकारियों को भी देना है। अजीत ने पहले असमर्थता जताई लेकिन फिर पांच पांच हजार करके दो बार पैसे दिए। पिछले 17 सितंबर को लेखपाल ने पैसे की मांग की तब आजिज़ आकर एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया । टीम ने अजीत कुमार के साथ मोहनसराय स्थित मिश्रा कटरा में लेखपाल के बने अस्थाई कार्यालय पर पैसे देने की योजना बनाई । गुरुवार को कार्यालय पर पहुंचकर पेपर के बारे में बात करते हुए अजीत ने 40 हजार दिए जिसे लेखपाल ने अपनी पैंट की जेब में डाल ली। इसी दौरान एंटी करप्शन टीम मौके पर पहुंचकर पैसे को निकलवाया जिसका नंबर टीम के पास था।

एंटी करप्शन टीम लेखपाल को लेकर रोहनिया थाने पहुंची जहां पूछताछ और जांच चल रही है। रोहनिया प्रभारी निरीक्षक विमल कुमार मिश्र ने बताया की पूछताछ और जांच के बाद जैसी तहरीर मिलेगी उसके आधार पर केस दर्ज किया जायेगा।

# राज्यपाल ने घरचित के प्रो. केके सिंह को मेरठ विश्वविद्याल का बनाया कुलपति

**सकलडीहा/चन्दौली।** किसी ने सोचा नही था कि ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े व परिषदीय विद्यालय भोजापुर और सकलडीहा इंटर कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र को राज्यपाल द्वारा कुलपति पद के लिये मनोनित किया जायेगा। कुछ ऐसा ही चंदौली जनपद के घरचित गांव के प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह कृषि वैज्ञानिक को कुलपति बनाये जाने पर परिजनों के साथ जिले वासियों में हर्ष व्याप्त है।

घरचित गांव के स्व. दूधनाथ सिंह के चार पुत्र डा. प्रमोद कुमार सिंह, प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह, डा. अखिलेश सिंह व स्व. अशोक सिंह एडवोकेट व एक पुत्री प्रेमलता सिंह है। माता चन्द्रकला देवी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका है। प्रोफेसर केके सिंह प्रारंभिक शिक्षा गांव से तीन किलोमीटर दूर परिषदीय विद्यालय भोजापुर और इंटर की शिक्षा सकलडीहा इंटर कॉलेज से ग्रहण किया। इसके बाद बीटेक प्रयागराज, एमटेक पंजाब विश्वविद्यालय, आईआईटी खडगपुर से किया। इसके बाद पोस्ट डाक्टरेट की डिग्री फलगो विश्वविद्यालय अमेरिका से ग्रहण किया। ततपश्चात उन्हें भोपाल के सेंट्रल इंस्च्यूट एवं एग्रीकल्चर में निदेशक, एसिस्टेंड डायरेक्टर और नियुक्त बोर्ड सदस्य से 15 अप्रैल 2022 में सेवानिवृत्त हुए। इनके बेहतर कार्य को देखते हुए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल कुलाधिपति ने सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। बुधवार की शाम इसकी जानकारी होने पर परिजनों के साथ जिलेवासियों में खुशी की लहर है। गांव निवासी शिक्षक नेता अजीत यादव सहित ग्रामीणों ने बताया कि जिले के लिये गौरव की बात है। मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

# वाहन चोर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

● नौ मोटरसाइकिलें बरामद



**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में वाहन चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा वाहन चोरी की घटनाओं के अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में बुधवार को क्राइम ब्रांच थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा धर्मशाला चौराहे पर चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्त रामललित पासवान पुत्र रामबली पासवान, निवासी कुशरट इनमा थाना शाहगंज, उम्र लगभग 25 वर्ष, व राजाराम पुत्र रामसिंह, निवासी इनमा, थाना शाहगंज, उम्र लगभग 29 वर्ष को चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। जो बाल चिकित्सालय से चुराई गयी थी। पूछताछ पर उपरोक्त दोनो व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि हम दोनों नें रॉबर्ट्सगंज व उसके आस-पास के क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चुराते हैं, चुराने के बाद चेचिस नंबर मिटा देते हैं व नंबर प्लेट निकाल देते हैं। तथा कम पैसों में बेच देते हैं। जिनमें भिन्न-भिन्न स्थानो से चुराई गयी 08 मोटरसाइकिलों को हम दोनों नें धर्मशाला व घोरावल रोड पर बकरारा पुलिया के पास बनें मकान में रखा है। उपरोक्त दोनो व्यक्तियों के निशानदेही पर बकरारा पुलिया के पास बने मकान से चोरी की गयी 08 मोटरसाइकिल बरामद की जिनके इंजन नंबर नम्बर प्लेट खुरचे हुए थे तथा कुछ में नम्बर प्लेट नहीं थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे रॉबर्ट्सगंज प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पाण्डेय, प्रभारी सर्विलांस सेल, अमित सिंह, एसओजी प्रभारी, देवेन्द्र प्रताप सिंह उनि मु. ऐश खां शाहिद यादव, हे.का. छेदी सिंह, जगदीश मौर्या, अतुल सिंह, अमर सिंह, शशिप्रताप सिंह का. अजीत यादव, प्रेम प्रकाश, राघवेन्द्र सिंह, शिवशंकर, रितेश पटेल, प्रेम प्रकाश चौरसिया, सतीश कुमार सिंह सौरभ राय, अमित सिंह, प्रकाश सिंह सामिल रहें।

## कार्य में लापरवाही पर एसडीएम ने दो बीएलओ को जारी किया नोटिस

**सकलडीहा/चन्दौली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से लिंक किया जाना है। पिछले कई दिनों से अभियान चलाकर बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। टोटल तीन लाख 33 हजार 379 के सापेक्ष एक लाख 25 हजार 547 लिंक किया जा चुका है। बुधवार को समीक्षा के दौरान दो बीएलओ द्वारा लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी गयी है। इस दौरान कई बीएलओ मौजूद रहे। आगामी दिनों होने वाले लोक सभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में सकलडीहा विधान सभा में कुल टोटल तीन लाख 33 हजार 379 के सापेक्ष एक लाख 25 हजार 547 लिंक किया जा चुका है। शेष लिंक किया जाना है। इस कार्य में बूथ संख्या 342 और 360 के बीएलओ (रोजगार) द्वारा लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई हेतु नोटिस जारी किया गया है।

# बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफने वाराणसी में अपने सेंटर लांच के साथ किया विस्तार

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**सीके** बिरला हेल्थकेयर ने गुरूवार को सिगरा, वाराणसी के अरिहंत सेंट्रल में अपने अत्याधुनिक फर्टिलिटी सेंटर, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ (बीएफआई) का शुभारंभ किया है। ये सेंटर वाराणसी में नि:संतानता से जूझ रहे दंपत्तियों को विश्वस्तरीय उपचार, किफायती और पारदर्शी मूल्य और सुविधाजनक एवं अद्वितीय सेवा अनुभव प्रदान करेगा। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ वाराणसी के उदघाटन कार्यक्रम में डॉ. (प्रो.) अनुराधा खन्ना, प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश ऑब्सटीट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसायटी भी मौजूद थीं। वाराणसी में बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफका ये सेंटर उत्तर प्रदेश में दूसरा और देश में 9वां सेंटर है। बिरला फर्टिलिटी एवं आईवीएफइस समय भारत की सबसे तेज़ी से बढ़ रही आईवीएफ और फर्टिलिटी ब्रांड्स में से एक है। बीएफआई अपने सर्वश्रेष्ठ प्रेगनेंसी दर, 95 प्रतिशत मरीज संतुष्टि दर और किफायती पैकेजेस के लिए मशहूर है।बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, वाराणसी में कंसल्टेन्ट डॉ. दीपिका मिश्रा ने कहा, वाराणसी में हमारे नये सेंटर का शुभारंभ अच्छी गुणवत्ता की देखभाल को स्थानीय रूप से सुलभ बनाकर दंपत्तियों के लिये नई संभावनायें लेकर आया हैं। हमारे अत्याधुनिक उपकरणों और आधुनिक सुविधाओं के साथ, यह क्लिनिक आईवीएफ एवं इन्फर्टिलिटी के इलाज के लिए समस्त समाधान एक ही स्थान पर प्रदान करेगा और यहां पर न केवल लखनऊ के मरीज, बल्कि यूपी, बिहार, नेपाल, और अरब क्षेत्र के मरीज आकर इलाज करा पाएंगे। नए सेंटर के लॉन्च पर सीके बिरला हेल्थकेयर के सीईओ अक्षत सेठ ने कहा, भारत में 2.8 करोड़ दंपत्ति प्रजानन संबंधी समस्याओं का सामना करते हैं लेकिन 1: से भी कम दंपत्ति चिकित्सा की मदद लेते हैं, जिसका मुख्य कारण है जागरूकता की कमी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जल संरक्षण के लिए जागरूक किया

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिन से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जल संरक्षण जल ही जीवन हैं (कैच द रैन) कार्यक्रम के निमित्त भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने आज प्राचीन लोहंदी स्थित काशी भोला पोखरा की साफसफाई छिवलहा महादेव मंदिर पर वृक्षारोपण, बथुआ, जंगी रोड, शबरी, संगमोहाल, स्टेशन रोड आदि आदि स्थानों पर घर घर जल संरक्षण पर पत्रक वितरित कर लोगों को जागरूक किया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम कुमार विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की देश के कर्मवीर प्रधानमंत्री ने अपना पूरा जीवन देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए लगा रहे हैं मोदी-योगी सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गो को मिल रहा हैं। पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि आज के समय में जल संरक्षण अति आवश्यक जल है तो कल हैए जल की बचत की आदत घरेलू दिनचर्या के काम में डालनी होगी तभी अपनी आने वाली जनरेशन को पानी दे पाएंगे। श्री विश्वकर्मा ने कहा की जनसंख्या वृद्धि शहरीकरण तथा औद्योगीकरण के कारण प्रति व्यक्ति के लिए उपलब्ध पेयजल की मात्रा लगातार कम हो रही है, जिससे उपलब्ध जल संसाधनों पर दबाव बढ़ता जा रहा है, जहां एक और पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। वहीं दूसरी और प्रदूषण और मिलावट के कारण उपयोग किए जाने वाले जल संसाधनों की गुणवत्ता तेजी से घट रही है।

# सीडीओ ने स्वस्थ बालक बालिका कार्यक्रम का किया अवलोकन

● गोदभराई, अन्नप्राशन के साथ ही अभिभावकों को किया गया सम्मानित



**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने गुरुवार को विकास खण्ड म्योरपुर के ब्लाक प्रमुख मान सिंह के साथ बाल विकास परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र म्योरपुर का भ्रमण किया। इस दौरान केन्द्र पर गर्भवती संतरा देवी, मधु देवी की गोदभारई और छह माह पूर्ण होने पर अभावी व सानवी का अन्नप्रासन संस्कार कार्यक्रम देखा। इस मौके पर स्वस्थ बालक बालिका प्रतिस्पर्धा के तहत श्रेयांस,परी,मोना,बलराज और आकाश के अभिभावक भी पुरस्कृत हुए। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने केंद्र पर ग्रामीणों से पोषण सामग्री पर विस्तार से बात की। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार ने लाभार्थियों को अनूपुरक पोषाहार के उपयोग के बारे में समझाया। ब्लाक प्रमुख सिह द्वारा पोषण माह मे होने वाले गतिविधि के दौरान अधिक से अधिक जन जागरूकता लाने हेतु लोगो को प्रेरित किया जिससे कुपोषण मुक्त समाज बनाया जा सके। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी म्योरपुर हृदय नारायण, पिरामल फाउंडेसन से जिला प्रतिनिधि वीरेंद्र पाण्डेय, यूपी पीएसयू से जिला प्रतिनिधि कुशल त्रिपाठी द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को खान पान के बारे मे विस्तार से सलाह दिया गया। कार्यक्रम मे खंड विकास विकास अधिकारी नीरज त्रिपाठी, यस्वी पाण्डेय, सर्वप्रिया पाण्डेय शक्ति सिंह, संगीता वर्मा सरोज देवी सावित्री यादव समेत सभी कार्यकर्ती उपस्थित रही।

# आठ वर्षीय बच्चे की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, जांच में जुटी स्वास्थ्य विभाग की टीम



**डाला/सोनभद्र।** कोटा ग्राम पंचायत के पतगडी व जवारीडाड़ टोला में तीन दिन पूर्व चौबीस घंटे के भीतर चार लोगों की मौत के मामले में गुरुवार की दोपहर जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम गावों मे पहुच कर जांच पड़ताल मे जुट गई। जांच के दौरान केवल आठ वर्षीय बच्चे की मौत का कारण स्पष्ट नही हो पा रहा है जबकि तीन बृद्धों की मौत समान्य मौत बताई जा रही है। मामले की जानकारी होते ही बुधवार की देर रात्रि चोपन अधीक्षक सुभाष चंद्रा ने जांच पड़ताल किया। और गावों वालों को बरसात के दौरान गरम पानी पीने की सलाह देते रहे। गुरुवार को डिप्टी सीएमओ शैलेन्द्र सिंह ग्राम पंचायत के दोनो टोलों प्रत्येक मृतक परिवारों के घर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। जांच पड़ताल के दौरान कोटा ग्राम पंचायत के पथगडी मे 8 वर्षीय लल्लु सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह पथगडी उत्तरी टोला को रविवार से बुखार आ रहा था जिसका अचानक सोमवार की देर सायंकाल मौत हो गई। एक दिन थे बुखार मे मौत का कारण स्पष्ट नही हो पा रहा है। जिसको लेकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जवारीडाड़ टोला की लगभग 85 वर्षीय बसमतीया की एक साल से तबीयत खराब थी जिसके कारण सोमवार की दोपहर मौत हो गई। 62 वर्षीय रामनरेश ऊर्फरामदेव पुत्र कलेन्दर निवासी पथगडी दक्षिण टोला सामन्य खाना खाकर सोया जो सोया रह गया व 70 वर्षीय रामनाथ पुत्र नन्दराम पथगडी टोला पश्चिम सोमवार की रात्रि भोजन के बाद घूम फीर कर बिस्तर पर सोने गए जो मंगलवार की सुबह नही उठे। कोटा ग्राम पंचायत अन्तर्गत जवारीडाड़ व पतगडी में स्वास्थ्य महकमे के दौरों से गावों के लोग डर गए हैं।

# परिवर्तन से ही सामंजस्य ही कुशल प्रबंधन के गुण

● एसएमएस वाराणसी में आयोजित तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**स्कूल** ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, वाराणसी में संचालिज एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रम के संयुक्त ओरिएंटेशन कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि नेटवेस्ट समूह के उपाध्यक्ष अमित सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए स्टीफन कोवे की ' सेवन हैबिट्स ऑफ हाइडी इफेक्टिव पीपल' को संदर्भित करते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाने वाली को सात आदतों को अपनाया जाना बेहद जरूरी है जिनमें सक्रिय रहना, किसी कार्य के अंत को सोचकर आरंभ करना, प्राथमिकता तय करना, विन-विन दृष्टिकोण अपनाना, समझ विकसित करना तथा सदैव सीखने को तत्पर रहना शामिल है। प्रबंधन की बारीकियां, खास तौर से परिवर्तनों में निहित प्रबंधन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर तमाम बदलाव हो रहे हैं और इन बदलावों से सामंजस्य बैठाना ही सफलता का मूल मंत्र है। नवप्रवेशी विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए अंमित सिंह ने बताया कि प्रक्रियाओं या प्रौद्योगिकियों के परिवर्तन से निपटने के लिए अनुकूल बनाने में मदद करने के लिए योजना न केवल विकास बल्कि इसे लागू करने के लिए नवाचारों का प्रयोग करना भी जरूरी है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए एसएमएस के निदेशक प्रोफेसर पी0 एन0 झा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर संस्थान पूर्ण रूप से समर्पित है। उन्होंने बताया ि कइस दिशा में संस्थान ने विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए आवश्यक कदम भी उठाने शुरू कर दिए हैं। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि संजय रामदास काम्बेकर, महाप्रबंधक(मानव संसाधन) , प्रिज्म जॉनसन ने विद्यार्थियों को धैर्य, जोश और उद्देश्यपरकता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि इन्हीं गुणों को आत्सात कर पेशेवर बना सकता है ।बतौर मुख्य अतिथि नेशनल कमोडिटीज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख बाद हनीफ ने कहा कि बहु-विषयक दृष्टिकोण को अपनाकर ही सफलता हासिल किया जा सकता है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए हनीफ ने कहा कि समय प्रबंधन और परिवर्तन से तादात्म्यता ही भविष्य के मार्ग को प्रशस्त करेगा। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि अश्वनी कुमार, प्रबंध निदेशक, उत्कर्ष को-इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नैतिक सफलता का महत्व बताया। उद्घाटन सत्र में प्रस्तावना प्रो0 अविनाश चन्द्र सुपकर ने अवगत कराया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ0 पल्लवी पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापित कुलसचिव डॉ0 संजय गुप्ता ने किया।

# मास्क व दो गज की दूरी का पालन हो मेला क्षेत्र में

● नवरात्र में मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन को बड़ी संख्या में पहुंचते है लोग

● स्वास्थ्य विभाग ने भी डाक्टरों समेत कर्मचारियों को किया तैनात

**मिर्जापुर।** नवरात्रि के पहले ही प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए आने वाले लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। मेला क्षेत्र में मास्क और दो गज की दूरी के प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। कोविड को ध्यान में रखते हुए परिसर में एक.एक मीटर की दूरी पर चिन्ह बनाए जाएंगे।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि नवरात्रि मेला को देखते हुए विभाग ने तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नौ दिन के हिसाब से 52 डॉक्टरों समेत 82 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। साथ ही तीन एम्बुलेन्स लगाई गई हैं। मेले में 200 मीटर की दूरी पर स्वास्थ्य विभाग का स्टाल भी लगेगा।

### वर्षों से लग रहा मेला

नवरात्र का मेला पिछले 39 वर्षो से हो रहा है। सन् 1982 में विन्ध्य विकास परिषद का गठन जिला प्रशासन ने किया था । कमेटी के बन जाने के बाद नवरात्र मेला की शुरूआत हुई। मेले का आयोजन प्रति वर्ष नवरात्र आने पर प्रशासन द्वारा विन्ध्य परिक्षेत्र को पण्डा समाज से नौ दिनों तक मुक्त रखते हैं । क्षेत्र की सारी व्यवस्था जिला प्रशासन अपने स्तर से करता है द्य कोरोना से पहले अधिकारी व कर्मचारी सरलता से मेला को नौ दिनों तक करा लेते थे परन्तु इस बार कोरोना को ध्यान में रखते हुए नवरात्र मेला का आयोजन किया जा रहा है।तिलई ग्राम निवासी विजय चन्द शुक्ल का कहना है कि इस बार के नवरात्र मेला में कोरोना जैसी महामारी को देखते हुए कोरोना से सावधानियों पर ध्यान दिया जा रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय

कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सामान्य नागरिकों समेत दर्शनार्थियों को जागरूक करने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में चार स्थानों पर कैम्प स्थापित किया है जिसमें चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी लगातार दिन रात कार्य कर रहे हैं । इसके अतिरिक्त 102 नम्बर की दो एम्बुलेन्स व 108 नं0 की तीन एम्बुलेन्स को भी लगाया गया है। विन्ध्याचल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी बीमार व पीड़ित दर्शनार्थीयों की सेवा में लगाये गये हैं, जिससे लोगों को स्वास्थ्य व चिकित्सा सम्बन्धी कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### पालिका निभा रहा भूमिका

**नगरपालिका** परिषद के चेयरमैन मनोज जयसवाल के अनुसार इस बार नगर पालिका की ओर से श्रद्धालुओं को विशेष सावधानियां बरतने का लगातार परामर्श दिया जा रहा है। विन्ध्य क्षेत्र स्थित होटलए अतिगृहए धर्मशाला एवं पुरोहितों के आवासों पर निर्धारित क्षमता से कम ही श्रद्धालुओं को ठहरने की व्यवस्था दी जा रही हैए जिससे सोशल डिस्टेसिंग का पालन हो सके। नगरपालिका ने विन्ध्य क्षेत्रों की गलियों एवं सड़कों पर चारों तरफ पर्याप्त मात्रा में सेनेटाइजरए मास्क व पेयजल की व्यवस्था की है। गंगा नदी घाटों पर दर्शनार्थियों के स्नान के लिए भी सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराया जा रहा है।

# त्यौहार से पूर्व समस्याओं को दुरुस्त करने के निर्देश

● शांति समिति की बैठक में धर्म गुरुओं ने गिनायी समस्याएं

● त्योहारों को मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनायः डीएम



संवाददाता। मऊ

**कलक्ट्रेट** सभागार में जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों दुर्गापूजा एवं विजयदशमी के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान विभिन्न धर्मो के धर्मगुरुओं ने त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में अपने विचार रखे। कुछ सदस्यों द्वारा बिजली के जर्जर खंभों एवं नीचे लटक रहे बिजली के तारोंए त्योहारों के प्रमुख दिनों में रूट डायवर्जनए टूटी नालियां एवं सड़कों को ठीक कराने की मांग की गई। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने शांति समिति के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं कोए सभी संबंधित अधिकारियों को त्योहारों से पूर्व ही ठीक कराने के निर्देश दिए। साथ ही समस्याओं के समाधान में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी।

उन्होंने बैठक के दौरान मूर्ति विसर्जन के दौरान कोई अव्यवस्था ना हो इसकी भी व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने इस त्यौहार को शुचिता पूर्ण ढंग से मनाने को कहाए जिससे त्योहारों की पवित्रता बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सभी समुदायों का त्यौहार मनाया जाता है। अतरू सभी लोग आपस में सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाए। सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करे। जिलाधिकारी ने सभी समुदाय के लोगों को अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने एवं जहां कहीं भी किसी दुर्घटना की आशंका होए तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी पूजा समितियों से मूर्ति विसर्जन के दौरान मादक पदार्थों के सेवन करने वालों को दूर रखने को कहाए जिससे मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी भी अनहोनी घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी लोग कानून की नजर में बराबर हैं।कोई अव्यवस्था होने पर संबंधित के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने सभी समितियों को शासन के निर्देश के अनुसार ही त्यौहार मनाने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहारों की बधाई देते हुए कहा कि त्योहारों को शांति पूर्वक एवं प्रेम भाव के साथ मनाएं। मूर्ति विसर्जन के दौरान भक्ति भाव वाले गाने ही डीजे पर बजाएं। त्योहारों में पूर्व से चली आ रही गैर जरूरी परंपराओं में धीरे धीरे सुधार के प्रयास करे। त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल हमें सूचित करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाले अफवाहों से बचे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो भी व्यक्ति नियम का उल्लंघन करेगाए उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव आपके साथ है आप सभी लोग मिल जुलकर त्यौहार मनाए।

बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने भी शांति समिति की बैठक में अपने विचार रखे। बैठक में सभी लोगों ने निर्धारित समय सीमा का पालन करनेए अफवाहों से बचने एवं प्रेम पूर्वक त्यौहार को मनाने को कहा। इस दौरान अपर जिला अधिकारी भानु प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट डीपी सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं एसएचओ सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## संतों व पुजारियों ने अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग

**मऊ।** नगर के सभी प्रमुख मंदिरों के पुजारी एवं संतों की बैठक दक्षिण टोला मुहल्ले में आयोजित किया गया। बैठक का आयोजन शीतला माता मंदिर के मुख्य पुजारी दीपक महाराज की देखरेख में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में तारकेश्वर शाही प्रांत प्रमुख धर्म जागरण समन्वय गोरक्ष प्रांत रहे। बैठक में प्रमुख रूप से मऊ नगर के आस पास के क्षेत्रों में आगामी दुर्गा पूजाए दशहरा आदि पर्वो को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही साथ जिला प्रशासन से कुछ अराजक तत्वों द्वारा हिन्दू धर्म के खिलाफ की जा रही गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए सख्त कार्रवाई की मांग किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए तारकेश्वर महाराज ने कहा कि हिन्दू धर्म के खिलाफ अराजक तत्वों की गतिविधि को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके प्रति समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। बैठक में दीपक उपाध्याय, दयानंद उपाध्याय, रमेश चंद्र पाण्डेय, राकेश पांडेय, दिनेश सिंह, रामजी उपाध्याय, डॉ. शर्वेश पांडेय, अभिषेक राय, समीर राय, आनंद, मोनू मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### उद्योगपति कट्टी करेंगे एचकेजी में हिस्सेदारी

**वाराणसी** बेलगाम स्थित चीनी उद्योगपति लावा रमेश कट्टी प्रतिष्ठित कट्टी परिवार से संबंधित हैं, वह ओपन ऑफर के माध्यम से एचकेजी लिमिटेड के इक्विटी शेयर प्राप्त कर रहे हैं जिसके बाद कट्टी एचकेजी लिमिटेड का नियंत्रण संभालेंगे। ये ओपन ऑफर 23 सितंबर 2022 को खुलकर 7 अक्टूबर 2022 को बंद होगा। हाल ही में श्री लावा रमेश कट्टी को 9 सितंबर 2022 से प्रभावी कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। कुछ समय पहले कंपनी ने श्री शिवसागर शुगर एंड एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड की ओर आयोजित नीलामी में चीनी मिल को.जेन प्लांट इथेनॉल प्लांट ऑफिस बिल्डिंग गोदाम और गेस्ट हाउस के अधिग्रहण में सफलतापूर्वक भाग लिया था।

# पुतिन की धमकी

## यूक्रेन में पराजय का असर

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की आंशिक सैनिक लामबंदी व नाभिकीय युद्ध की अंतर्निहित धमकी को बड़बोलापन या भ्रामक स्थिति समझना गलत होगा। यह सच है कि रूस उन पांच नाभिकीय शक्ति संपन्न देशों में शामिल था जिन्होंने 3 जनवरी को एक संयुक्त बयान में कहा था, 'हम पुष्टि करते हैं कि कोई नाभिकीय युद्ध कभी जीता नहीं जा सकता है और यह कभी लड़ा नहीं जाना चाहिए।' इस बयान में शामिल अन्य चार देश अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन थे। लेकिन पूर्व केजीबी अधिकारी पुतिन को अब भी सोवियत संघ के विघटन का दु:ख है और वे ऐसे नेताओं में नहीं हैं जो अपने बयानों पर निष्ठापूर्वक डटे रहते हैं। बुधवार को टेलीविजन पर प्रसारित एक भाषण में उन्होंने घोषणा की कि आंशिक सैनिक लामबंदी में वे रिजर्व के लोग शामिल हैं जो सशस्त्र बलों में सेवा कर चुके हैं तथा उनकी प्रासांगिक सैनिक विशेषज्ञता है व उनको संबंधित अनुभव प्राप्त है। इस निर्णय का कारण यूक्रेन में सैनिक रूप से लगे धक्के हैं। जब उन्होंने फरवरी के अंतिम सप्ताह में पूर्वी यूरोपीय देश यूक्रेन पर हमला किया था तब उनको व अन्य बहुत से लोगों को उम्मीद थी कि रूस की विजय पहले से निश्चित है। आखिरकार रूस को एक वैश्विक महाशक्ति माना जाता है जिसके पास शक्तिशाली नाभिकीय शस्त्रागार समेत अद्यतन आयुध प्रणालियां हैं। लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की तथा उनके वीर व प्रतिबद्ध सैनिक इस धारणा से सहमत नहीं थे। पश्चिमी व मुख्यत: अमेरिकी हथियारों की सहायता से उन्होंने असाधारण साहस व वीरता के साथ हमले का मुकाबला किया। इस कारण जिसे रूसी बलों के लिए बहुत आसान माना जाता था वह विभीषिका में बदल गया।



यूक्रेन के हाथों अपमान झेलने व हाशिए पर धकेले जाने के बाद पुतिन ने चेतावनी दी कि रूस के पास 'पश्चिमी धमकियों' का 'जवाब देने के लिए काफी हथियार' हैं। उन्होंने कहा, 'यदि हमारे देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डाला गया तो हम सभी उपलब्ध संसाधनों से अपनी जनता की रक्षा करेंगे, यह कोरी धमकी नहीं है।' लेकिन कोई भी उस देश की क्षेत्रीय अखंडता को संकट में नहीं डाल रहा है, बल्कि इसके एकदम उलट रूस ही यूक्रेन की अखंडता में हस्तक्षेप कर रहा था। पहले उसने यूक्रेन के क्षेत्र पर कब्जा किया और अब वह ऐसे बहानों से यूक्रेन पर कब्जा कर लेना चाहता है जो हास्यास्पद कहे जा सकते हैं। उदाहरण के लिए पुतिन ने दावा किया था कि उनका उद्देश्य यूक्रेन का 'वि-सैन्यीकरण व वि-नाजीकरण' है। लेकिन जेलेन्स्की एक यहूदी हैं। हो सकता है कि पुतिन यह कहते समय सच बोल रहे हों कि वे केवल कोरी धमकी नहीं दे रहे हैं क्योंकि कोई स्वेच्छाचारी शासक घिर जाने पर कुछ भी कर सकता है। समस्या के केन्द्र में यह तथ्य है कि पश्चिम शीतयुद्ध समाप्त होने के बाद हिंसक राष्ट्रवाद के प्रसार को पहचान नहीं सका। वास्तव में उत्तर-राष्ट्रवाद की भ्रामक अवधारणा डावोस के पुरुषों व महिलाओं में फैशनेबल हो गई है जिनमें सर्वोच्च वैश्विक नेताओं से लेकर सर्वाधित प्रभावशाली सार्वजनिक बुद्धिजीवी तक शामिल हैं। सबको यह अवधारणा आकर्षक व आरामदेह लगती है। वे इतिहास का एक और तथ्य भी भूल गए कि पिछली शताब्दी में दो विश्वयुद्धों का कारण उग्र राष्ट्रवाद था। अधिकांश लोगों का विश्वास था कि अब राष्ट्रवाद इतिहास बन गया है, लेकिन बाद में इतिहास स्वयं को दुहराने लगा। जब दुनिया शी जिनपिंग की चीनी लफ्फाजी से सामंजस्य बैठा रही थी, पुतिन अपनी आक्रामकता के साथ सामने आ गए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उनको कोई आत्यन्तिक कदम उठाने से हतोत्साहित करना चाहिए।

# दक्षिणपंथियों की संभावित वापसी

आगामी चुनाव के बाद क्या सौ साल बाद इटली में दक्षिणपंथियों की वापसी संभव है? इससे बाकी यूरोप में भी स्थितियां बदल सकती हैं।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



एक महीने में होने वाले आम चुनाव में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'इटली पार्टी' के भाइयों को दूसरों की तुलना में अधिक वोट मिलें। जार्जिया मेलोनी के नेतृत्व में कार्यरत ब्रदर्स दक्षिणपंथी हैं और उनकी छवि फासिस्ट विचारधारा में विश्वास करने वालों की है। ठीक सौ साल पहले बेनिटो मुसोलिनी की फासिस्ट पार्टी सत्ता में आई थी, हालांकि वह घटना पूरी तरह एक संयोग थी। लेकिन मुसोलिनी व अडोल्फ हिटलर का रिकार्ड ऐसा है कि किसी राष्ट्रवादी के सत्ता में आने की संभावना से ही यूरोप में रीढ़ की हड्डी में ठंड दौड़ जाती है। मुसोलिनी व हिटलर के सत्ता में आने से पहले राष्ट्रवाद को एक उचित विचारधारा माना जाता था क्योंकि यह किसी का अपने देश के प्रति प्रेम प्रदर्शित करती है। हालांकि, हिटलर ने कभी किसी संदर्भ में अपनी पार्टी के लिए 'फासिस्ट' शब्द का प्रयोग नहीं किया था, लेकिन इसके बावजूद यह छवि बनी रही। वास्तव में इटली में मुसोलिनी ने अपनी पार्टी को फासिस्ट कहा था। लैटिन भाषा में फासिस्ट शब्द की उत्पत्ति 'फैशियो' से हुई है जिसका अर्थ एक गुच्छा है। इस शब्द का उद्देश्य अराजकता के बजाय 'एकता' का संदेश देने के लिए है। संयोग से द्वितीय विश्वयुद्ध में जघन्य अपराध इटली के बजाय जर्मनी में हुए थे। इसके बावजूद राष्ट्रवाद या दक्षिणपंथ से दूर से भी जुड़ी कोई चीज यूरोपियनों का फासिज्म की याद दिला देती है। यूरोप के उदारवादी हंगरी व पोलैंड की सरकारों को लोकतांत्रिक होने के बावजूद 'कट्टरपंथी' मानते हैं। साम्यवाद व वामपंथ का लगभग 30 साल पहले अंत हो चुका है।

इसके साथ ही दक्षिणपंथियों को भी नापसंद किया जाता है जिससे केवल मध्यमार्गियों के लिए स्थान बचता है।

फासिस्ट विचारधारा क्या थी? यह निश्चित रूप से तानाशाही नहीं थी। 'फेशियो' शब्द का अर्थ एक बंडल या गुच्छा है जिससे एकता का भान होता है। यह आंदोलन प्रथम विश्वयुद्ध के बाद इटली में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी तथा अर्थव्यवस्था के लगभग विध्वंस की प्रतिक्रिया में था। उस समय संभवत: सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियां समाजवादी क्रांति के लिए परिपक्व थीं और फासीवाद को कम्युनिस्ट कब्जे से बचने का राष्ट्रवादी जवाब माना जाता था। मार्क्सवाद को 'वर्ग संघर्ष' का प्रतीक माना जाता था।

पूंजीवाद पर अब भी 'वर्गीय शोषण' का दाग लगा था और इसे लोकप्रियता नहीं मिल पा रही थी। प्रभावी होने के लिए जवाब ऐसा होना चाहिए था जो किसानों, कामगारों तथा उनकी यूनियनों के लिए आकर्षक हो। इसे 'वर्गीय सहयोग' के रूप में देखा गया जिसका प्रतिनिधित्व फासीवाद करता था। मुसोलिनी की कैबिनेट में न्याय मंत्री प्रोफेसर अल्फ्रेडो रोक्को ने 1925 में पेरूगिया में अपने भाषण के दौरान यह नई विचारधारा सामने रखी थी। उनके अनुसार समाज का अस्तित्व व्यक्ति के लिए नहीं है, बल्कि व्यक्ति का अस्तित्व समाज के लिए है। आर्थिक प्रगति में समाज का हित है तथा लोगों के सभी वर्गों को एकजुट होकर उत्पादन को अधिकतम स्तर तक पहुंचाने के प्रयास करने चाहिए। जहां भी संभव हुआ, प्रत्येक उद्योग, व्यापार या पेशे में कामगारों व सेवायोजकों को एकसाथ 'सिंडिकल असोसियेशनों' में संगठित किया गया। जहां ऐसे सिंडीकेट बनाना संभव नहीं था, वहां यूनियनें व कर्मचारियों की असोसियेशनें बनी रहीं, पर उनको गिल्डों के रूप में जोड़ा गया ताकि समन्वय व सद्भावना सुनिश्चित हो सके। यदि सामूहिक सौदेबाजी का संतोषजनक नतीजा नहीं निकलता था तो विवादों को अदालतों को सौंप दिया जाता था जहां विशेषज्ञों की सहायता उपलब्ध थी। फासिस्ट पार्टी ने इसी प्रकार वर्ग सहयोग की अवधारणा विकसित की थी। व्यवहार में अर्थव्यवस्था को पुन: शस्त्रीकरण तथा सार्वजनिक कार्यों के लिए उपयुक्त बनाया गया। बड़ी संख्या में सैनिकों की भर्ती हुई तथा इसी प्रकार कामगार फैक्ट्रियों में हथियार बनाने लगे। इससे बुर्जुआ वर्ग को मुनाफा हुआ जिससे वह सर्वहारा को अच्छी तरह भुगतान कर सकता था। शहरों में समृद्धि के कारण कृषि उत्पादों की मांग भी बढ़ी थी। इससे केवल वे बेरोजगार नौजवान ही बचे थे जिनको सशस्त्र सेनाओं में भर्ती नहीं किया जा सका था। पूरे देश से विदेशी क्षेत्रों में विजय का वादा किया गया था जिससे लूट का माल हासिल होता। फासीवाद या वर्ग सहयोग का एक और उदाहरण स्पेन में जनरल फ्रैंकों का शासन था, हालांकि इसका पैमाना बहुत छोटा था।

भारत में विस्तृत रूप से इटली या स्पैनिश अनुभव की जानकारी नहीं थी। लेकिन बुद्धिजीवी वर्ग में शामिल लोग एडोल्फ हिटलर व उनकी नाजी पार्टी के अत्याचारों से परिचित थे। हिटलर व उनके छ: साथियों ने 1920 में नाजी पार्टी की स्थापना की थी। उस समय जर्मनी की आर्थिक वंचना इटली की तुलना में बहुत अधिक थी। फासीवाद पर कोई भी लेखन प्रथम विश्व युद्ध के उल्लेख के बिना पूरा नहीं हो सकता है। इसके अंत में बोल्शेविक क्रांति के परिणामस्वरूप रूस ने समय से पूर्व आत्मसमर्पण कर दिया था। मास्को पर लेनिन व उनके साथियों के कब्जे के फौरन बाद 'लाल' तथा 'रसियन व्हाइट्स' कहे जाने वाले कम्युनिस्ट-विरोधियों के बीच गृह युद्ध छिड़ गया था। यह बहुत कठोर संघर्ष था। लगभग दो साल बाद 'रसियन व्हाइट्स' पराजित हुए और उनमें से अधिकांश रूस छोड़ कर बाहर भाग गए। उनकी पराजय के बाद यूरोप के पूंजीपति कम्युनिस्टों से घृणा करने लगे तथा भयभीत हो गए। इस परिघटना के साथ ही मुसोलिनी और हिटलर ने अपनी पार्टियां बनाईं और वे बर्लिन, म्यूनिक, रोम व फ्लोरेंस की सड़कों पर कम्युनिस्टों का विरोध करने लगे। उनके बिना पूंजीपति व औद्योगिक वर्ग बिल्कुल असहाय हो जाते। इसी प्रकार बुर्जुआ वर्ग के पैसे के बिना हिटलर व मुसोलिनी इस सीमा तक सफल न हो पाते।

# जारी है चीन-भारत संबंधों में खींचतान

**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



भारत ने पिछले हफ्ते समरकंद शिखर सम्मेलन में विघटन और डी-एस्केलेशन प्रक्रिया को कम करने का एक अच्छा मौका गंवा दिया, जब चीन ने शिखर सम्मेलन से तीन दिन पहले हॉट स्प्रिंग्स से हटने की आश्चर्यजनक रियायत दी थी। हालांकि प्रधान मंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी के साथ सार्वजनिक रूप से नज़रें मिलाने से परहेज किया, लेकिन उन्होंने दो गोलमेज सत्रों में भाग लिया और दो औपचारिक फोटो सेशन में एक साथ उपस्थित थे और एक में, एक दूसरे के बगल में खड़े थे। लेकिन किसी भी नेता ने सार्वजनिक हाथ मिलाने या अलग होने का कोई प्रयास नहीं किया।

पिछले विघटन के 13 महीने बाद और समरकंद शिखर सम्मेलन के साथ पिछले कोर कमांडर की वार्ता के दो महीने बाद चीन ने विघटन का इशारा क्यों किया? संभवत : यह प्रदर्शित करने के लिए कि विघटन पर बातचीत सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। भारत की ओर से कोई व्यवधान नहीं होगा कि सीमा रेखा पर शिखर सम्मेलन में भी कार्डों पर, संकेत अनुपस्थित नहीं थे। मोदी ने पुतिन से कहा- ''आज का युग युद्ध का युग नहीं है'' शी की ओर भी इशारा किया। यह देखते हुए कि 2014 और 2019 के बीच 18 बैठकों के बाद मोदी और शी के बीच घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन एलएसी ब्रश के बाद से कोई नहीं, फोटो सेशन के दौरान मोदी से शी की ओर हाथ बढ़ाने की उम्मीद करना अनुचित नहीं था। (यह वह था जिसने जून 2020 में प्रसिद्ध रूप से कहा था : ''कोई भी अंदर नहीं आया, न ही कोई भारतीय क्षेत्र के अंदर है'', चीनियों की खुशी के लिए) अपने 72 वें जन्मदिन से एक दिन पहले, मोदी को शी से हाथ मिलाते हुए नहीं देखा जा सकता था। चीन से जमीन गंवाने को लेकर विपक्ष उनके लिए ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। लेकिन यह जोखिम लेने लायक होता। कम से कम यथास्थिति तोड़ी जा सकती थी।

दुखद निहत्थे गलवान संघर्ष के बाद से विघटन प्रक्रिया के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है। 1993 और 1996 के सीमा प्रोटोकॉल और उसके बाद 2005, 2006 और 2012 के सीमा रक्षा सहयोग समझौतों का चीन और पीएलए द्वारा उल्लंघन किया गया है। नीति में बदलाव तब शुरू किया गया था जब शी, जो उपाध्यक्ष थे, 2013 में राष्ट्रपति बने थे। सीमा विवाद और 1988 में शुरू किए गए द्विपक्षीय संबंधों के तौर-तरीकों को चुमार, देपसांग और डोकलाम में अशुभ संकेतकों से पहले 2020 में टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया था।



1988 में सुमदोरोंग चू के साथ 2020 के कई घुसपैठों की तुलना करना, जिसे हल करने में नौ साल लगे, स्पष्ट रूप से गलत है। यह एक अलग युग था जब भारत और चीन आर्थिक और सैन्य रूप से सह-बराबर थे। सुमदोरोंग चू में, सैन्य कमांडरों ने पूर्वी लद्दाख के विपरीत वांगडुंग में पीएलए घुसपैठ पर हावी होने वाली ऊंचाइयों पर कब्जा करने के लिए साहसिक पहल की, जहां भारतीय सेना को झपकी लेते हुए पकड़ा गया था। विवाद समाधान के परिणामस्वरूप आपसी खींचतान हुई, जिसके बाद भाजपा के तत्कालीन विपक्षी सांसद जसवंत सिंह ने टिप्पणी की : ''हम अपने क्षेत्र से क्यों हट रहे हैं।''

चीन ने अपनी 1959 की दावा लाइन को देपसांग से डेमचोक तक गंभीर प्रतिकूल परिस्थितियों में प्रख्यापित करने में कामयाबी हासिल की है। भारत की वर्तमान आत्म-प्रवृत्त दुविधा का विश्लेषण करना शिक्षाप्रद है। मध्य और पूर्वी क्षेत्रों के विपरीत, एलएसी पश्चिम की तुलना में मैकमोहन लाइन द्वारा बेहतर परिभाषित और अधिक व्यवस्थित है जहां एलएसी गंभीर रूप से लड़ी जाती है। पूर्व में, हमारी आगे की मुद्रा सुमदोरोंग चू में पीएलए घुसपैठ से शुरू हुई थी जहां रक्षा और पोस्ट मैकमोहन लाइन के करीब हैं।

पश्चिम में, मुख्य रूप से लेह को एलएसी के साथ मानव रहित विशाल क्षेत्रों के साथ बचाव किया गया था और बिखरे हुए आईटीबीपी और सेना चौकियों के साथ कवर किया गया था जहां से आईटीबीपी और सेना ने एलएसी के पीछे एक लाइन तक 65 गश्त बिंदुओं तक गश्त की थी। एलएसी को लेकर चीनियों की अपनी धारणा थी जो कभी सामने नहीं आई। अप्रैल 2020 में, एक आश्चर्यजनक स्वीप में, पीएलए ने आसानी से भारतीय वास्तविक नियंत्रण रेखा में अपनी 1959 की दावा लाइन के अनुरूप पदों पर कब्जा कर लिया। विशाल खुफिया विफलता राजनीतिक और परिचालन चूक से जटिल हो गई थी। 8 सितंबर को हॉट स्प्रिंग्स (पीपी 15) से अलग होने के बाद, जिसे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ''एक समस्या कम'' कहा, एलएसी के भारतीय पक्ष में गश्त के अधिकारों से रहित एक और बफर जोन स्थापित किया गया है। देपसांग में, एलएसी पीएलए के भारतीय हिस्से में 18 किमी ने पांच पेट्रोलिंग पॉइंट और डेमचोक में चार पेट्रोलिंग पॉइंट तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। चुशुल के काउंसलर कोंचोक स्टैनज़िन ने कहा : ''हमारे सैनिक पीपी 15 और पीपी 16 से वापस चले गए हैं, जो हमारे पास 50 साल से था, हमने सर्दियों के चरागाह खो दिए।'' चीनियों ने डेमचोक और दौलत बेग ओल्डी में दो भारतीय आक्रामक लॉन्च पैड को भी प्रभावी ढंग से अवरुद्ध कर दिया है-वस्तुत: क्षेत्र को 1000 वर्ग किमी डीएमजेड में बदल दिया है।

9 मई को, सीओएएस जनरल मनोज पांडे ने कहा : ''हमें अप्रैल 2020 तक यथास्थिति बहाल करनी होगी।'' कूटनीति को शी-मोदी स्तर पर बहाल करना होगा; उनकी 19वीं बैठक नवंबर में बाली जी20 शिखर सम्मेलन में हो सकती है। इस बीच, आगे सलामी स्लाइसिंग को रोकने के लिए लद्दाख में बीओपी स्थापित करने की योजना बनाई जानी चाहिए।

## आप की बात

### श्रद्धांजलि : गजोधर भैया

**जिनके** स्टेज पर आकर खड़े होने पर ही लोग मुस्कराने लगते थे और कार्यक्रम के दौरान तो पूरे समारोह स्थल का हर शख्स ठहाके लगाने लगता था ऐसे हमारे गजोधर भैया राजु श्रीवास्तव असमय महज 58वर्ष की उम्र में हमसे अलविदा हो चले गए ,पिछले 29 वर्षो से अपनी सहज और परफेक्ट कामेडी करते हुए स्टेज पर उस किरदार को जीवंत कर देने का हुनर राजू श्रीवास्तव में मानो जन्मजात रहा है किरदार के हर हावभाव उसकी बोलने की शैली यहां तक की उसकी शारीरिक बनावट और हर लहजे की मिमिक्री करते वक्त सामने बैठे दर्शक राजू श्रीवास्तव को भूलकर उस किरदार की झलक उनमें देखने लगते थे, मैंने भी राजू भाई के कई लाइव स्टेज प्रोग्राम देखें और उनसे दो बार मुलाकात भी की , अपने हर चाहने वालों से वे बहुत ही सहज होकर मिलते थे भोपाल में हमने सहारा मिलन समारोह में उनकी और महान गायक किशोर कुमार के सुपुत्र अमित कुमार की हास्य और संगीत की प्रस्तुति देखकर कार्यक्रम पश्चात उनसे मिले और बधाईयां दी तो उन्होने दोनों कलाकारों ने बड़े स्नेह से हमें गले से लगा कर धन्यवाद दिया वह मुलाकात हमेशा चिरस्मरणीय रहेगी।

– **संजय डागा**, हातोद

### समाचार चैनलों पर बकवास

**सुप्रीम** कोर्ट के माननीय न्यायाधीश महोदय ने टॉक शो और नफरती बोल वाली डिबेट पर तल्ख टिप्पणी की हो, भले ही इसके लिए एंकर की जिम्मेदारी मानी हो, साथ ही सरकार की मूकदर्शक भूमिका पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया हो, मगर लाख टके का सवाल है कि इनके कानों में जूं तक रेंगेगी संदेह हैं। चैनलों पर सब सोची समझी चाल के तहत यह नफरती बकवास चल रही है। ताकि राजनीतिक फायदा पहुंचाया जा सके । यह बात न्यायाधीश महोदय ने भी कहीं है। आज भी संदीप चौधरी, रवीश कुमार जैसे एंकर के कार्यक्रम देखना सुखद अनुभूति है क्योंकि ज्वलंत मुद्दों पर ही यह बातें करते हैं निष्पक्ष व पारदर्शी तरीकों से। नहीं लगता कि इतनी तल्ख टिप्पणी के बाद भी आंखें होने के बाद भी अंधे बने, कानों में शीशा घूलें, जिन्होंने अपने ईमान का सौदा कर दिया व आत्मा को मार दिया हो, वे अब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा संविधान की मूल भावना को आत्मसात कर निष्पक्ष पत्रकारिता के धर्म को अपनाएंगे! यक्ष प्रश्न है और कल भी रहेगा, क्योंकि सियासत व पत्रकारिता दूषित(स्वार्थी) हो चुकी है। अगर एंकरों (उनके मालिकों) का जमीर जागता है, तो यह लोकतंत्र व पत्रकारिता के हित में ही होगा।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** अक्षय खाचरोद, उज्जैन


### संक्रामक बीमारी से सावधान

**कोरोना** महामारी के बाद एक बार फिर देश में बीमारी के नाम पर दहशत है। इस समय पशुओं में लंपी नामक संक्रामक बीमारी का प्रकोप है जो त्वचा रोग होकर मवेशियों मक्खियों और मच्छरों की विशेष प्रजाति से फैलता है। लगभग 2 माह पूर्व शुरू हुई इस बीमारी में अब तक लाखों पशुओं को चपेट में ले लिया है। इससे बड़ी संख्या में पशु धन हानि हुई है। कई राज्यों में इसके प्रकोप से लाखों पशु पीड़ित हैं। इसकी रोकथाम में टीकाकरण के बावजूद इसका पसार तेजी से हो रहा है। पशु मालिकों में दूध के साथ ही जुझारू जानवरों की जान की भी चिंता बनी हुई है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में उसका प्रकोप नजर आया है। संक्रामक होने की वजह से कोरोना की तरह इस से भी सावधान रहने की जरूरत है भले ही यह बीमारी मानव को नुकसान ना पहुंचाएं फिर भी बीमारी के कीटाणु किसी भी तरह फायदेमंद नहीं है। अच्छा यही होगा कि पशु मालिक इससे सावधानी बरतें और लक्षण दिखते ही इसका इलाज करवाएं।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**शहरों** का पुनर्जीवन समय की आवश्यकता है। चुनाव-केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय जन-कल्याण पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**महामहिम** एलिजाबेथ द्वितीय की अपने कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता थी। वे अपना उदाहरण पेश करने में अतुलनीय थीं।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**यदि** हम संपूर्ण सामंजस्य से काम करें तो कोई ऐसी चीज नहीं जिसे प्राप्त न कर सकें।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# सीएम के सलाहकार ने योगी के दौरे, दीपोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की

**संवाददाता।** अयोध्या



**मुख्यमंत्री** के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी एवं प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा मुख्यमंत्री के 28 सितम्बर को अयोध्या भ्रमण तथा दीपोत्सव 2022 के कार्यो की समीक्षा श्रीराम कथा संग्रहालय में की गयी। इस बैठक में मण्डलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। दीपोत्सव 2022 के सम्बंध में जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया तथा 28 सितम्बर 2022 को लोकार्पित होने वाले निर्माणाधीन भारत रत्न लता मंगेशकर चैक ;नयाघाट अयोध्याद्ध के निर्माण आदि कार्यो की जानकारी ली। इसका विवरण जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विशाल सिंह द्वारा विस्तृत रूप से दिया गया। उल्लेखनीय है कि मा0 प्रधानमंत्री के आर्शीवाद से भगवान श्रीराम लला की पूज्य जन्मभूमि में स्वर कोकिला लता मंगेशकर के स्मृति में मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा चैक का निर्माण कराने हेतु विगत भ्रमण के समय निर्देश दिया गया थाए उसी के क्रम में यह कार्य किया जा रहा है। अवस्थी ने इससे सम्बंधित सभी तैयारियां 24 सितम्बर तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करने के निर्देश दिये है तथा यह भी कहा कि दीपोत्सव क्षेत्र राम की पैड़ी आदि में विद्युत तार ढीले है तथा खम्भे आदि जर्जर है उसे बदला जाय तथा पेन्टिंग का कार्य पूर्ण किया जाए तथा वहां स्थित हनुमान जी ने मूर्ति का सौन्दर्यीकरण किया जाए। दीपोत्सव क्षेत्र में जहां भी साइन बोर्ड या पेन्टिंग आदि की आवश्यकता हो उसे तीव्रता से किया जाए और उक्त अवसर पर स्वर कोकिला लता मंगेशकर से सम्बंधित प्रदर्शनीए लघु फिल्म का भी प्रदर्शन होगा इसकी भी तैयारियां संस्कृति एवं पर्यटन के अधिकारी पूरा करें तथा कार्य स्थल पर पर्याप्त संख्या में बैठने हेतु पण्डाल, कुर्सी आदि लगाया जाए।

अगले चरण में श्रीराम कथा संग्रहालय सभागार में दीपोत्सव कार्यक्रम के तैयारियों की एक दर्जन से अधिक अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी, जिसमें सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, सूचना, पर्यटन एवं संस्कृति, डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, उद्यान, विद्युत, विकास प्राधिकरण, नगर निगम, परिवहन आदि विभागों के दीपोत्सव से सम्बंधित मुकेश कुमार मेश्राम कार्यो की विभागीय मानक के अनुसार समन्वय के साथ समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस बार 2 वर्ष कोविड के बाद आयोजन हो रहा है इसलिए बेहतर व्यवस्था के साथ भीड़ कन्ट्रोल पर विशेष निर्देश दिये गये। मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंहए जिलाधिकारी श्री नितीश कुमारए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्माए नगर आयुक्त विशाल सिंह, एडीएम नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, सीएमओ डा. अजय राजा, परियोजना निदेशक आर.पी. सिंह, उपनिदेशक डा. मुरलीधर सिंह के अतिरिक्त अधिशाषी अभियन्ता, मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव, मेले में आयोजित होने वाले इवेन्ट एवं टेन्ट आदि लगाने वाले एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तद्पश्चात अधिकारियों द्वारा सम्बंधित कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया गया। अवनीश कुमार अवस्थी जी का अयोध्या से बड़ा लगाव है तथा मा0 मुख्यमंत्री जी के सलाहकार नियुक्त होने के बाद उनका अयोध्या प्रथम भ्रमण था। सभी अधिकारियों ने श्री अवस्थी जी को बधाई देने के साथ पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया तथा अवस्थी द्वारा अयोध्या के प्रसिद्व मंदिरों का दर्शन किया गया।

# रामलीला और दुर्गा पूजा कार्यक्रम को लेकर समिति ने किया नगर भ्रमण



**अयोध्या।** रामलीला और दुर्गा पूजा के कार्यक्रम आरंभ होने में अब चंद घंटे ही शेष बचे हैं लेकिन जल निगम द्वारा खोदी गई सड़कों का हाल जस का तस बना हुआ है। ज्यादातर जगहों पर सड़कों पर गड्ढे ही नजर आ रहे हैंण् अगले 2 दिन बाद इन्हीं मार्गो से भगवान श्री राम के रथ गुजरेंगे और मां भगवती की प्रतिमा से लदे हुए वाहन भी अपने पंडालों में इन्हीं मार्गो से जाएंगे। केंद्रीय समिति द्वारा बार.बार बताए जाने पर भी सिर्फ कुछ जगहों पर ही व्यवस्थाओं को ठीक किया गया है बाकी जगहो का कोई पुरसाहाल नहीं है।

इसी वजह से जिला प्रशासन के साथ केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति का एक दल आज नाव नेवरिया और रामलीला स्थलों के निरीक्षण के लिए नगर में भ्रमण कर रहा थाण्केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम दिग्विजय सिंह सहित जल निगम और नगर निगम के अधिकारियों को नाव नेवरिया और रामलीला से संबंधित समस्याओं को दिखाते हुए कहा कि अगले 2 दिनों में पर्व प्रारंभ हो जाएगा और अगर इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो कोई भी दुर्घटना घट सकती है। टकसाल रामलीला का मार्ग गड़बड़ होने के साथ ही धारा रोड विश्राम घाट नाव नेवरिया स्थल की भी अत्यंत दुर्दशा है। ग्राम वनगमन का परंपरागत कार्यक्रम नाव नेवरिया स्थलों पर ही होता है विश्राम घाट धारा रोड पर टकसाल रामलीला का, रामलला घाट बहादुरगंज में साहबगंज रामलीला का, देवकाली सरोवर में हैदरगंज रामलीला का और लक्ष्मीसागर लालबाग में फ्तेहगंज की रामलीला का नाव नेवरिया का कार्यक्रम होना है।

# छात्रों ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन



प्रदर्शनी देखते छात्र आदि।

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय सरदार पटेल सेवा संस्थान अलोपीबाग में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सौजन्य से 23 सितम्बर तक चलने वाली प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित प्रदर्शनी का कर्नलगंज इण्टर मीडिएट कालेज के छात्रों सहित अन्य आमजनमानस के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। विद्यालय के अध्यापकों द्वारा छात्रों को प्रदर्शनी के महत्व के बारे में बताया गया। शिक्षकों ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिए यह प्रदर्शनी बहुत ही प्रेरणादायी एवं उपयोगी है। 23 सितम्बर तक चलने वाली प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जनधन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना किसान सम्मान निधि योजना उज्जवला योजना सौभाग्य योजना नि:शुल्क टीकाकरण हर घर नल योजना स्वच्छ भारत सोलर पॉवर पम्प वाटर ग्रिड साबरमती रिवर फ्रंट सरदार सरोवर डैम ग्लोबल विजन जल संरक्षण अमृत सरोवर एक भारत श्रेष्ठ भारत हर घर तिरंगा कार्यक्रम नि:शुल्क टीकाकरण सहित अन्य योजनाओं कार्यक्रमों से सम्बंधित चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। सूचना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के अलावा काफी संख्या में छात्र छात्राएं तथा आमजन उपस्थित रहे।

# जल और जीवन को बचाने के लिए संरक्षण का लें संकल्पः साहू

● नदियों और तालाबों में कूड़ा फेंकने और कब्जा से अस्तित्व संकट में: दिनेश तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



जागरूकता रैली निकालते समाजसेवी।

**स्वच्छ जल बिना** कोई भी इंसान स्वस्थ नहीं रह सकता। आज हर इंसान को स्वच्छ जल की आवश्यकता है। यह बातें राम लोचन साहू ने शहर पश्चिमी विधानसभा के सल्लाहपुर गांव में भाजपा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जल ही जीवन कैच द रेन जन जागरूकता अभियान पर महिला समूहों के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि जल और जीवन को बचाने के लिए जल संरक्षण का संकल्प सभी को लेना होगा। दिनेश तिवारी ने कहा अब गांव में भी स्वच्छ जल नहीं मिल रहा है। हैंडपंप साल दो साल बाद मुरचा और गंदा और कीड़ा युक्त पानी आने से पीने योग्य नहीं रह जाता है कुओं की सफाई न होने से कुआं भी पट गए तथा बड़े लोगों के घर घर बोरिंग होने से गांव में शुद्ध पेयजल का संकट बढ़ता जा रहा है।

नदियों और तालाबों में घरों के कूड़ा कचरा फेंकने व कब्जा से अस्तित्व में भी संकट खड़े हो गए। आबादी बढ़ने पर लोगों ने तालाबों के भीटों में घर बना लिए है। कुछ शरारती लोगों ने कब्जा कर लिया। जल की उपयोगिता पर ध्यान नहीं तो हर इंसान का जीवन मछली की तरह तड़पड़ाने लगेगा। रामजी शुक्ल ने कहा कि आइए जल और जीवन को बचाने के लिए जल का संरक्षण कर तालाब और नदियों को पुन:जीवित करने का संकल्प लें। स्वच्छ जल के माध्यम से जीवन को खुशहाल बनाएं। पानी को आवश्यकता के अनुरूप इस्तेमाल करें अनावश्यक पानी न बहाएं। जल के बिना कोई जीवित नहीं रह सकता है।

जल के बिना कोई काम नहीं होने वाला है। स्वच्छ जल पीने से ही बीमारी नहीं आएगी। हर गांव में पानी की टँकी बनेगी और घर घर शुद्ध जल मिलेगा। मगर हमें बारिश के जल को भी संरक्षित करना होगा।

जो मानव जगत के लिए कल्याणकारी बनेगा। इस अवसर पर गांव में जन जागरूकता रैली निकाल कर गांव वासियों को जागरूक किया। भारी संख्या में महिलाओं ने आगे बढ़ कर जल ही जीवन कैच द रेन जन जागरूकता अभियान में हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधान संजय चौधरी, जगदीश दिवाकर, बीडीसी बलवंत राव, निर्जला पटेल, रानी देवी पटेल, पिंकी देवी, गीता शर्मा, कैनाथ बेगम, कुमारी मालती, विमला सरोज, रुकमणी, नेहा कुशवाहा, आरती कुशवाहा, दिव्या, चंपाकली, मनीषा देवी, उर्मिला, ममता, रामा, नेहा, सुमन, बबली, कमला, किरण, सविता, ललिता, रेखा, नीलू, दिवाकर, दीपमाला, मुस्कान, रचना आदि शामिल है।

## क्विक न्यूज

### जलसंरक्षण और कैच द रेन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जलसंरक्षण एवं कैच द रेन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। विकासखंड मया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि भविष्य में जल की कमी से होने वाली समस्या न हो इसके लिए जलसंरक्षण काफी जरुरी है। हमें जल को बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसके साथ में इसे प्रदूषित करने से बचना चाहिए। उन्होने कहा कि हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में शामिल रहा है। मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव के साथ भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। जलसंरक्षण व कैच द रेन के अभियान में अपना सकारात्मक योगदान देना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। कई जगह यह देखा गया है कि बरसात के जल को संरक्षित करके ग्राम सभा ने इसका उपयोग विभिन्न कार्यो के लिए किया। आयोजक ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि हमें यह संकल्प लेना होगा कि जल संरक्षण व कैच रेन अभियान को लेकर लोगो को जागरुक करेंगे। जब हर व्यक्ति इसके प्रति जागरुक हो जायेगा तो इसका असर हमें दिखाई देगा। इस अवसर पर दान बहादुर सिंहए घनश्याम पाण्डेय, अशोक वर्मा, शत्रुहन मोदनवान, ध्रुव गुप्ता उपस्थित रहे।

### चोरों ने दो घरों में घुसकर लाखों रुपये व जेवरात किया पार

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** टाण्डा कोतवाली क्षेत्र ग्राम पकड़ी भोजपुर में बीती 21/22 की रात में चोरों ने दो घरों में घुस कर लाखों रुपये के जेवरात व नगदी उठा ले गये। पुलिस ने बगल में मकान निर्माण कर रहे कुछ मजदूरों को पूछताछ हेतु अपनी हिरासत में लिया है।ग्राम के मनोज यादव पुत्र सालिक राम यादव के घर में चोरों ने छत के ऊपर से सीढी के रास्ते नीचे आकर दरवाजा तोड़कर सारा जेवर एवं लाखों रुपए नगदी उठा ले गये वहीं पर मनोज यादव के चाचा रामकोमल पुत्र राम अचल यादव के घर मे उसी रात चोरों ने उनके घर में घर के दरवाजे तोड़कर जेवर व पैसे का लगभग 6 लाख रुपये की चोरी कर फरार हो गए सुबह होते ही दोनों घर में कोहराम मच गया। सुबह जब लोग सोकर उठे तो देखा सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर112 पुलिस मौके पर पहुंची और हल्का सिपाही भी पहुंचे थे। मनोज यादव व रामकेवल यादव दोनों लोग टाण्डा कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित तहरीर दिए है। पुलिस मामले की जॉच में जुटी है। टाण्डा कोतवाल अमित सिंह ने बताया कि यह मामला संज्ञान में है इसकी कार्यवाही हो रही है।मामले का खुलासा कर जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### युवक के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** थाना इब्राहिमपुर पुलिस ने बीते 18 सितंबर को अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चँदैनी से सिलाई सीखने गयी तीन बालिकाओं के गायब होने के मामले में शंका के आधार पर एक युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा पंजीकृत किया है। बीते 18 सितंबर को उपरोक्त ग्राम की तीनों बालिकाएं जो तीन घरों की थी जिनकी उम्र क्रमश:20 वर्ष,18 वर्ष व 15 वर्ष है जो एक साथ घर से निकल कर थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र के ग्राम बेलांगर में स्थित ममता सिलाई सेंटर गयी थी जो शाम तक घर नही लौटी तो उनकी तलाश शुरू हुई लेकिन पता नही चला। तीनो बालिकाओं के पिता ने एक युवक जिससे बालिकाओं से बात होती थी जिसका नाम सिब्बू पुत्र अतवारी निवासी ग्राम हजपुरा थाना सम्मनपुर है उसी पर बहला फुसलाकर भगाने की शंका के आधार पर धारा 363,366 आई पी सी के तहत मुकदमा पंजीकृत करा दिया है।

### अशोक सिंहल की जयन्ती पर विहिप दिव्यांगों को बांटेगी उपकरण

**अयोध्या।** डीएम नितीश कुमार ने बताया कि 27 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक कारसेवकपुरम, अयोध्या में अशोक सिंहल फाउन्डेशन द्वारा अशोक सिंहल की जन्म जयन्ती के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद, फाउन्डेशन तथा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायता उपकरण यथा ट्राईसाइकिल, बैसाखी एवं श्रवण यंत्र के साथ ही दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग यथा बनावटी हाथ, बनावटी पैर व कैलीपर्स आदि की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराये जाने हेतु उपकरण सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग हाथ, पैर व कैलीपर्स व अन्य सहायक उपकरण की सुविधा प्राप्त करने हेतु अपना अग्रिम पंजीकरण कक्ष संख्या 8 विकास भवन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, अयोध्या में शिविर आयोजन की तिथि से पूर्व सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक दिव्यांगजनों को अपने साथ अपनी पूर्ण फोटो खड़े होकर आगे तथा पीछे, दिव्यांगता प्रमाण.पत्र व आधार कार्ड के साथ सम्पर्क कर पंजीकरण करायें।

# लोहिया भवन में रोजगार मेला संपन्न



**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में संकल्प योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन लोहिया भवन अंबेडकरनगर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रोजगार मेले का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा रोजगार मेले में चयनित प्रतिभागियों को आफर लेटर प्रदान किया गया। रोजगार मेले में कुल 25 नियोक्ताओं द्वारा 2750 बेरोजगार युवक व युवतियों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें से कुल 1529 प्रतिभागियों को आफर लेटर प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आलापुर, जिला सेवायोजन अधिकारी, एमआईएस प्रबंधक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व एमजीएन फेलो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# प्राचार्य का परिणाम घोषित न होने पर होगा अनशनः डा हरि प्रकाश

● प्रधानाचार्य 2013 का परिणाम घोषित कर चयन बोर्ड के अध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग



चयन बोर्ड के उप सचिव विनय कुमार गिल की ज्ञापन देते प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव

**प्रयागराज।** उप्रमाशि संघ एकजुट के बैनरतले प्रधानाचार्य भर्ती 2013 के परिणाम को घोषित करने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज के एलनगंज स्थित कार्यालय पर आज धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अगुवाई संघ के प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव ने की। सभी ने एक स्वर से प्रदेश सरकार से मांग किया है कि प्रधानाचार्य 2013 का परिणाम शीघ्र घोषित किया जाये। यह भी मांग उठाई कि चयन बोर्ड के गैर जिम्मेदार अध्यक्ष को भी तत्काल पद से बर्खास्त किया जाए। संघ के प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव ने कहा कि प्रधानाचार्य का परिणाम घोषित न करना शिक्षकों के साथ ही शिक्षा और छात्रों के साथ अन्याय है। अगर चयन बोर्ड का यही रवैया रहा तो संगठन आरपार की लड़ाई के लिए मजबूर होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा ने कहा कि यदि 02 अक्टूबर तक परिणाम घोषित नही किया जाता तो तीन अक्टूबर से संगठन चयन बोर्ड दफ्तर पर आमरण अनशन करने को मजबूर होगा। जिलाध्यक्ष मो जावेद ने कहा कि निश्चित तौर पर न्यायालय के निर्देश के बाद भी परिणाम न जारी करना बोर्ड की मनमाना कार्यशैली को दर्शाता है। सभी ने एक मत से चयन बोर्ड के अध्यक्ष को बर्खास्त कर उनके कार्यकाल के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

संघ के पदाधिकारियों ने बोर्ड के उप सचिव विनय कुमार गिल को ज्ञापन देकर जल्द परिणाम जारी करने की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पासी जिला मंत्री देवराज सिंह आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह हरिशंकर जगत बहादुर सिंह मदन गोपाल मिश्र प्रदेश मंत्री तीर्थराज पटेल जिलाध्यक्ष मोहम्मद जावेद डॉ विनोद कुमार सिंह डॉ अभिषेक मिश्र डॉ लाल जी यादव रामचंद्र यादव डॉ गार्गी श्रीवास्तव प्रदेश मीडिया प्रभारी सुधाकर ज्ञानार्थी सुनील तिवारी मनोज कुमार डॉ राघवेंद्र चंदेल राकेश तिवारी योगेश तिवारी सुधीर गुप्ता अनिल भारती लालमणि यादव हेमा त्रिपाठी कुलदीप कुमार विनोद सहगल हरिशंकर राघवेंद्र शुक्ल धर्मेंद्र कुमार यादव के पी वर्मा चंद्रशेखर सिंह डॉ ओम प्रकाश सिंह डॉ श्याम सिंह यादव लक्ष्मी नारायण सिंह शांति प्रसाद विश्वकर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा ने ब्लाकों में जल जीवन मिशन गोष्ठी का किया आयोजन

**अम्बेडकरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही भाजपा की सरकार देश हित और समाज की चिंता हमेशा से करती रही है। मोदी ने भारत की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए आने वाले समय में पेय जल की समस्या को ध्यान में रखकर पीने के पानी की कमी नहीं हो इसके लिए शहरों से लेकर गांवों तक अमृत सरोवर निर्माण कार्य करवा रही है। क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंबक तिवारी ने विकास खंड बसखारी में जल जीवन गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। वृहद स्वच्छता और जल संरक्षण अभियान चला कर देश के साथ साथ समाज के भी कल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। भाजपा सबके कल्याण की योजना के साथ ही देश को समृद्धशाली बनाने के अभियान में तेजी से आगे बढ़ रही है। जन सामान्य से जल संरक्षण अभियान में सहभागिता निभाने का आवाहन किया। ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह ने भी शामिल रहे।

विकास खण्ड अकबरपुर में आयोजित जल ही जीवन पर आधारित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पिछड़ा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष शिव नायक वर्मा ने व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि पहले 24 लाख तालाब हुआ करता था। आज तालाबों की संख्या घट कर 5 लाख रहा गई है। तालाबों की घटती संख्या के कारण देश की बढ़ती 135 करोड़ जन संख्या के सामने पानी की समस्या आ सकती है। पानी की समस्या देश वासियों को न हो इसी लिए भाजपा सरकार सरोवरों की निर्माण और जल संरक्षण की कार्यक्रम को चलाया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि जल संरक्षण के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार की महत्व पूर्ण योजना पानी बचाएं हरियाली बढ़ाएं, खुशहाली लाएं की अभियान को आगे बढ़ाने और जल संरक्षण एवं संचय हेतु आगे बढ़कर जागरूकता अभियान चलाने का आवाहन किया। डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा जनपद की सभी 9 विकास खण्डों में जल ही जीवन अभियान अंतर्गत संपर्क और गोष्ठी कर रही।उन्होंने कहा कि यदि हम कुओं, तालाब और पोखरों में योजना बना कर जल संचय नहीं किया तो हमारी आने वाली संतानों को पीने का पानी नहीं मिल पायेगा और न ही हम खेतों में अपनी फसल उगा सकेंगे।गोष्ठी का संचालन जल ही जीवन अभियान के कोर्डिनेटर राजीव तिवारी ने किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, डाक्टर संतोष सिंह,कमलेश मौर्य, मनोज मौर्य, मंडल अध्यक्ष रवि सिंह चौहान, गौरव श्रीवास्तव, सदा राम वर्मा, राजकुमार सेठ, मण्डल मीडिया प्रभारी उमा शंकर सिंह, अमित सिंह, क्षत्र पाल यादव, सचिन आजाद पाण्डेय, दीपक निषाद, हरि ओम तिवारी, अजय श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, प्रेम चंद गुप्ता, हितेंद्र सिंह, प्रिंस पाठक शामिल रहे।

# उमरे में 102 कर्मचारी हुए पुरस्कृत



रेल कर्मचारियों को सम्मानित करते रेल अधिकारी।

**प्रयागराज।** प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पुरस्कार समारोह 2021 22 का आयोजन बुधवार को अरावली सभागार उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मुख्यालय में किया गया। इस अवसर पर शशि कांत सिंह प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा मुख्यालय एवं मंडलों के चयनित उत्कृष्ट कार्य करने वाले 102 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए वित्त वर्ष 2020 21 की तुलना में 2021 22 में अधिक आय अर्जन और यात्री सेवा की दिशा में निरंतर किए गये अथक प्रयासो की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्यालय सभागार में अनु त्रिपाठी मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एफ एम जितेन्द्र कुमार उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एफएम हिमांशु शुक्ला उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक दावा विपिन कुमार सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज नवीन दीक्षित वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक झाँसी एवं वीरेंद्र सिंह सहायक वाणिज्य प्रबंधक आगरा उपस्थित रहे। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीकृष्ण शुक्ला मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ने किया।

# 28 व 29 सितम्बर को राजकीय हवाई पट्टी पर मनाया जायेगा अम्बेडकरनगर महोत्सव



**अम्बेडकरनगर।** डीएम सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद अंबेडकरनगर स्थापना दिवस मनाए जाने के संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अंबेडकरनगर महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम 28 सितंबर तथा 29 सितंबर 2022 को किया जाना प्रस्तावित है। अंबेडकरनगर स्थापना दिवस/ महोत्सव – 2022 के अंतर्गत 28 सितंबर 2022 को प्रात: 7 बजे से प्रात: 9 बजे तक मैराथन 10 किमी एकलव्य स्टेडियम से टांडा रोड हवाई पट्टी तक, 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्कूली बच्चों द्वारा गीत, डांस, वन एक्ट प्ले ,करतल, विज्ञान प्रदर्शनी लोहिया भवन, 1 बजे से शाम 4 बजे तक संस्कृति विभाग के स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण हवाई पट्टी, 4 से सायं 6 बजे तक पीएसी बैंड, बच्चों का कार्यक्रम, लेजर शो हवाई पट्टी,सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक स्वराज बैंड द्वारा प्रस्तुति हवाई पट्टी, रात्रि 9 बजे से 11 बजे तक कवि सम्मेलन हवाई पट्टी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 29 सितंबर को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक रंगोली, फ्लावर रंगोली, पेंटिंग, थीम बोर्ड एवं स्पीच कंपटीशन /विज्ञान प्रदर्शनी लोहिया भवन, दोपहर 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक फिल्म का प्रस्तुतीकरण लोहिया भवन,दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक स्टैंडर्ड थिएटर प्रोग्राम, स्थानीय ,प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हवाई पट्टी, शाम 6 बजे से 7 बजे तक राजन श्रीवास्तव (कॉमेडी शो) हवाई पट्टी, शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक मालिनी अवस्थी (लोक गायिका) हवाई पट्टी, रात्रि 9 से 11 बजे रात्रि तक आकांक्षा शर्मा (बॉलीवुड नाइट) द्वारा हवाई पट्टी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अतरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा पत्रकार बंधुओं से स्थापना दिवस मनाये जाने के संबंध में सुझाव भी मांगा गया।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022



कोतवाली ले जाकर घंटों की पूछताछ

# एंटी करप्शन टीम के सवालों में उलझा रहा घूसखोर बाबू!

● टीम ने कृषि विभाग के वरिष्ठ लिपिक को रिश्वत लेते पकड़ा

● खाद-बीज का लाइसेंस बनवाने के नाम पर लाभार्थी से ली थी रिश्वत

● शिकायतकर्ता नीरज अवस्थी ने दोबारा रूपये मांगने पर कर दी थी शिकायत

● शहर कोतवाली इलाके के प्रेमनगर स्थित मोहल्ले में है कृषि विभाग का कार्यालय

संवाददाता। सीतापुर



**योगी सरकार** प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों को भले ही कड़े निर्देश दे रही हो ,लेकिन भ्रष्टाचार की जंग अभी भी सरकारी अमले में बुरी तरह लगी हुई है। सरकारी बाबू घूस लेने का कोई न कोई जुगाड़ बना ही लेते है। सीतापुर के कृषि विभाग में तैनात एक बाबू खाद बीज का लाइसेंस बनवाने के नाम पर घूस लेने में तो कामयाब हो गए, लेकिन उन्हें यह जरा भी अंदाजा नहीं था कि यह शायद उनके गले की फांस बनने वाली है। गुरूवार को सीतापुर के प्रेमनगर स्थित खादबीज भंडार में तैनात वरिष्ठ सहायक दिलीप सिंह को एंटी करप्शन टीम ने जैसे ही 8 हजार रूपये घूस लेते हुए रंगे हाथों पकडा उसके होश फाक्ता हो गए। एंटी करप्शन टीम की यह कार्रवाई शिकायतकर्ता नीरज अवस्थी की शिकायत पर की गई। शिकायतकर्ता नीरज अवस्थी संदना के कन्नपुर गांव के निवासी है, जिन्होंने बताया कि खाद बीज का लाइसेंस बनवाने के लिए बाबू दिलीप सिंह को 5 हजार रूपये दिए थे उसके बाद वह फिर से 8 हजार रूपये की मांग की थी, इसीलिए 17 सितम्बर को वह भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखऊ में शिकायत की उसके बाद यह कार्रवाई हुई है। सीतापुर गुरूवार को पहुंची विजिलेंस की टीम ने शिकायतकर्ता के साथ खाद बीज भंडार पहुंचकर वरिष्ठ सहायक दिलीप सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। विजिलेंस की टीम के साथ कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची थी जहां से बाबू दिलीप सिंह को उठा लायी और कोतवाली में करीब 4 घंटे पूंछताछ व लिखा पढ़ी चलती रही। टीम में लखनऊ इकाई के प्रभारी संजय कुमार सिंह, निरीक्षक राकेश सिंह, नंदकिशोर, राजेश प्रताप सिंह, मुख्य आरक्षी अभिषेक त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विजिलेंस टीम के अधिकारी नरूल उदा खां ने बताया कि आरोपी को 23 सितम्बर को लखनऊ न्यायालय पीसी कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की हुईं बैठक, मंडल के गठन पर हुईं चर्चा

**बछरावां ( रायबरेली )** । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक बुधवार की रात कस्बे के एक विद्यालय में पूर्व शासकीय अधिवक्ता विजय बहादुर एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए व्यापारियों ने कोतवाल जगदीश यादव को सम्मानित किया । बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागर द्वारा पिछली कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई जिस में उपस्थित संरक्षक मंडल व पदाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किया गया पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार संगठन को चलाने के लिए गतिशील तथा संगठन की आय पर चर्चा की गई सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन का संचालन हेतु समस्त पदाधिकारी प्रति माह लेवी के रूप में धन इकट्ठा करेंगे बैठक में युवा व्यापार मंडल के गठन पर भी चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मुजीब अहमद महामंत्री पद के लिए राहुल सोनी एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए अरुण विश्वकर्मा का चयन किया गया ।

## क्विक न्यूज

### ग्रामीणों का प्रदर्शन लाया रंग, गांव की हुई सफाई

**सीतापुर।** कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों का गांव में धरना देकर प्रदर्शन करना रंग लाया। खंड विकास अधिकारी सकरन रामलगन वर्मा को ऑफिस छोड़ कर सांडा गांव तक जाना पड़ा, बीडीओ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गांव की नालियों की सफाई कराई जाएगी, जलभराव वाले स्थानों पर तत्काल सड़क ऊंची कराने का काम शुरू किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद तीन दिनों से धरना दे रहे ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। बता दें कि सकरन क्षेत्र की उक्त ग्राम पंचायत में एक साल से अधिक समय से कोई सफाई कर्मी की तैनाती नहीं है, गांव में भीषण जलभराव और कीचड़ की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। इसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार ब्लाक मुख्यालय पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है, इससे नाराज ग्रामीणों ने गांव में ही कीचड़ सने मुख्य मार्ग पर अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। अनिश्चितकालीन धरने में रामानुज दीक्षित, दिनेश, संतोष, सरवन, महानंद, शिवराज, मनोज, उमेश, सुनीत, अशोक, सोनू, राम मिश्रा, नत्थाराम, सुरेश, राम सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल रहे। धरना दे रहे ग्रामीणों को मनाने पहुंचे खंड विकास अधिकारी सकरन रामलगन वर्मा ने पायनियर को जानकारी दी।

### मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**ऊंचाहार।** बृहस्पतिवार की दोपहर हुई दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में कुल चार लोग घायल हुए हैं। राहगीरों द्वारा घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां एक की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया है।

पहली घटना में सांवापुर नेवादा निवासी नीरज 28 वर्ष पुत्र छोटेलाल पड़ोसी गांव गंज गंगौली निवासी विजय कुमार के साथ बाइक से जमुनापुर चौराहा की ओर जा रहा था ,तभी कानपुर उन्नाव राजमार्ग पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज सवैया धनी के पास सामने से आ रहे दौलतपुर गांव निवासी विजय कुमार की बाइक से आमने सामने से टक्कर हो गई। जिसमें तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने नीरज व विजय को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया।जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद नीरज कुमार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं तीसरे घायल विजय कुमार निवासी दौलतपुर को उनके परिजन एनटीपीसी अस्पताल ले गए हैं। जहां उसका उपचार चल रहा है।दूसरी घटना सवैया तिराहा स्थित सैनी ढाबा के सामने की है। जहां छिपिया गांव निवासी दीपक सिंह 32 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह बाइक की सर्विस कराने ऊंचाहार आया हुआ था और दोपहर बाद वापस घर लौटते समय सैनिक ढाबा के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दीपक सिंह घायल हो गए,राहगीरों द्वारा उन्हें सीएचसी ले जाया गया है।सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आए थे। जिसमें नीरज की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### स्कूली छात्रा का अज्ञात बोलेरो सवार बदमाशों ने अपहरण का किया प्रयास

**खीरों (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के श्री सरस्वती इंटर कालेज खीरों की कक्षा -6 की एक छात्रा का अज्ञात बोलेरो सवार बदमाशों ने बुधवार को सुबह विद्यालय आते समय रास्ते में अपहरण करने का असफल प्रयास किया। विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों को घटना की जानकारी देने पर विद्यालय में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष खीरों देवेन्द्र कुमार अवस्थी ने पीड़िता से मामले की जानकारी ली। खीरों पुलिस मामले की जांच कर रही है। तिवारिनखेड़ा मजरे खजुहा निवासी अंकिता पासवान पुत्री हरीलाल पासवान ने बताया कि मैं श्री सरस्वती इंटर कालेज की कक्षा-6 की छात्रा हूं। मैं बुधवार को सुबह पैदल विद्यालय आ रही थी। मैं जैसे ही खीरों पाहो मार्ग पर स्थित परसपुर गांव के आगे एक महुआ की बाग के पास पहुंची थी । इसी दौरान पाहो की ओर से आ रही एक बोलेरो मेरे बगल में रूकी और उस पर सवार अज्ञात लोगों ने मुझे पकड़कर जबरन बोलेरो में बैठाने का प्रयास किया। लेकिन मैंने अपना हांथ छुड़ाकर शोर मचाया और वहां से भागी। तभी अज्ञात बोलेरो सवार बोलेरो लेकर भाग गए । मैंने विद्यालय पहुंचकर सारी बात शिक्षकों को बताई। शिक्षकों की सूचना पर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी पुलिसबल के साथ विद्यालय पहुंचे और पीड़िता से मामले की जानकारी ली। इसी दौरान उन्होंने शिक्षकों व छात्रों को बच्चा चोरी जैसी झूठी अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। प्राथमिक जांच में यह मिला है कि बोलेरो किसी अन्य कारण से बाग के पास रुकी थी। जिससे छात्रा भयभीत हो गई है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# समारोह में हुई वनक्षेत्राधिकारी अभय मल्ल की विदाई

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर



**आदर्श पत्रकार** एकता एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय तहसील के सभागार कक्ष में संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य ने वन क्षेत्राधिकारी की भावभीनी विदाई समारोह तथा उपजिलाधिकारी के सम्मान समारोह का आयोजन किया। बताते चलें कि लंबे समय से लहरपुर क्षेत्र में वन विभाग की ओर से सेवा प्रदान कर रहे वन क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मल्ल का तबादला पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी के रेंज शारदा नगर में हुआ है। उन्होंने जिस प्रकार अपने मृदुभाषी व सौम्य व्यवहार के चलते पिछले करीब 3 वर्ष के कार्यकाल में लोगों के दिलों में जगह बनाई, वही वन कार्यालय को खंडहर बने नहर विभाग के गेस्ट हाउस में स्थापित कर जनपद समेत आसपास के जनपदों में एक मिसाल कायम की है जो तारीफके साथ साथ देखने योग्य है। वन क्षेत्राधिकारी को फूल मालाओं से लादकर स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। वही आईजीआरएस निस्तारण के लिए लहरपुर तहसील को जिले में पहला स्थान तथा प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त होने पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में संस्था में पांच पत्रकारों क्रमशरू वरिष्ठ पत्रकार पंकज शुक्ला, अविनाश दीक्षित, धर्मेंद्र पांडेय, शिवम अवस्थी, निर्मल पांडेय, को फूल मालाएं पहनाकर सम्मिलित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, भाजपा नेता वीरेंद्र पुरी, इंडियन आयल डीलर दिलीप शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष रामें बाजपेई, हरीश रस्तोगी गोलू, रईस अहमद, संरक्षक रियाज अहमद, रमाकांत शुक्ला, सुधाकर मिश्रा, सपा नेता सलाउद्दीन गौरी, शाह फैसल शोएब, हाजी कमालुद्दीन, एचएमएच प्रबंधक सलाउद्दीन, शोभित मिश्रा, हसीन अंसारी, मयंक टंडन, प्रधान जीतू गोस्वामी, राकेश सिंह, मौलाना सिराज, पत्रकार इरफान अहमद, जियाउल हक, गोविंद गोपाल सिंह, अमित शुक्ला, अभिनव त्रिवेदी एहतेशाम बेग, देशप्रीत सिंह, आकाश सिंह, राम मोहन राजपूत सहित संस्था से जुड़े पदाधिकारी व सम्मानित पत्रकार मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन व व्यवस्थापक आईटी सेल प्रभारी हाशिम अंसारी रहे। अंत में संस्था के अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# सैकड़ों शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**शिक्षक संगठन** के बैनर से परहेज करते हुए जनपद के सैकड़ो शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर अपनी सामूहिक उपस्थिति दर्ज कराते हुए पदोन्नति की मांग पर बी.एस.ए. को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व परसेण्डी ब्लॉक के शिक्षक राजीव गौड़ कर रहे थे। ज्ञातव्य है कि जनपद में विगत कई वर्षो से शिक्षकों की पदोन्नतियाँ नही हुई है। नतीजतन हजारों विद्यालय प्रधानाध्यापक विहीन होकर सहायक शिक्षकों के भरासे चल रहे है। प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप् में शिक्षकों को कई साल से प्रधानाध्यापक पद का पूरा कार्य बिना किसी अतिरिक्त वेतन या लाभ के करना पड़ रहा है। कमी मिलने पर यह सहायक शिक्षक प्रधानाध्यापक पद के सापेक्ष दण्ड के भोगी बना दिये जाते हैं परन्तु लाभ के नाम पर सिर्फ उत्पीड़न का दंश झेलने का मजबूर है। इसी एक मांग को लेकर जनपद के सैकड़ो शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने बी.एस.ए. कार्यालय पर सामूहिक रूप् से उपस्थित होकर बीएसएस को सम्बोधित ज्ञापवन सौंपा है। जिस पर लगभग 250-300 शिक्षकों ने अपने हस्ताक्षर किये है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद सीतापुर में परिषदीय शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया विगत कई वर्षों से लंबित है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजीव गौड़, सेरेन्द्र गुप्ता,, खुश्तर रहमान खाँ, बिसम्बर सिंह, जितेंद्र सिंह, अभय तिवारी, सुनील बागपत, सुधीर यादव, कुलदीप बाजपाई, आदर्श गौर, आदर्श पांडे, सूर्य नारायण, अनिल मिश्र, संजीव रावत, देवर्षि प्रताप सिंह, श्रवण त्रिवेदी, विवेक मिश्रा, आदित्य मिश्रा, स्मृति अवस्थी, पूजा सक्सेना आदि के नाम प्रमुख हैं।

# स्कूल में बच्चे धुल रहे बर्तन

संवाददाता। बेहजम खीरी

**ब्लॉक क्षेत्र** में शिक्षा विभाग अधिकारियों की उदासीनता व खाऊ कमाऊ नीति के चलते क्षेत्र में उच्च ,प्राथमिक विद्यालय मे मिड डे मील योजना धरा सही होती नजर आ रही हैं जबकि सरकार के द्वारा शिक्षा विभाग को करोड़ों रुपया नौनिहालों के सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने पीने बैठने खेलने कूदने तक की सारी सुविधाओं के लिए खर्च किया जा रहा है । लेकिन भ्रष्टाचारियों ने धरातल पर योजना को पूर्ण रूप से सफल बनाने के बजाय धरा शाही करते नजर आ रहे हैं । फिर भी विद्यालयों के अध्ययनरत नौनिहाल बच्चों से विद्यालय में रसोइयों की जगह पर बच्चों से सब्जी काटना बर्तन धोना झाड़ू पोछा फर्श की सफाई आदि विद्यालय में कराए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते जिले में हड़कंप मच गया वायरल वीडियो बेहजम ब्लॉक के पिपरी कला प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है यहां पर तैनात प्रधानाध्यापक मुस्ताक अली के द्वारा बच्चों से रसोइयों की जगह पर बच्चों से सारे कार्य कराए जा रहे है । जबकि इस विद्यालय में 252 बच्चों के सापेक्ष में दो रसोईया जुग्धा देवी , व रेखा देवी तैनात है फिर भी प्रधानाध्यापक के द्वारा बच्चों के हाथों में किताबों पेन की जगह पर चाकू व सब्जी झाड़ू पोछा लगवाने का कार्य किया जा रहा है।इस विद्यालय में बच्चों के बैठने व पढ़ाई की जगह पर विद्यालय के बच्चो से कार्य कराए जाने का वीडियो वायरल होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी कांत पांडे ने एक तुगलकी फरमान जारी कर दिया जिसमें क्षेत्रीय पत्रकारों को विद्यालय प्रांगण में घुसने से प्रतिबंध लगा दिया गया सर्कुलर जारी करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्रीय पत्रकारों सहित जिले के पत्रकारों में रोष व्याप्त हुआ जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने को घिरता हुआ देख बैकफुट पर आते हुए अपने दिए गए आदेश पर स्पष्टीकरण देते मजबूर हुए । बेहजम खीरी प्राथमिक विद्यालय पिपरी कला में जो बच्चों को बैठने के लिए सरकार ने समुचित व्यवस्था की है वहीं पर विद्यालय में बच्चों को बैठने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं है यही नहीं बच्चों को सुलभ शौचालय के लिए बनाए गए शौचालय में ताला लगा रहता देखा गया

आखिर क्या कारण है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडे शिक्षा विभाग मे महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के आगे नतमस्तक होकर तुगलकी फरमान जारी किया गया। जब कि जिला शिक्षक संघ हुआ करता था क्षेत्रीय पत्रकारों को सम्मान देते थे लेकिन जब से जिले में महिला शिक्षक संघ का चयन हुआ है तब से क्षेत्रीय पत्रकारों को महिला शिक्षकों के द्वारा अपमानित भी किया जाता रहा है । आखिर यह महिला शिक्षक पत्रकारों को विद्यालय में आने से क्यों डरती हैं।

विद्यालय बंद होने से पहले जब संवाददाता प्राथमिक विद्यालय में पहुंचा तो वहां देखा कि एक शिक्षामित्र अन्नपूर्णा अपने कक्षा में बैठकर बच्चों को पढ़ा रहे थे सहायक अध्यापक विद्यालय के प्रांगण से गायब थे बच्चे इधर उधर खेलकूद शोर मचाते देखे जा रहे थे ।

**सोशल मीडिया पर** वीडियो वायरल होने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय विद्यालय पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की जिससे प्रधान अध्यापक सहायक अध्यापक अपनी गर्दन फसते देख । ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की चौखट पर नतमस्तक होते नजर आए ग्राम प्रधान व ग्रामीणों का बयानअपने पक्ष में देने के लिए उन्होंने अभिनय करते नजर आए देखे गए।

प्रधानाध्यापक मुस्ताक अली स्वीकार करते हैं कि हमारे ही विद्यालय का वीडियो है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है लेकिन यह कब हुआ कैसे हुआ यह कहना उनके बस के बाहर है क्योंकि इतना कहते है कि विरोधियों के द्वारा यह साजिश रच कर वीडियो बनाया गया है जो मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सेवा पखवाड़ा के तहत गोष्ठी का किया आयोजन



**मोहम्मदी-खीरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवाट्ठपखवाड़ा के अन्तर्गत मोहम्मदी विकास खण्ड सभागार मे ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में जल ही जीवन विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया ने विषय पर विस्तार से संबोधित किया उनके अतिरिक्त पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राम मोहन रस्तोगी , राजापुर मंडल अध्यक्ष रामभरोसे वर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला कार्यसमिति सदस्य विजय सिंह ,मंडल अध्यक्ष अद्वैत सिंह ,नगर उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता जी,सुशील वर्मा,सहित अन्य पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## डायल 112 की 2 गाड़ियों को सीएचसी अधीक्षक ने दी फर्स्ट एड किट

**शिवगढ़,रायबरेली।** सड़क हादसों एवं दुर्घटनांओ में जख्मी एवं घायलों को तत्काल राहत पहुंचाने को लेकर सीएचसी अधीक्षक डा. अमित सिंह ने शिवगढ़ थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112 की 2 गाड़ियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ से फर्स्ट एंड किट प्रदान की। डायल 112 की गाड़ियों को फर्स्ट एंड किट मिलने से दुर्घटनाओं में घायल लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ.अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसे एवं दुर्घटनाओं में मामूली रूप से जख्मी लोगों को डायल 112 से अस्पताल लाते समय इससे प्राथमिक उपचार किया जा सकता है। जिससे जख्मी व्यक्ति को बड़ी राहत मिलेगी।

# स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का हुआ आगाज, प्रभारी डीएम ने किया शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को जिले के 3556 आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का आगाज हुआ। आंगनवाड़ी केंद्र ज्ञानपुर विकासखंड फूलबेहड़ में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।



डीएम ने बालक-बालिका की वृद्धि निगरानी ,पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में उनके अभिभावकों को जागरूक किया। उन्होंने कार्यकत्री को निर्देश दिए कि सभी जीरो से 05 वर्ष तक के पंजीकृत बच्चों का प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाए एवं उनको शासन द्वारा प्रदत्त सभी योजनाओं से लाभान्वित करें। डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के 3556 आंगनबाड़ी केंद्रों व फूलबेहड़ ब्लॉक के सभी 230 आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता सभी विभागों के सहयोग से उत्सव के माहौल में आयोजित हुई, जिसमें बच्चों के अभिभावकों को उनके पोषण स्वास्थ्य वृद्धि निगरानी स्वच्छता टीकाकरण आदि के विषय में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूक किया।कार्यक्रम में डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव, एमओआईसी फूलबेहड़ डॉ अमितेश दत्त द्विवेदी, सीडीपीओ फूलबेहड़ डॉ पूजा त्रिपाठी , बीपीएम विकास श्रीवास्तव, मुख्य सेविका श्रीमती संजय कुमारी ,ग्राम प्रधान जसवंत कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सरोजिनी गुप्ता, श्रीमती शशि वर्मा, निशा गुप्ता एवं विनीता वर्मा उपस्थित रहे।

# चेहल्लुम पर मजलिस का आयोजन



**मोहम्मदी-खीरी।** मे चैहललुम को लेकर एक मजलिस आलिम रजा के इमामबा? मे आयोजित की गयी जिसमे बडी तादाद में मोमनीनो ने शिरकत की। मजलिस को लखनऊ से आऐ मौलाना सै.अजमी हुसैन जैदी ने खिताब किया। तकरीर से पहले शोजखानी,पेश खानी पेश की गयी। अंजुमन हुसैनिया के मातम दारो ने जोरदार तरीके से मातम पेश किया मजलिस की निजामत अजुमन के अध्यक्ष मो.अब्बास नकवी ने की। मौलाना अजमी हुसैन ने इमाम हुसैन की शहादत से लेकर, नमाज, दीन,और कुरआन के बताऐ रास्ते पर चलने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अच्छे लिबास और पगडी बाधने से कोई मौलाना नही हो जाता है। उसको इल्म हासिल करना पड़ता है तथा धार्मिक ग्रंथों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा देखने में आया है बहुत से ऐसे लोग हैं जो मेंबर पर बैठकर नफरत को बढ़ावा देकर आपसी भाईचारे को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं ऐसे लोगों से बचने की जरूरत है। इमाम हुसैन हक इंसानियत और भाईचारे को लेकर शहादत पेश की है। मजलिस में जहीर हसन, आलिम रजा,मो.हसन नकवी, अफजल जैदी,लकी हसन.अलवी जैदी, भोला रिजवी, अकरम रिजवी, हसन जैदी, जमन जैदी,गुडडन जैदी,रहबर अली,सहित अजुमन के लोगो ने शिरकत की।

# तीन दिनों में सीएमओ ने सीज किए अवैध रूप से संचालित 15 अस्पताल

● गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई में एक ही दिन में सात अस्पतालों पर कार्रवाई



**लखीमपुर खीरी।** बिना रजिस्ट्रेशन अवैध रूप से संचालित सात अस्पतालों को सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा गुरुवार को सीज कर दिया गया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार व डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव सहित 6 सदस्यीय टीम मौजूद थी।

अवैध रूप से संचालित अस्पतालों को शासन और प्रशासन के निर्देशों के क्रम में सीज करने की कार्यवाही लगातार जारी है। तीसरे दिन गुरुवार को 7 अवैध रूप से संचालित अस्पतालों को सील किया गया। इनमें रामापुर क्षेत्र का हिंद हॉस्पिटल, कल्याण हॉस्पिटल, न्यू बालाजी चिकित्सालय शामिल हैं वहीं गांव जुलाहनपुरवा स्थित आयुष मेडिकल अस्पताल और लालपुर बैरियर स्थित शुभ आशीर्वाद हॉस्पिटल, आशीर्वाद हॉस्पिटल और जावित्री हॉस्पिटल को टीम द्वारा सील कर दिया गया है। इन सभी जगह मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा था। जिन्हें गंभीर मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 108 और 102 एंबुलेंस से इलाज के लिए ओयल स्थित जिला पुरुष चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इससे पहले महेवागंज स्थित चार अस्पतालों सहित बिजुआ के एक अस्पताल और संपूर्णानगर के तीन अस्पताल सीज किए गए हैं। बीते तीन दिनों में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्यवाही से अवैध रूप से अस्पताल संचालित कर रहे लोगों में खौफ है और इन तीन दिनों में अवैध रूप से संचालित बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे 15 अस्पतालों को सीज कर दिया गया है।

दशहरा रैली

# उद्धव गुट को बीएमसी के फैसले वाली याचिका में संशोधन की अनुमति

भाषा। मुंबई

**बंबई उच्च न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले, शिवसेना के गुट को मुंबई के प्रतिष्ठित शिवाजी पार्क में अपनी वार्षिक दशहरा रैली आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार करने वाले बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के फैसले को चुनौती देने वाली अपनी याचिका में संशोधन करने की अनुमति दी। न्यायमूर्ति आरडी धानुका और न्यायमूर्ति कमल खाता की खंडपीठ ने कहा कि वह शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करेगी। अदालत ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट की याचिका के विरोध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धड़े से संबंधित विधायक सदा सर्वंकर की याचिका पर भी सुनवाई करेगी।

ठाकरे धड़े की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अस्पी चिनॉय ने अदालत को बताया कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने बृहस्पतिवार की सुबह एक आदेश जारी किया है जिसमें पांच अक्टूबर को रैली करने की अनुमति के अनुरोध वाले उनके आवेदन को खारिज कर दिया गया है। चिनॉय ने कहा, बीएमसी ने अपने आदेश में केवल इतना कहा है कि वे संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति के कारण आवेदन को खारिज कर रहे हैं क्योंकि दूसरे धड़े (शिंदे के पक्ष) ने भी इसके लिए आवेदन किया है। इसके बाद उन्होंने बीएमसी के फैसले को चुनौती देने के लिए अपनी याचिका में संशोधन का अनुरोध किया।

बीएमसी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मिलिंद साठे ने इसका विरोध किया और कहा कि याचिका अनावश्यक है क्योंकि इसमें केवल बीएमसी से उनके आवेदन पर निर्णय लेने का अनुरोध किया गया था और ऐसा किया गया है। पीठ ने हालांकि कहा कि याचिका में अदालत से अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। अदालत ने कहा, हमारी समझ से यह एक व्यापक अर्जी है। इसलिए हम याचिकाकर्ता को इसमें संशोधन की अनुमति देते हैं। ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने अपनी याचिका में कहा था कि पार्टी उच्च न्यायालय का रुख करने के लिए विवश हुई क्योंकि बीएमसी ने रैली के लिए अनुमति से संबंधित अगस्त में दिए गए उनके आवेदनों पर फैसला नहीं किया है।

सर्वंकर ने अपनी याचिका में दावा किया कि अगर उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर कोई आदेश जारी किया तो इससे वास्तविक शिवसेना का प्रतिनिधि कौन , के मुद्दे पर जारी विवाद में अड़चन आएगी। मुंबई के दादर से विधायक सर्वंकर ने अपनी याचिका में कहा कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट से हैं जो शिवसेना के मुख्य नेता हैं। उन्होंने दावा किया कि ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना द्वारा दायर याचिका गुमराह करने वाली और (तथ्यों को) भ्रामक तरीके से पेश करने वाली है क्योंकि वे वास्तविक शिवसेना राजनीतिक पार्टी से संबंध नहीं रखते हैं।

याचिका में कहा गया है, अब तक विवाद बना हुआ है कि शिवसेना का वास्तविक प्रतिनिधि कौन है और यह मुद्दा भारत निर्वाचन आयोग एवं उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। याचिका में कहा गया है कि नई याचिका के जरिए याचिकाकर्ता (ठाकरे नीत शिवसेना) असली शिवसेना पर दावा करने की कोशिश कर रहे हैं। शिवसेना ने अपनी याचिका में कहा कि पार्टी 1966 से हर साल शिवाजी पार्क में दशहरा रैली का आयोजन कर रही है और बीएमसी ने हमेशा इसकी अनुमति दी है। कोविड-19 महामारी के कारण सिर्फ 2020 और 2021 में रैली आयोजित नहीं की जा सकी थी। याचिका के अनुसार, 2016 में राज्य सरकार ने शिवाजी पार्क में केवल खेल गतिविधियों की ही अनुमति दी थी। उस समय राज्य सरकार ने गैर-खेल गतिविधियों के लिए वर्ष में कुछ दिन निर्धारित किए थे और उनमें दशहरा रैली भी शामिल थी। इस साल जून में शिवसेना में एकनाथ शिंदे गुट के विद्रोह के बाद ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई। महा विकास आघाड़ी गठबंधन में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल थीं। बाद में शिंदे ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट दोनों ने शिवाजी पार्क में अपनी-अपनी दशहरा रैलियों को आयोजित करने की अनुमति मांगी है। बीएमसी ने बृहस्पतिवार को दोनों धड़ों को रैली की अनुमति नहीं दी। दोनों गुटों ने विकल्प के तौर पर मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के एमएमआरडीए मैदान में रैली करने की अनुमति के लिए भी आवेदन किया था। पिछले हफ्ते शिंदे गुट को बीकेसी में रैली के आयोजन को मंजूरी मिली थी।

# खनिज सम्पदा की लूट करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्यपाल बर्खास्त करें: मरांडी

**दुमका (झारखण्ड)।** झारखंड विधानसभा में मुख्य विपक्षी भाजपा विधायक दल के नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी ने राज्यपाल रमेश बैस से प्रदेश की खनिज संपदा की लूट करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बर्खास्त करने की मांग की। बाबूलाल मरांडी ने बृहस्पतिवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य के साहिबगंज जिले में पिछले दिनों हुए अवैध खनन के मामले में ईडी ने अदालत में जो आरोप-पत्र दाखिल किया है, उसमें मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के संरक्षण में एक हजार करोड़ रुपए का अवैध खनन होने की बात सामने आई है।

अब इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है कि विधायक प्रतिनिधि अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रहे थे। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि एक प्रकार से साहिबगंज का मुख्यमंत्री बन बैठे थे। बाबूलाल ने कहा, अब यह नहीं कहा जा सकता कि इस कारोबार में मुख्यमंत्री की संलिप्तता नहीं है। मुख्यमंत्री में नैतिकता बची होती तो इस मामले के कारण वे स्वयं त्यागपत्र दे देते, लेकिन वे त्यागपत्र देंगे नहीं। मुख्यमंत्री क्षमा के योग्य नहीं हैं। मरांडी ने कहा, ऐसी स्थिति में राज्यपाल को चाहिए कि वह ऐसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री को वह तत्काल बर्खास्त कर दें।

भाजपा नेता ने कहा कि पूरे संथाल परगना प्रमंडल में जोड़ता हूं तो पत्थर, कोयला, बालू मिलाकर अवैध खनन के माध्यम से पांच हजार करोड़ रुपए से कम की चोरी नहीं हुई है। मैंने एक-डेढ़ साल पहले झारखण्ड और बिहार के मुख्यमंत्रियों को अवैध खनन के मामले को लेकर पत्र लिखा था। बिहार के मुख्यमंत्री को पत्र इसलिए लिखा था कि अवैध खनन कर माल बिहार भी ले जाया जाता था। अगर उस समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवैध कारोबार को रोका होता तो इतनी बड़ी सम्पत्ति की चोरी नहीं होती। जिस अवैध कारोबार की बात को मैं उठा रहा था, वह सच साबित हुआ। जो रुपए झारखण्ड सरकार के खजाने में जाने चाहिए थे, वे हेमंत सोरेन और उनके दलालों की तिजोरी में गए, इसलिए ईडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी पूछताछ की जानी चाहिए। इस बारे में पूछे जाने पर फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा अथवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# कांग्रेस, राकांपा से हाथ मिलाने से पहले इस्तीफा क्यों नहीं दिया: फडणवीस का उद्धव पर पलटवार

भाषा। नागपुर (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की सलाह पर पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को पूछा कि क्या उनके विधायकों ने भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद इस्तीफा दिया था और नए सिरे से चुनावों का सामना किया था ? दरअसल, उद्धव ठाकरे ने कहा था कि भाजपा और शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट को इस्तीफा दे देना चाहिए और एक महीने के भीतर नगरपालिका तथा विधानसभा चुनावों का सामना करना चाहिए। फडणवीस ने यहां हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि क्या ठाकरे के विधायकों ने 2019 विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा से गठबंधन तोड़ने तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस से हाथ मिलाने के बाद इस्तीफा दिया था और नए सिरे से चुनावों का सामना किया था ?

महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते के पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 20 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह एजेंसी द्वारा की गई समन्वित कार्वाई है और अब इस पर बात करना उचित नहीं होगा। गौरतलब है कि ठाकरे ने बुधवार को उपनगर गोरेगांव में अपने धड़े के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा था और कहा था, मैं अमित शाह को चुनौती देता हूं कि अगर हिम्मत है तो एक महीने के भीतर बीएमसी (बृहन्मुंबई महा नगरपालिका) और राज्य विधानसभा के चुनाव कराएं।

इस पर पलटवार करते हुए फडणवीस ने कहा कि ठाकरे का भाषण उनकी हताशा को दिखाता है। उन्होंने कहा, हम वैध रूप से निर्वाचित हुए थे। हमारे साथ गठबंधन में जीत दर्ज करने वाले वह और उनकी पार्टी ने कांग्रेस, राकांपा से हाथ मिलाने से पहले इस्तीफा क्यों नहीं दिया ? आपको फिर से निर्वाचित होने तथा फिर कांग्रेस-राकांपा के साथ गठबंधन करने की हिम्मत दिखानी चाहिए थी। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिवसेना के ठाकरे गुट, कांग्रेस और राकांपा ने पिछले कई वर्षों में उनका राजनीतिक करियर खत्म करने की कोशिश की लेकिन नाकाम हो गए।

## छत्तीसगढ़: नक्सलियों के दो सहयोगी गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में पुलिस ने नक्सलियों के दो कथित सहयोगियों को विस्फोटक ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार के यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को विस्फोटक ले जाने के आरोप में नक्सलियों के दो सहयोगियों-हेमला संतोष (23) और बाबूराव कारम (31) को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस को बुधवार को आवापल्ली क्षेत्र में विस्फोटक का अवैध परिवहन किए जाने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद एक दल ने वाहनों की तलाशी शुरू की। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने तालपेरू पेट्रोल पंप के करीब एक मोटर साइकिल को रोका तो उस पर सवार लोगों ने भागने की कोशिश की। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस दल ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया और उनके थैले की तलाशी ली, जिसमें से लाल रंग का पांच मीटर लंबा कार्डेक्स तार, जिलेटीन की पांच छड़ें और डेटोनटर बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कहा कि अज्ञात नकस्ली ने उन्हें विस्फोटक सामग्री दी थी और वे पेगड़ापल्ली गांव के पास सक्रिय नक्सलियों को यह सामग्री पहुंचाने जा रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।



नई दिल्ली में एनसीसी डीजी गुरबीर पाल सिंह यूएनडब्लूईपी के प्रतिनिधि विश्व पाराजुली से रक्षामंत्री के सामने हाथ मिलाते हुए।

## पवार ने बयान देने से पहले ममता से संभवत: बात की होगी: सौगत रॉय

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के नेता सौगत रॉय ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने कांग्रेस के साथ मतभेद भुलाने को लेकर बयान देने से पहले संभवत: पश्चिम बंगाल की मुख्मयंत्री ममता बनर्जी से बात की होगी। पवार ने बुधवार को कहा था कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी राष्ट्रीय हित में कांग्रेस से अपने मतभेद भुलाने और 2024 के आम चुनाव से पहले साथ मिलकर विपक्षी दलों का एक गठबंधन बनाने को तैयार हैं। रॉय ने कहा, यह एक अच्छा बयान है। शरद पवार देश के एक वरिष्ठ नेता हैं और मुझे नहीं लगता कि उन्होंने हमारी पार्टी प्रमुख (ममता बनर्जी) से बात किए बिना यह बयान दिया होगा। पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता सुखेन्दु शेखर रॉय ने हालांकि पवार के बयान पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। राय ने कहा, शरद पवार के बयान पर मैं कैसे कोई टिप्पणी कर सकता हूं।



भारत जोड़ों यात्रा के दौरान राहुल गांधी से मुलाकात करते लोग

# भाजपा ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में 340 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए, सर्वाधिक उप्र में

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने इस साल संपन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के प्रचार अभियान में 340 करोड़ रुपए खर्च किए जबकि कांग्रेस ने इन राज्यों में 194 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए।निर्वाचन आयोग को इन दोनों दलों द्वारा किए गए खर्च संबंधी सौंपे गए। ब्योरे में यह जानकारी सामने आई है। आयोग ने इन जानकारियों को सार्वजनिक किया है।भाजपा की ओर से दिए गए ब्योरे के मुताबिक उसने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब विधानसभा चुनावों में प्रचार अभियान पर 340 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए।इसके मुताबिक, भाजपा ने अपने उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 221 करोड़ रुपए खर्च किए जबकि मणिपुर में 23 करोड़, उत्तराखंड में 43.67 करोड़, पंजाब में 36 करोड़ से अधिक और गोवा में 19 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए।

### विदेशी पोत कोचीन तट के पास भारतीय नौका से टकराया

**कोझकोडाकोच्चि (केरल)।** कोचीन के समुद्र तट के पास बृहस्पतिवार सुबह एक विदेशी पोत मछली पकड़ने वाली एक नौका से टकरा गया जिसमें कुछ मछुआरे मामूली रूप से घायल हो गए। पास के बेपुर में तटीय थाने के अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह करीब 5:30 बजे की है। 17 अल मरीन नौका 17 सितंबर को यहां से अरब सागर के लिए निकली थी जिस पर चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। इनमें 11 उत्तर भारतीय और दो तमिल नागरिक थे।

## अजय एसईए के नए अध्यक्ष निर्वाचित

**लखनऊ।** सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया की 51वीं वार्षिक आम बैठक आज यहां आयोजित की गई । आरंभ में वर्तमान अध्यक्ष श्री अतुल चतुर्वेदी ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कोविड के कारण हमें कुछ वर्षों के लिए वर्चुअल होने के लिए मजबूर किया था। कोरोना से राहत और यात्रा आसान होने के साथए हम एक बार फ्रि विश्व प्रसिद्ध ताजमहल की भूमि आगरा में इस भौतिक 51वीं वार्षिक आम बैठक में मिल रहे हैं। हमें एक बार फ्रि जोश के साथ पुराने साथियों से मिलने और नए सदस्यों का स्वागत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने अजय झुनझुनवाला को एसईए के नए अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा करते हुए उन्हें इस नए पद का दायित्व सौंपा। गौरतलब है कि अजय झुनझुनवाला मैसर्स जे आर एग्रो इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड अयोध्या और बाराबंकी के प्रबन्ध निदेशक है यह इकाई एक सॉल्वेन्ट एक्सटर्सन एवं रिफ्रइनिंग युनिट है।

## शराब बुरी चीज नही, यहां तक डॉक्टर और अधिकारी भी पीते है : आप नेता

**अहमदाबाद।** गुजरात के आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के एक उम्मीदवार ने बुधवार को यह दावा करके विवाद खड़ा कर दिया कि शराब पीना बुरी चीज नहीं है और पूरी दुनिया में लोग शराब पीते हैं जबकि केवल गुजरात में ही इस पर रोक है। उन्होंने कहा, यहां तक बड़े डॉक्टर, आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी शराब पीते हैं। हालांकि, वे लोगों को इसकी लत से बचने से आगाह करते हैं।

आप नेता जगमाल वाला द्वारा बुधवार शाम को की गई इस टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात को बदनाम करने और शराब की खपत को बढ़ावा देने के लिए उनसे माफी मांगने की मांग की। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले की सोमनाथ विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार घोषित किए गए जगमाल ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। इस साल के अंत में राज्य में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।

जगमाल ने कहा, दुनिया में 196 देश हैं, जिनमें 800 करोड़ लोगों रहते हैं। इन सभी 196 देशों में शराब पीने की आजादी है। अकेले भारत की आबादी 130-140 करोड़ है, और पूरे देश में शराब पीने की आजादी है। उन्होंने कहा, केवल 6.5 करोड़ की आबादी वाले गुजरात में शराब प्रतिबंधित है। यह साबित करता है कि शराब खराब नहीं है। बड़े डॉक्टर, आईएएस और आईपीएस अधिकारी शराब का सेवन करते हैं।

हालांकि, आप नेता ने आगाह किया कि शराब का अत्याधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता यग्नेश दवे ने जगमाल की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि जगमाल वाला को अपनी टिप्पणी से राज्य को बदनाम करने के लिए गुजरात से माफी मांगनी चाहिए।

# दुर्गा पूजा पर रोक लगाने वाली पश्चिम बंगाल सरकार यूनेस्को के सम्मान का श्रेय ले रही है: लेखी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन पर रोक लगाने वाली पश्चिम बंगाल सरकार इस त्योहार को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने का श्रेय ले रही है। यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए लेखी ने पश्चिम बंगाल सरकार के इस रवैए को विचित्र करार दिया। संस्कृति मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) को एक प्रस्ताव भेजकर गुजरात के गरबा नृत्य को भी मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किए जाने का अनुरोध किया है। इस माह की शुरुआत में बनर्जी ने कोलकाता में दुर्गा पूजा को यूनेस्को की इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने की खुशी में एक रैली की अगुवाई की थी।

लेखी ने तंज किया, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बहुत व्यस्त होंगी। उनके सलाहकार उन्हें जो सलाह दे रहे हैं उन पर प्रश्न उठता है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को यूनेस्को की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव संस्कृति मंत्रालय ने 2019 में भेजा था, जिसे दिसंबर 2021 में स्वीकार किया गया। लेखी ने कहा कि दूर्गा पूजा को इस सूची में शामिल किया जाना पूरे देश के लिए गर्व की बात है लेकिन इस पर राजनीति सही नहीं है। देश की सभी परंपराओं की एक सुर में सराहना की जानी चाहिए और दुर्गा पूजा पूर्वी भारत में जिस प्रकार से महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार से यह दक्षिणी और पश्चिम भारत में भी महत्वपूर्ण है। लेखी 24 अक्टूबर को कोलकाता जाएंगी जहां वह दुर्गा पूर्जा उत्सव से जुड़े 30 कलाकारों, मूर्तिकारों व पंडाल निर्माताओं को सम्मानित भी करेंगी।

# कांग्रेस प्रवक्ता वल्लभ ने किया गहलोत का समर्थन, थरूर को लिया निशाने पर

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस अध्यक्ष पद** के चुनाव में अशोक गहलोत और शशि थरूर के बीच मुकाबले की बढ़ती संभावना के बीच पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री का खुलकर समर्थन किया। साथ ही, उन्होंने थरूर को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि थरूर ने सोनिया गांधी के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उन्हें पत्र लिखकर उनके (वल्लभ) जैसे कार्यकर्ताओं को कष्ट पहुंचाया है और ऐसे में वह निष्कलंक राजनीतिक जीवन वाले गहलोत का चयन करेंगे। उन्होंने बतौर कार्यकर्ता अपनी राय जाहिर करते हुए ट्वीट किया, करोड़ों कार्यकर्ताओं की तरह मेरी पहली इच्छा तो यह है कि राहुल गांधी कांग्रेस और देश को अपना नेतृत्व दें।

वल्लभ ने कहा, एक तरफ कार्यकर्ताओं व ज़मीन से जुड़े हुए अशोक गहलोत हैं, जिन्हें 3 बार केंद्रीय मंत्री, 3 बार मुख्यमंत्री, 5 बार सांसद, 5 बार विधायक रहने का अनुभव है, जिन्होंने सीधी टक्कर में मोदी-शाह को पटखनी दी है, जिनका 45 वर्ष का निष्कलंक राजनीतिक जीवन है। उन्होंने कहा, वहीं दूसरी तरफ़, शशि थरूर हैं,जिनका पिछले 8 वर्षों में पार्टी के लिए एक ही प्रमुख योगदान है कि उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को उस समय चिट्ठियां भेजीं जब वह अस्पताल में भर्ती थीं। इस कृत्य ने मेरे जैसे पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं को पीड़ा पहुंचाई। चयन बहुत सरल और स्पष्ट है।

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी हो गई। अधिसूचना जारी होने से एक दिन पहले बुधवार को, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर के चुनावी समर में उतरने का स्पष्ट संकेत देने के बाद यह संभावना प्रबल हो गई है कि 22 साल बाद, देश की सबसे पुरानी पार्टी का प्रमुख चुनाव के जरिए चुना जाएगा। गहलोत ने कहा कि वह पार्टी का फैसला मानेंगे, लेकिन उससे पहले राहुल गांधी को अध्यक्ष बनने के लिए मनाने का एक आखिरी प्रयास करेंगे। दूसरी तरफ, पहले से ही चुनाव लड़ने का संकेत दे रहे लोकसभा सदस्य थरूर ने बुधवार को कांग्रेस के मुख्यालय में पहुंचकर पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री से मुलाकात की और नामांकन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल की। कुछ अन्य नेताओं के भी चुनावी मैदान में उतरने की संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता।



नई दिल्ली में राजू श्रीवास्तव के अन्तिम संस्कार का तिलांजलि देते हुए उनका पुत्र आयुष्मान श्रीवास्तव साथ में अन्य परिजन।

# भारत का यूएनएससी का स्थाई सदस्य नहीं होना सही नहीं है

**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने कहा कि भारत का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य नहीं होना केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि इस वैश्विक निकाय के लिए भी सही नहीं है तथा इसमें सुधार बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। जयशंकर से पूछा गया था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने में कितना वक्त लगेगा ? उन्होंने कहा कि वह भारत को स्थाई सदस्यता दिलाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार को कहा, जब मैं कहता हूं कि मैं इस पर काम कर रहा हूं तो इसका मतलब है कि मैं इसे लेकर गंभीर हूं। जयशंकर कोलंबिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स के राज सेंटर में कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तथा नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, स्वभाविक रूप ए यह बहुत कठिन काम है क्योंकि अंत में आप अगर आप कहेंगे कि हमारी वैश्विक व्यवस्था की परिभाषा क्या है। वैश्विक व्यवस्था की परिभाषा को लेकर पांच स्थाई सदस्य बहुत महत्वपूण हैं इसलिए हम जो मांग कर रहे हैं, वह बहुत ही मौलिक, बहुत गहरे बदलाव से जुड़ा है। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं तथा इन देशों किसी भी प्रस्ताव पर वीटो करने का अधिकार प्राप्त है। समसामयिक वैश्विक वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है। इस बीच, विदेश मंत्री ने कहा कि हम मानते हैं कि बदलाव काफी समय से अपेक्षित है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र 80 वर्ष पहले की स्थितियों के परिणामस्वरूप बनी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा, यह दुनिया की सबसे घनी आबादी वाला देश होगा। उन्होंने कहा, ऐसे देश का अहम वैश्विक परिषदों का हिस्सा न होना जाहिर तौर पर न केवल हमारे लिए बल्कि वैश्विक परिषद के लिए भी अच्छा नहीं है। गौरतलब है कि भारत के पास अभी सुरक्षा परिषद के गैर स्थाई सदस्य के तौर पर दो साल का कार्यकाल है। उसका कार्यकाल दिसंबर में समाप्त हो जाएगा।

## अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत रिश्तों की वकालत की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत रिश्तों की वकालत करते हुए इस दिशा में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के योगदान को रेखांकित किया है। अमेरिकी कैपिटल (संसद परिसर) में बुधवार को आयोजित भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोह में पश्चिम वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर जो मैनचिन ने अपने भारत दौरे को याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की महानता को प्रत्यक्ष रूप से देखा और महसूस किया। मैनचिन ने कहा, अगर भारतीय समुदाय के लोग पश्चिम वर्जीनिया में अपनी सेवाएं देने नहीं आते तो क्षेत्र के अधिकतर ग्रामीण हिस्से में आज स्वास्थ्य देखभाल सुविधा उस तरह उपलब्ध नहीं होती जैसी आज है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। अमेरिकन एसोसिशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडियन ओरिजिन (एएपीआई) ने अमेरिकन हिंदू कोएलिशन और फेडरेशन ऑफ इंडिया एंड इंडियन डायसपोरा स्टडीज के साथ मिलकर इस समारोह का आयोजन किया था।

## आतंकवाद एक वैश्विक संकट, आतंकी पनाहगाहों को खत्म किया जाना चाहिए : इब्सा

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**भारत और इब्सा** (भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका) समूह के अन्य सदस्यो ने कहा है कि आतंकवाद एक वैश्विक संकट है, जिसका मुकाबला किया जाना चाहिए और दुनिया के हर हिस्से मे आतंकवादियो की पनाहगाहो को समाप्त किया जाना चाहिए। इन देशो ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन को शीघ्र स्वीकृत करने के संयुक्त प्रयास को बढ़ाने के अपने संकल्प को भी दोहराया। इब्सा कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समूह के रूप में उभरा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (इब्सा) के त्रिपक्षीय मंत्री स्तरीय आयोग की दसवी बैठक की मेजबानी की। इल दौरान उन्होंने इब्सा की प्रक्रिया की समीक्षा की और इसके कार्यों को सराहा। ब्राजील के विदेश मंत्री कार्लोस फ्रांका और दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जोए फाहला भी बैठक मे शामिल हुए। त्रिपक्षीय मंत्री स्तरीय आयोग की दसवी बैठक के बाद इब्सा की ओर से जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, मंत्रियो ने दुनियाभर में हो रहे आतंकवादी हमलों की निंदा की। उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपो और कृत्यो की निंदा की, फिर चाहे ए कही भी और किसी के भी द्वारा किए गए हो। बयान के मुताबिक, मंत्रियो ने सहमति व्यक्त की कि आतंकवाद एक वैश्विक संकट है, जिससे लड़ा जाना चाहिए और दुनिया के हर हिस्से में मौजूद आतंकवादी पनाहगाहो को समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी एकजुटता और संकल्प की पुष्टि की। बयान मे कहा गया है कि मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन को तेजी से अपनाने के लिए संयुक्त प्रयासो को गति देने के अपने संकल्प को दोहराया। भारत ने 1986 मे संयुक्त राष्ट्र मे अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन (सीसीआईटी) को लेकर एक मसौदा दस्तावेज का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इसे अभी तक लागू नही किया गया है, क्योंकि सदस्य देशो के बीच आतंकवाद की परिभाषा पर आम सहमति नही है।

## ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री ने संरा में अपने पहले संबोधन में पुतिन की आलोचना की

**संयुक्त राष्ट।** ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन के खिलाफ उनके असफल सैन्य अभियान का बचाव करने के लिए आक्रामक धमकियां देने का आरोप लगाया है। ट्रस के संयुक्त राष्ट्र (संरा) मे उनके पहले संबोधन में यह बताने की संभावना है कि वैश्विक निकाय के शक्ति संपन्न राष्ट्रों के आक्रामक रवैए के कारण उसके संस्थापक सिद्धांत खतरे मे है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) मे अपने पहले संबोधन मे ट्रस यूक्रेन युद्ध का जिक्र करेंगी और इसे हमारे मूल्यों और पूरी दुनिया की सुरक्षा की लड़ाई करार देंगी। वह ब्रिटेन की दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की सराहना करते हुए उन्हें उन चीजो का प्रतीक बताएंगी, जिनके लिए संयुक्त राष्ट्र खड़ा होता है। ट्रस के कार्यालय ने प्रधानमंत्री के संबोधन की सामग्री पहले ही जारी कर दी है। आरक्षित सैनिको को लामबंद करने और रूस की रक्षा के लिए हर हथकंडे अपनाने (परमाणु हथियार के संदर्भ में) के पुतिन के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्रस ने रूसी नेता पर अपनी भयावह विफलताओं को सही ठहराने की पुरजोर कोशिश करने का आरोप लगाया। ट्रस ने कहा, यह काम नही करने वाला है। अंतरराष्ट्रीय गठबंधन मजबूत है। यूक्रेन मजबूत है। ट्रस उसी दिन संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करेंगी, जिस दिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने वीडियो लिंक के माध्यम से वैश्विक निकाय को संबोधित किया।

## परमाणु वार्ता के लिए हम तैयार हैं लेकिन क्या अमेरिका वादे पर खरा उतरेगा : ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने बुधवार को कहा कि उनका देश उसे परमाणु बम हासिल करने से रोकने के लिए किए समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए गंभीर है लेकिन उन्होने सवाल किया कि क्या तेहरान किसी भी अंतिम समझौते को लेकर अमेरिकी प्रतिबद्धता पर भरोसा कर सकता है? राष्ट्रपति रईसी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 2018 में समझौते से अलग होने के अमेरिका के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका पहले ही पिछले समझौते को कुचल चुका है। ईरान परमाणु वार्ता में सभी मुद्दो को हल करने को लेकर गंभीर है लेकिन हमारी केवल एक ही इच्छा है : प्रतिबद्धताओं का पालन। क्या हम बिना किसी गारंटी और आश्वासन के पूरी तरह यह भरोसा कर सकते है कि इस बार वे अपनी प्रतिबद्धताओं पर खरे उतरेंगे? रईसी ने इजराइल के संदर्भ में कहा कि ईरान की परमाणु गतिविधियों की एकतरफा जांच की गई जबकि अन्य देशो का परमाणु कार्यक्रम अब भी गुप्त है।

## महिला न्यायाधीश से माफी मांगने को तैयार हूं: इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के सामने पेश हुए और एक महिला न्यायाधीश के खिलाफ की गई अपनी विवादित टिप्पणी के लिए माफी मांगने की इच्छा जताई, जिसके बाद उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। अदालत द्वारा महिला न्यायाधीश के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी करने के लिए 69 वर्षीय खान को अवमानना की कार्यवाही में आधिकारिक तौर पर अभ्यारोपित किए जाने की संभावना थी। खान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच अदालत में पेश हुए। खान की ओर से अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश ज़ेबा चौधरी से माफी मांगने की इच्छा व्यक्त करने के बाद, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही स्थगित कर दी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनल्लाह की अगुवाई वाली बड़ी पीठ कर रही थी।

## जेलेंस्की ने रूस से देश का एक-एक हिस्सा वापस लेने का किया संकल्प

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने विश्व समुदाय से रूस को उसके आक्रमण के लिए दंडित करने का आग्रह किया, साथ ही उन्होंने अपने देश का एक-एक हिस्सा रूसी कब्जे से वापस लेने का संकल्प जताया। गौरतलब है कि रूस ने अपनी कार्वाई बढ़ाने का फैसला किया है। यूक्रेन के साथ करीब सात माह से जारी युद्ध में मिले झटकों के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने करीब तीन लाख आरक्षित सैनिकों की आंशिक तैनाती की बुधवार को घोषणा की थी। साथ ही रूस की संप्रभुता के लिए इसे आवश्यक बताते हुए उन्होंने आरोप लगाया था कि पश्चिमी देश उनके देश (रूस) को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कुछ समय बाद ही संयुक्त राष्ट्र महासभा में जेलेंस्की ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि यह घोषणा इस बात का सबूत है कि रूस युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करने को तैयार नहीं है। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीत उनके देश की ही होगी। राष्ट्रपति ने कहा, हम देश के हर हिस्से में एक बार फिर यूक्रेन का झंडा फहराएंगे। हम हथियारों के दम पर यह कर सकते हैं, लेकिन हमें अभी कुछ समय लगेगा। जेलेंस्की ने इस संबंध में कोई विस्तृत चर्चा नहीं की। हालांकि, इस बात पर जोर दिया कि रूस की बातचीत की कोई भी पहल केवल चीजें लटकाने का बहाना है और रूस की कार्वाई उसके इरादे स्पष्ट करती है। वे वार्ता की बात करते हैं और अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की घोषणा करते हैं। वे वार्ता की बात करते हैं, लेकिन यूक्रेन नियंत्रित क्षेत्रों में छद्म जनमत संग्रह की घोषणा करते हैं।

## मैक्सिको की राजधानी में 6.8 की तीव्रता के भूकंप के झटके, एक महिला की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राजधानी में 6.8 की तीव्रता के भूकंप से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और इस दौरान एक महिला की मौत भी हो गई। भूकंप के झटके बुधवार देर रात एक बजे महसूस किए गए। पश्चिमी व मध्य मैक्सिको में तीन दिन पहले आए 7.6 तीव्रता के भूकंप में दो लोगों की जान चली गई थी। भूकंप का केंद्र पश्चिमी मिचोआकन में प्रशांत तट के पास दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में करीब 24.1 किलोमीटर की गहराई पर था। सोमवार को आए भूकंप का केंद्र भी मिचोआकन में था। मिचोआकन की स्थानीय सरकार ने कहा कि भूकंप के झटके राज्यभर में महसूस किए गए। उरुवां में एक इमारत के क्षतिग्रस्त होने और मिचोआकन व ग्युरेरो को तट से जोड़ने वाले राजमार्ग पर भूस्खलन भी हुआ। किसी तरह के जानमाल की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। मैक्सिको के राष्ट्रपति एंद्रेस मैनुएल लोपेज़ ओब्रादोर ने ट्वीट कर बताया कि यह सोमवार को आए भूकंप के बाद के झटके थे।

## हिन्दुओं के प्रति नफरत का माहौल बन रहा है: अमेरिकी संगठन

**भाषा।** वाशिंगटन

**एक अमेरिकी** संगठन ने अमेरिका और दुनिया के कई हिस्सों में हिंदू समुदाय के लोगों पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि इस समुदाय के लोगों के प्रति नफरत का माहौल बन रहा है। वैज्ञानिक शोध संस्था नेटवर्क कॉन्टेजियन रिसर्च इंस्टीट्यूट के सह संस्थापक तथा मुख्य विज्ञान अधिकारी जोएल फिनकेलस्टीन ने यह बात कही। उन्होंने अमेरिकी संसद भवन परिसर में कोलिजन ऑफ हिंदूज ऑफ नार्थ अमेरिका (सीओएचएनए) द्वारा आयोजित एक कार्यकम में अपने नवीनतम शोध के अहम बिंदुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि हाल के महीनों में अमेरिका और कनाडा में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने हिंदू अमेरिकन कम्युनिटी के सदस्यों से कहा, और अब हम देख रहे हैं कि इंग्लैंड में किस प्रकार का निम्न स्तरीय विरोध हो रहा है। उनका इशारा ब्रिटेन में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ हो रही हिंसा की ओर था। यह एक गैर लाभकारी संगठन है जो गलत सूचनाओं, भ्रमित करने वाली सामग्री तथा सोशल मीडिया में नफरत फैलाने वाली बातों का अध्ययन करती है। हिंदुओं के खिलाफ नफरत का माहौल बन रहा है। एक प्रश्न के उत्तर में फिनकेलस्टीन ने कहा दुनिया भर में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ नफरत बढ़ने की आशंका है। सांसद हांक जॉनसन ने अमेरिका में हिंदुओं के प्रति नफरत की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। वह वर्तमान संसद में एकमात्र बौद्ध सांसद हैं। हमें हमारे धर्म, नस्ल तथा पृष्ठभूमि के प्रति नफरत के खिलाफ एकजुट होना चाहिए लेकिन दुर्भाग्य से नफरत से जुड़ी घटनाएं खासतौर पर हिंदू अमेरिकियों के खिलाफ, अमेरिका में हुई हैं। सीओएचएनए संगठन से जुड़े निकुंज त्रिवेदी ने कहा कि अमेरिकी समाज में हिंदू अमेरिकियों का योगदान वर्षों में गहरा हुआ है। हमारी पृष्ठभूमि विविधता पूर्ण है....हम सिर्फ वैज्ञानिक नहीं हैं और न ही कक्षा में बैठे उबाऊ लोग...।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन गिरावट

**भाषा।** मुंबई

### अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने से सेंसेक्स 337 अंक और टूटा



**घरेलू शेयर** बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 337 अंक से अधिक टूटकर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में 90 पैसे की गिरावट के साथ इसके 80.96 पर पहुंचने से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख तथा अन्य केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर बढ़ाए जाने की संभावना के बीच उभरते बाजारों में बिकवाली तेज रही। इससे शेयर बाजार, मुद्रा बाजार तथा निवेश के अन्य उत्पादों पर भी असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 337.06 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,119.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 624 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 88.55 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,629.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड सबसे ज्यादा 2.80 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी लि. बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, मारुति, आईटीसी और डॉ. रेड्डीज शामिल हैं। इनमें 2.73 प्रतिशत तक की तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व उम्मीद के विपरीत अधिक आक्रामक हुआ है और उसने नीतिगत दर साल के अंत तक बढ़ाकर 4.4 प्रतिशत करने का संकेत दिया है। इससे मौद्रिक नीति को लेकर इस साल होने वाली अगली दो बैठकों में ब्याज दर में 1.25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। इसके साथ अमेरिकी-डॉलर सूचकांक 111 से ऊपर चला गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 80 से ऊपर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, भारतीय शेयर बाजार सीमित गिरावट के साथ अपनी मजबूती को बनाए रखने में कामयाब रहा। लेकिन अगर रुपए में गिरावट जारी रही, बाजार विदेशी निवेशकों के लिए अल्पकाल में कम आकर्षक होगा। उसका असर बाजार पर पड़ेगा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, वैश्विक स्तर पर मंदी की आशंका से आईटी, धातु तथा औषधि जैसे वैश्विक स्तर पर जुड़े शेयरों पर कुछ समय के लिए दबाव रह सकता है।

दूसरी तरफ मजबूत घरेलू मांग के साथ जिंसों के दाम में गिरावट के साथ दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), पेंट, टायर और वाहन जैसे क्षेत्रों को लाभ हो सकता है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोपीय शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में बुधवार को गिरावट रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.55 प्रतिशत बढ़कर 90.32 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने दो दिन की लिवाली के बाद बुधवार को शुद्ध रूप से 461.04 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# भारत ने डब्ल्यूटीओ में चावल, गेहूं के निर्यात पर पाबंदी के फैसले का बचाव किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत ने विश्व** व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में गेहूं और चावल के निर्यात पर पाबंदी के लगाने के अपने फैसले का बचाव किया है। हालांकि, संगठन के सदस्य कुछ देशों ने भारत के रूख को लेकर चिंता जताई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूटीओ की बैठक पिछले हफ्ते जिनेवा में हुई थी जिसमें अमेरिका, यूरोपीय संघ ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि वैश्विक बाजारों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भारत ने घरेलू उपलब्धता को बढ़ाने के लिए मई में गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगा दी थी। उसने चावल के टुकड़े के निर्यात पर भी रोक लगाई थी और उसना को छोड़कर गैर-बासमती चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत उत्पाद शुल्क लगाया था। दरअसल, चालू खरीफ सत्र में धान की फसल की बुवाई कम हुई है ऐसे में घरेलू आपूर्ति को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाना पड़ा है। अपने फैसले का बचाव करते हुए भारत ने यह स्पष्ट किया है कि चावल के टुकड़े के निर्यात पर पाबंदी इसलिए लगाई गई क्योंकि हाल के महीनों में अनाज का निर्यात बढ़ गया है जिससे घरेलू बाजार पर दबाव बढ़ रहा है। वहीं गेहूं के मामले में खाद्य सुरक्षा चिंताओं की वजह से निर्यात पर पाबंदी लगाने की जरूरत पड़ी है। एक अधिकारी ने बताया, भारत ने कहा है कि ए पाबंदियां अस्थाई हैं और लगातार निगरानी रखी जा रही है। भारत से चावल की टुकड़े और चावल के अन्य उत्पादों का बड़े पैमाने पर आयात करने वाले सेनेगल ने अनुरोध किया है कि इस कठिन वक्त में खाद्य उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वह व्यापार खुला रखे। बैठक में थाइलैंड,

## ब्रिटेन, भारत के बीच बढ़ते संबंधों में पहला कदम हो एफटीए : क्लेवरली

**न्यूयॉर्क।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दीपावली तक पूरा करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है और ब्रिटेन की उनकी समकक्ष लिज ट्रस भी चाहती है कि उनका प्रशासन भारतीय नेता की रफ्तार और महत्वाकांक्षा के साथ चले। ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने यह कहा। क्लेवरली ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक और पुराने है और इसलिए बहुत अधिक व्यापक, अर्थपूर्ण मुक्त व्यापार समझौता करने की आकांक्षा भी है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर कहा, निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली तक मुक्त व्यापार समझौता करने का बहुत ही महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसका मतलब है कि हमे और भारतीय वार्ताकारो को बहुत मेहनत करनी होगी और हम इसके लिए तैयार है।

## भारत ने कुछ प्लास्टिक के आयात में अचानक आई तेजी के बाद रक्षोपाय जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** भारत ने घरेलू उद्योगों की शिकायत के बाद कुछ विशेष किस्म के प्लास्टिक के आयात में अचानक वृद्धि की रक्षोपाय (सेफगार्ड) जांच शुरू की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने दो पीपीएम से अधिक अवशिष्ट वीसीएम के साथ पीवीसी सस्पेंशन रेजिन के आयात की जांच शुरू की है। इसका इस्तेमाल विभिन्न उद्योगों जैसे पाइप, पैकेजिंग, वायरिंग और इंसुलेशन तथा चिकित्सा उत्पादों में किया जाता है। डीजीटीआर की एक अधिसूचना के अनुसार, केमप्लास्ट कुड्डालोर विन्यल्स और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने जांच शुरू करने के लिए आवेदन दायर किया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि भारत में आयात की मात्रा में अचानक तेज वृद्धि हुई है, जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति होने लगी है। इससे आगे और अधिक क्षति का खतरा पैदा हो रहा है। इन कंपनियों ने आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध के रूप में रक्षोपाय उपायों को लागू करने का अनुरोध किया है।

# अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने प्रमुख नीतिगत ब्याज दर में की 0.75 फीसदी की वृद्धि

## स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर में अबतक की सबसे बड़ी वृद्धि की

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक ने बढ़ती महंगाई को काबू में लाने के लिए बृहस्पतिवार को नीतिगत दर मे अबतक की सबसे बड़ी वृद्धि की। उसने प्रमुख ब्याज दर बढ़ाकर 0.5 प्रतिशत कर दी जो अबतक शून्य से 0.25 प्रतिशत नीचे थी। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व और अन्य देशो के केंद्रीय बैंको के ब्याज दरो मे वृद्धि के बीच स्विस नेशनल बैंक ने यह कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने यह भी संकेत दिया कि कीमत स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वह आगे भी नीतिगत दर बढ़ा सकता है। इस वृद्धि के साथ नीतिगत दर 0.5 प्रतिशत हो गई है जो अबतक शून्य से नीचे 0.25 प्रतिशत (-0.25 प्रतिशत) थी। नई दर शुक्रवार से प्रभाव मे आएगी। स्विस नेशनल बैंक ने महंगाई को काबू मे लाने के लिए यह कदम उठाया है जो अगस्त मे 3.5 प्रतिशत रही। कुछ अर्थशास्त्रियो का कहना है कि महंगाई को लेकर स्विट्जरलैंड की स्थिति यूरोप के अन्य पड़ोसी देशो के मुकाबले कुछ बेहतर है।

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 0.75 फीसदी की वृद्धि करते हुए कहा है कि ऊंची मुद्रास्फीति से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह लगातार तीसरी बार है जब दरों में वृद्धि की गई है। प्रमुख नीतिगत दर में हालिया वृद्धि से अब यह 3 से 3.25 फीसदी के बीच हो गई है और यह 2008 की शुरुआत के बाद इसका सबसे ऊंचा स्तर है। गैस के दाम में नरमी से मुद्रास्फीति में कुछ राहत जरूर मिली लेकिन अगस्त में यह 8.3 फीसदी पर ही बनी रही। केंद्रीय बैंक के अधिकारियों ने बुधवार को संकेत दिया था कि अभी दरों में और वृद्धि की जाएगी और साल के अंत तक प्रमुख नीतिगत ब्याज दर 4.4 फीसदी के स्तर को छू सकती है। वहीं अगले वर्ष इसे और बढ़ाकर 4.6 फीसदी तक ले जाया जा सकता है जो 2007 के बाद से सबसे अधिक होगी। फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पावेल ने कहा, इस कदम की वजह से मंदी आ सकती है या नहीं, यह तो कोई नहीं जानता लेकिन अगर आती भी है तो वह कितनी गंभीर होगी ? हमें मुद्रास्फीति को पछाड़ना होगा। काश ऐसा करने का कोई पीड़ारहित तरीका होता, अफसोस कि ऐसा नहीं है। उच्च स्तर पर बनी हुई मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में जो बढ़ोतरी की है उससे वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ने, बेरोजगारी बढ़ने और मंदी का खतरा पैदा हो गया है।

## एफएमसीजी, मोबाइल, तंबाकू, शराब के अवैध व्यापार से 58,521 करोड़ रुपए के कर का नुकसान: रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**रोजमर्रा** के उपभोग का सामान (एफएमसीजी), मोबाइल फोन, तंबाकू उत्पाद और शराब सहित पांच प्रमुख उद्योगों में अवैध व्यापार के कारण 2019-20 में सरकारी खजाने को 58,521 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उद्योग मंडल फिक्की की एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि इन उद्योगों में अवैध कारोबार का आकार वर्ष 2019-20 में 2.60 लाख करोड़ रुपए से थोड़ा अधिक था। पांच प्रमुख उद्योगों में हुए कुल अवैध कारोबार में एफएमसीजी उद्योग का 75 प्रतिशत हिस्सा था। इन पांच उद्योगों में एफएमसीजी खाद्य वस्तुएं, एफएमसीजी घरेलू एवं निजी उपयोग की वस्तुएं, मोबाइल, तंबाकू और शराब उद्योग शामिल हैं। अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाली तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के खिलाफ फिक्की की समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इन पांच प्रमुख उद्योगों में अवैध सामान के कारण सरकार को अनुमानित कर नुकसान 58,521 करोड़ रुपए है। इस रिपोर्ट का शीर्षक - अवैध बाजार: हमारे राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा है। इन पांच प्रमुख उद्योगों में अवैध व्यापार के कारण सरकार को होने वाले कुल कर नुकसान में दो अत्यधिक विनियमित और उच्च कर वाले उद्योग- तंबाकू उत्पाद और शराब हैं। कुल कर हानि में इनकी लगभग 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्ट में कहा गया कि अवैध व्यापार के कारण एफएमसीजी खाद्य वस्तुओं में सबसे अधिक 7.94 लाख नौकरियां गईं। इसके बाद तंबाकू उद्योग में 3.7 लाख, एफएमसीजी घरेलू एवं निजी उपयोग उद्योग में 2.98 लाख, शराब उद्योग में 97,000 और मोबाइल फोन उद्योग में 35,000 नौकरियों का नुकसान हुआ। इन पांच क्षेत्रों में अवैध व्यापार के कारण सरकार को एफएमजीसी खाद्य वस्तुओं में 17,074 करोड़ रुपए के कर का नुकसान हुआ।

## ईडी ने चंडीगढ़ के रियल्टी समूह की 147 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के एक मामले में चंडीगढ़ के एक रियल एस्टेट समूह की 147 करोड़ रुपए से अधिक की परिसंपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई परिसंपत्तियों में गुप्ता बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड (जीबीपीपीएल), इसके निदेशक सतीश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, उनके सहयोगी अनुपम गुप्ता और नवराज मित्तल के वाणिज्यिक स्थल, आवास, कृषि भूमि और बैंक खाते शामिल हैं। कुर्क की गई परिसंपत्तियों का कुल मूल्य 147.81 करोड़ रुपए है। एजेंसी ने बताया कि जीबीपीपीएल के निदेशकों ने अन्य लोगों की मिलीभगत से घर खरीदारों से जुटाए धन की हेराफेरी की। धोखाधड़ी से हासिल धन को विभिन्न चल-अचल संपत्तियों में निवेश किया गया, इन्हीं संपत्तियों की कुर्की की गई है। बयान के मुताबिक, जांच में पता चला कि कंपनी ने खरीदारों से 478 करोड़ रुपए जुटाए और इन लोगों को फ्लैट, भूखंड तथा वाणिज्यिक स्थल देने का वादा कर उनके साथ धोखा किया।

## डिजिटल भुगतान को लोकप्रिय बनाने में भारत की सफलता ने आशंकाओं को दूर किया: सीतारमण

**भाषा।** पुणे



**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली के सफल क्रियान्वयन ने इस बारे में संदेह करने वालों को गलत साबित किया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को मोदी शासन के 20 वर्ष कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, लॉकडाउन के दौरान एक बटन दबाने भर से लोगों के बैंक खातों में राशि पहुंच गई। यदि वे बैंक नहीं जा सके या इसे बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी तो बैंक मित्रों ने गांव जाकर उन्हें उनका पैसा दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि इसी दौरान कुछ अगड़ी अर्थव्यवस्थाएं चेक बनाकर, उन्हें लिफाफे में डालकर डाक के जरिए लोगों को भेज रही थीं। उन्होंने कहा कि इस बारे में कई आशंकाएं जताई गईं कि इलेक्ट्रॉनिक भुगतान काम कैसे कर पाएगा विशेषकर ग्रामीण इलाकों में जहां इंटरनेट कनेक्टविटी अच्छी नहीं है। लेकिन कोविड के बावजूद यूपीआई भुगतान के मामले में भारत विश्व में सबसे आगे रहा। सीतारमण ने कहा कि कुछ वर्ष पहले संप्रग सरकार के एक मंत्री ने कहा था कि इलेक्ट्रॉनिक भुगतान को लोकप्रिय बनाना असंभव है क्योंकि एक सब्जी विक्रेता को आप सात रुपए का भुगतान किस तरह करेंगे। उन्होंने कहा कि अब यह संदेह दूर हो चुका है

# आस्था के जरिए कुम्हारों को रोजगार दे रही योगी सरकार

### दीये बना दीपोत्सव की तैयारी में जुटे कुम्हार बोले-सरकार हमारे घरों में भी त्योहारों को कर रही है गुलजार

### दीपोत्सव में बनाए गए दीयों की आय से कई महीने रोटी की होती है व्यवस्था







**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

**योगी** सरकार के आस्था का केंद्र दीपोत्सव कुम्हारों को रोजगार देने का भी अवसर उपलब्ध करा रहा है। बाहर से आने वाले दीपों के साथ स्थानीय कुम्हारों को भी दीये बनाने का काम मिला है। कुम्हारों की मानें तो दीपोत्सव के कारण दिवाली का त्योहार आर्थिक रूप से भी उनके घरों में रौनक लेकर आता है। दीपोत्सव में सरयू घाट पर जलते उनके दीप जहां भगवान राम के चरणों में श्रद्धा निवेदित करते हैंए वहीं यह दीप अपने घर पर प्रज्ज्वलित कर वे मां लक्ष्मी से सुखमय जीवन की कामना भी करते हैं। माटी कला बोर्ड के गठन से भी सरकार मिट्टी का कार्य करने वाले कुम्हारों को बढ़ावा दे रही है।

### 40 कुम्हारों के घर बनाए गए साढ़े छह लाख दीये

दीपोत्सव के मद्देनजर 40 कुम्हारों के घर से साढ़े छह लाख दीये तैयार कर लिए गए हैं। इन्हें 15 दिन में बनाया गया है। अभी दीये इनके घर पर ही रखे गए हैं। 27 सितंबर से इन दीयों को एकत्र किया जाएगा। साथ ही इन कुम्हारों को जल्द ही और दीये बनाने का ऑर्डर मिलने की संभावना है। कुम्हारों ने बताया कि दीयों के इन ऑर्डर को कम समय में ही तैयार किया गया है।

### बढ़ जाती है आय

जयसिंहपुर के कुम्हार रामनवमी कहते हैं कि उनके बनाए दीयों में सोंधी खुशबू भी है। यह दीये शुद्ध मिट्टी से बने होते हैं। दीपोत्सव में हमारे बनाए दीयों से भी सार्थकता सिद्ध होती है। अयोध्या के बने दीये शुद्ध हैं। रामनवमी को दीपोत्सव के लिए 20 हजार दीये बनाने हैं। आम तौर पर महीने में ढाई हजार व वर्ष भर में वे 25 हजार दीये तैयार करते हैं। महीने में 5 से 7 हजार व वर्ष भर में 50.60 हजार रुपये कमा लेते हैंए पर कार्तिक मास में दीपोत्सव के मद्देनजर मासिक आय 10 से 15 हजार के करीब हो जाती है। इस मास में योगी सरकार हमारे लिए अधिक खुशियां ले आती हैं।

### हमारी दिवाली को उजियारा करती है योगी सरकार

पुष्पा देवी को 10 हजार दीप बनाने का कार्य मिला है। वे कहती हैं कि इसके लिए कुछ महिलाओं को साथ जोड़ा है। दीपोत्सव से हम सभी के घर में प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। हमारी सूनी दिवाली को उजियारा करने में दीपोत्सव का बड़ा योगदान है। एक साथ 10 हजार दीपों की बिक्री से होने वाली आय के कारण घर में काफी खुशियां आ जाती हैं। सरकार यह दीपोत्सव हमेशा करती रहे।

### बच्चे फोड़ पाते हैं पटाखे

कुम्हार आशा देवी भी दीपोत्सव के मद्देनजर दीप बनाने में व्यस्त हैं। इन्हें 8 से 10 हजार दीये तैयार करने हैं। इससे उनकी आय काफी हद तक हो जाती है। इससे मिठाइयांए पटाखे व जरूरत की चीजें खरीदकर खुशनुमा दिवाली मनाती हैं। वहीं इन पैसों के कारण बच्चे भी पटाखे फोड़ पाते हैं। यह सब योगी सरकार की देन है।

### 'बाबूए सरकार हमें काम भी तो दे रही है'

कुम्हार बबलू प्रजापति के मुताबिक उन्हें 15 हजार दीये बनाने का ऑर्डर मिला है। और दीये बनाने का ऑर्डर मिलने की संभावना है। इस बार पिछले साल के मुकाबले ज्यादा दीये बनाने का ऑर्डर मिला है। मिट्टी के दीए बनाने वालीं रेनू देवी भी सरकार के आस्था के साथ रोजगार से जोड़ने की इस पहल की काफी सराहना करती हैं। वे कहती हैं कि सरकार ने मिट्टीए कुम्हारए दीपोत्सव को संस्कृति से जोड़कर अनुपम बना दिया। जयसिंह पुर गांव के ही विनोद कुमार कहते हैं कि इससे हमारी आजीविका भी रास्ते पर आती है। बाबूए हमें काम भी मिल रहा है।

# बारिश से हुए हादसों में दस की गई जान

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के इटावा, फिरोजाबाद और बलरामपुर जिलों में वर्षाजनित हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। इटावा के जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चंद्र पुरा गांव में 21I22 सितंबर की रात को लगातार बारिश के बीच एक मकान की दीवार ढह जाने से मलबे में दबकर एक ही परिवार के चार भाई बहनों सिंकू (10), अभि (आठ), सोनू (सात) और आरती (5) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में बच्चों की दादी चांदनी देवी (70) और पांच वर्षीय भाई घायल हो गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कपिल देव सिंह ने बताया कि 21I22 सितंबर की रात इकदिल थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 पर कृपालपुर गांव के निकट पेट्रोल पंप की चहारदीवारी उसके सहारे बनी झोपड़ी पर गिर गई। उसके मलबे में दबकर 65 वर्षीय राम सनेही और उनकी पत्नी रेशमा देबी (62) की मौत हो गई। इस बीच, चकरनगर थाना क्षेत्र के अंदावा के बंगलन गांव में लगातार हो रही बरसात के चलते एक घर की दीवार ढह जाने से वहां सो रहे जबर सिंह (35) नामक व्यक्ति की मलबे में दबकर मौत हो गई। फिरोजाबाद से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक जिलाधिकारी रवि रंजन ने बताया कि शिकोहाबाद के बंशीनगर निवासी सुनील कुमार के छह वर्षीय पुत्र शिवम की बुधवार रात मकान धराशाई होने से मलबे दबकर मौत हो गई। इस घटना में परिवार के आठ सदस्य भी घायल हुए हैं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक अन्य घटना में एका थाना क्षेत्र के नगला गवे में 57 वर्षीय इसहाक अली की ढही दीवार के मलबे में दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है। फिरोजाबाद जिले में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक जलभराव से लोगों का आवागमन भी बाधित हुआ है। बलरामपुर जिले से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक पचपेड़वा थाना क्षेत्र के बरगदवा सैफ गांव में बृहस्पतिवार को बारिश के बीच गिरी बिजली की चपेट में आ जाने से अशरफ (13) की मौत हो गई जबकि उसका 12 वर्षीय चचेरा भाई झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सरयू नदी में नहाते समय दो किशोर डूबे

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के खरीद गांव में सरयू नदी में स्नान करते समय दो किशोर डूब गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से लगातार तलाशी में जुटी हुई है। इस दौरान अभी तक किशोरों का कोई पता नहीं लगा। अनुमान है कि तेज बहाव के चलते दोनों काफी दूर निकल गए। सिकंदरपुर थाना प्रभारी योगेश यादव ने बताया कि जिले के सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के खरीद गांव के अवनीश कुमार (17) एवं किशन कुमार (15) बृहस्पतिवार की दोपहर अपने दो साथियों के साथ सरयू नदी में स्थित खरीद घाट पर स्नान कर रहे थे और इसी दौरान सभी युवक डूब गए। उन्होंने बताया कि दो युवक तो निकल आए, लेकिन अवनीश कुमार एवं किशन कुमार का पता नही चल सका।घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस गोताखोरो की सहायता से युवकों की तलाश में जुटी हुई है।

## कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, अमेठी से यही सीखा है मैंने



**अमेठी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बृहस्पतिवार को कहा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है एक ना एक दिन उन्हें जीत जरूर मिलती है, अमेठी से मैंने यही सीखा है। स्मृति ईरानी ने वीडियो कांफ्रेस के जरिए रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा, जिन छात्र छात्राओं का आज इस रोजगार मेले में चयन नहीं हुआ है, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है, उन्हें अपनी कोशिश जारी रखनी चाहिए कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती है। अमेठी से मैंने यही सीखा है। ईरानी ने कहां कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद देश के इतिहास में पहली बार कौशल विकास के लिए मंत्रालय बनाया। उन्होंने कहा कि यह मंत्रालय अकेले काम नहीं करेगा, बल्कि दूसरे मंत्रालय भी इसके साथ मिलकर काम करेंगे जिसका नतीजा है कि आज अमेठी के नवोदय विद्यालय में छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ इस रोजगार मेले में देखी गई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद

### न्यायालय ने मात्र 10 दिनों में सुनाया फैसला

**प्रयागराज।** अपर सत्र न्यायाधीश ध्विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने भूपेंद्र सिंह उर्फ भोनू निवासी किरांव थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज को नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास ;जो अभियुक्त के शेष प्राकृतिक जीवन कॉल तक के लिए कारावास द्धऔर बीस हजार अर्थदंड से दंडित किया अर्थदंड की राशि पीडिता को उसके चिकित्सीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा उसके पुनर्वास हेतु प्रदान की जाएगीध। न्यायालय द्वारा लोक मामले में12 सितंबर को आरोपित किया गया तथा अभियोजन द्वारा साक्षी गणों को साक्ष्य हेतु प्रस्तुत किया गया दिनांक 20 सितंबर 2022 को बहस सुनी गई तथा 21 सितंबर 2022 को न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोष सिद्ध किया गया आज 22 सितंबर 2022 को न्यायालय द्वारा अभियुक्त को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए आजीवन कारावास जो कि उसकी शेष प्राकृतिक जीवन तक के लियेरहेगा तथा बीस हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया इस प्रकार न्यायालय ने मात्र 10 दिनों में उपरोक्त मामले का निस्तारण किया वादिनी मुकदमा के अनुसार वह 10 अगस्त 2022 को अपने मायके अंतर्गत थाना कोतवाली नगर आई थी दिनांक 12 अगस्त 2022 को समय 7रू30 शाम उसकी 6 वर्षीय पुत्री उसके भाई की पुत्री के साथ दावत खाने गई थी दावत खाकर वापस आते समय रास्ते में उसकी पुत्री पीडिता को एक आदमी खेत में बहला.फुसलाकर ले गयाध् जब मेरी भतीजी रोते हुए घर आई और बताया तब हम लोग उसको खोजना शुरू किया तब पीड़िता को उक्त आदमी खेत में लेकर लेटा था मेरी पुत्री पीड़िता रो रही थी उसने बताया की इस व्यक्ति ने उसके पेशाब के रास्ते में उंगली डाल दी जिससे उसे दर्द हो रहा है पीड़िता के पेशाब के रास्ते में खून आ रहा था इस बीच गांव के कुछ लोग एकत्र हो गए और उस व्यक्ति से पूछा तो उसने अपना नाम भूपेंद्र सिंह निवासी किरांव थाना मऊआइमा बताया अभियोजन की तरफ से पीड़िताए उसकी मांए चश्मदीद साक्षीए डॉक्टरए प्रधानाचार्य एविवेचकए तथा रेडियोलॉजिस्ट को साक्ष्य हेतु प्रस्तुत किया गया जिन्होंने उपस्थित होकर घटना के बारे में स्पष्ट साक्ष्य दिया अभियुक्त द्वारा अपने बचाव में उम्र के बाबत एक प्रार्थना पत्र टी सी लगाकर नाबालिक घोषित किए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया न्यायालय द्वारा उक्त टीसी को जांच उपरांत फर्जी पाए जाने पर उक्त प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया और अभियुक्त को बालिग माना। न्यायालय ने यह पाया कि दौरान विवेचना विवेचक द्वारा विवेचना में लापरवाही बरती गई है जो कतई क्षम्य नहीं है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत छात्र छात्राओं ने निकाली जल यात्रा



**बांदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जिलाधिकारी श्री अनुराग पटेल ने अशोक लाट तिराहे से केन नदी तक विभिन्न विद्यालयों के छात्रध्छात्राओं की जल यात्रा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा रैली में बच्चों के साथ जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण इस जल यात्रा में पैदल चलकर केन नदी तट तक गये। इस जल यात्रा रैली का उद्देश्य जल को बचाने तथा जल संरक्षित करना है। यह जल यात्रा रैली जिलाधिकारी के नेतृत्व में अशोक लाट तिराहे से संकट मोचन मंदिरए जेल रोड चैराहा होते हुए केन नदी तक आयोजित की गयी। रैली में छात्रध्छात्राओं द्वारा जल संरक्षण व संचयन हेतु संदेश प्रदान करने के लिए जल ही जीवन हैए जल है तो कल हैए जल बचाओ.कल बचाओए पानी की रक्षा है.देश की सुरक्षा आदि स्लोगन के द्वारा जल को संचयनध्बचाने के लिए लोंगो को प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने केन नदी के तट पर जल यात्रा रैली के समापन पर उपस्थित समाजसेवियोंए विभिन्न विद्यालय के छात्रध्छात्राओं एवं अध्यापकों तथा गणमान्य लोंगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण एवं वर्षा जल की एक.एक बूंद को एकत्र करना बहुत महत्वपूर्ण है। बुन्देलखण्ड में जल संरक्षण की बहुत बडी आवश्यकता है तथा जल ही जीवन की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए जल संचयन करना बहुत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जल संचयन एवं जल के बचाव हेतु लोंगो में जन.जागरूकता लाने हेतु इस जल यात्रा रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के 1725 जूनियर एवं प्राथमिक विद्यालयों तथा 200 इण्टर कॉलेज के छात्रध्छात्राओं द्वारा जल यात्रा का आयोजन कर लोंगो को जल बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षा जल के संचयन हेतु हम सभी लोंगो को नदियोंए पोखरोंए तालाबों को संरक्षित करते हुए वर्षा के जल को एकत्र करना हैए जिससे कि भूगर्भ जल का स्तर बढे और आने वाले समय में जल संकट से बचाव हो सके।

### हवालात से दो आरोपी हुए फरार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र मे बृहस्पतिवार को चोसाना पुलिस चौकी की हवालात से दो आरोपी भाग गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस ने डकैती की योजना बनाने के आरोप में गुफरान और रहीस नामक बदमाशों को बुधवार रात पकड़ कर चोसाना पुलिस चौकी की हवालात मे बंद किया था, लेकिन वे दोनो पुलिस कांस्टेबल योगेंद्र की लापरवाही से भाग निकले। उन्होंने बताया कि इस मामले मे दोनों फरार बदमाशों और लापरवाही के आरोपी सिपाही योगेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। उन्होने बताया कि योगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें जगह-जगह दबिश दे रही है।

### काव्य गोष्ठी का आयोजन

**गोंडा।** हिंदी पखवाड़ा 14 से 29 सितम्बर के तहत आदर्श रेलवे जंक्शन गोंडा के संयुक्त कार्यालय के सभागार में क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार की अध्यक्षता में हास्य सम्राट स्व0 जी0पी0 श्रीवास्तव की जयंती एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। काव्य गोष्ठी में साहित्यकार डा0 सूर्यपाल सिंह, शिवाकांत मिश्र 'विद्रोही', विनय कुमार शुक्ल 'अक्षत', सुरेंद्र कुमार 'झंझट', उमेश सोनी, परीक्षित तिवारी 'प्रेम गोंडवी' एवं कवियत्री श्रीमती नीता सिंह आदि ने हास्य सम्राट स्व0 जी0पी0 श्रीवास्तव के जीवन वृत्त व हिंदी साहित्य में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही अपनी रचनाओं से श्रोतागणों को मंत्रमुग्ध किया।

### सुर्खियों में आए अंशुमन और स्पर्श

**नोएडा।** नेटफ्लिक्स के जामताड़ा, सबका नंबर आएगा, और भी ट्विस्ट और बड़े घोटालों के साथ एक बार फिर जल्द दस्तक देने वाला है। 23 सितंबर को यह शो नए सीजन के साथ लौट रहा है। दूसरा सीजन सत्ता की हलचल पर केंद्रित होगाए क्योंकि इसमें नए खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। अत्याचारियों और पीड़ितों के बीच संघर्ष पहले से भी कहीं ज्यादा गहराने वाला है। स?पर्श श्रीवास?तव और अंशुमन पुष?कर ने पहले सीजन में पर्दे पर ए?यार और नफरत के अपने अनूठे खट्टे.मीठे संबंधों को साकार किया था और दर्शकों ने इन दोनों के बेहतरीन अभिनय का आनंद उठाया। दोनों के बीच परदे पर कजिन भाइयों वाला यह रिश्ताए परदे के बाहर भी बखूबी नजर आता है।

### ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स का नाच, गाना, हंगामा 2 अक्टूबर को

**वाराणसी।** ज़ी टीवी ने एक फन एपिसोड 'नाच, गाना, हंगामा एंड गेम्स नाइट' होस्ट करके ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के सालाना जलसे की शुरुआत की और हमें कहना होगा कि यह वाकई सितारों से सजी एक शानदार शाम थी!शूटिंग के दौरान हर कुटुंब ने नाच, गाना, हंगामा एंड गेम्स नाइट में मेगा प्राइज़ जीतने के लिए अपना बेस्ट प्रदर्शन किया। हालांकि इस मौके पर ऋषि यानी रोहित सुचंती का भाग्य यकीनन उनका साथ नहीं दे रहा था और वो अपनी लेडी लक लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे) को बहुत मिस कर रहे थे क्योंकि वो सारे गेम्स में हार रहे थे। रोहित ने शूटिंग के दौरान यह तक कह दिया, 'चूंकि आज यहां लक्ष्मी नहीं है, मेरा भाग्य साथ नहीं दे रहा।

### इलेक्ट्रिक सिटी बस के एसी में गैस भरते समय धमाका, मैकेनिक की मौत-दो घायल

**बरेली ।** बरेली शहर में संचालित इलेक्ट्रिक सिटी बस में बृहस्पतिवार की दोपहर एयर कंडीशनर (एसी) में गैस भरते समय धमाका हो गया। इस घटना में एक मैकेनिक की मौत हो गई तथा दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिलाधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम भी अपने स्तर पर जांच कराएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रिक बस का एयर कंडीशनर काम नही कर रहा था और उसमें नाइट्रोजन गैस डाली जा रही थी, लेकिन इसी दौरान कम्प्रेसर फट गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में विजय कुमार (32 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य एसी मैकेनिक नरेंद्र और सर्विस इंजीनियर बबलू गंभीर रूप से घायल हो गए।

# किसान असलम कर रहे आय बढ़ाने की मंशा को फलीभूत

**आलोक निगम।** बाँदा



**बुंदेलखंड** के प्रगतिशील किसान बकरी पालन के जरिए भूमिहीन गरीब किसानों की आय बढ़ाने की मंशा को किसान असलम फलीभूत कर रहे हैं। बुंदेलखंड जैविक कृषि फार्म में सिरोही नस्ल की एक सौ से ज्यादा बकरियां पाल रहे हैं बकरियां गरीबों का आय का जरिया बन रही है। बुंदेलखंड के 200 से ज्यादा गरीब किसानों को तरक्की की राह दिखा चुके हैं जो बकरी पालन का बेहतर आय ले रहे हैं कृषि विश्वविद्यालय से लेकर नई दिल्ली कृषि अनुसंधान केंद्र तक से उन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए कई पुरस्कार मिल चुके हैं। असलम इस समय बुंदेलखंड में दैवीय आपदा और गरीबी की मार झेल रहे किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। आपको बताते चलें कि बड़ोखर खुर्द ब्लाक के कनेरा लालपुर गांव में प्रगतिशील किसान मोहम्मद असलम प्राकृतिक खेती के साथ मछलीए बकरी और मुर्गी पालन भी कर रहे हैं जैविक व एकीकृत खेती के जरिये अपने लगभग 20 बीघा के कृषि फार्म में वह हैद्य प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए की आय ले रहे हैं कृषि प्रौद्योगिकविश्वविद्यालय से लेकर नई दिल्ली कृषि अनुसंधान केंद्र तक से इन्हें उत्कृष्ट कार्यपुरस्कार मिल चुका हैद्य असलम इस समय बुंदेलखंड में दैवीय आपदा व गरीबी की मार झेल रहे किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं चित्रकूट जनपद के दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान और केंद्र गनीवा फार्म में बकरी पालन का अध्ययन किया और उनके प्रयासों की काफी सराहना की जा रही हैद्य साथ ही कई बकरियां खरीद कर चित्रकूट जनपद में वितरित कराया उनके कृषि फॉर्म में चित्रकूट बांदा हमीरपुर महोबा ललितपुर जालौन से किसान बकरी पालन के टिप्स लेने आ रहे हैं। सिरोही नस्ल की बकरियों से फायदे बांदा प्रगतिशील किसान मोहम्मद असलम कहते हैं कि सिरोहीए बरबरीए गुजैनीए बुंदेलखंडीएनस्ल की बकरी बुंदेलखंड के किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी हैद्य मोहम्मद असलम ने बताया की बांदा गुजैनी मानिकपुर मैं ट्रेनिंग सेंटर बने हैं करीब छोटे किसान इस कार्य को 10 बकरी 1बकरा से शुरू करता है कार्य को शुरू करने में एक किसान की लागत ?55000 आती है और 15 महीने में डेढ़ लाख रुपए मुनाफा होता है इसमें दूध और बच्चों के हिसाब से आय का आकलन होता है एक बकरी में 15 महीने में 15000 का प्रॉफिट होता है लगभग 200 किसान डेढ़ डेढ़ लाख रुपया कमा रहे हैं।

## पीएफआई के पक्ष में आए सपा सांसद बर्क , पूछा- आखिर जुर्म क्या है

**संभल।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के ठिकानों पर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) की छापेमारी और उसके पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के अभियान के बीच संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद शफीक-उर-रहमान बर्क ने पीएफआई की हिमायत करते हुए कहा कि इस संगठन के लोगों का जुर्म क्या है। बर्क ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में पीएफआई के खिलाफ जारी कार्वाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर उसका जुर्म क्या है और देश की तमाम संस्थाओं की तरह पीएफआई भी एक संस्था है, जैसे दूसरी संस्थाएं अपने कार्यक्रम चलाती हैं, वैसे ही पीएफआई भी अपने कार्यक्रम संचालित करता है। उन्होंने कहा कि यह संस्था देश के मुसलमानों की समस्याओं से लड़ रही है। आखिर उसके लोगों को क्यों गिरफ्तार किया जा रहा है। गौरतलब है कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश में हुई हिंसा के मामले में पीएफआई का नाम आया था। एनआईए-पीएफआई के वित्तपोषण को लेकर केरल, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु समेत कई राज्यों में छापेमारी कर रही है। इस दौरान अनेक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# बर्दाश्त नहीं की जायेंगी आपराधिक गतिविधियां

### कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखना पहली प्रथमिकताः शिल्पा

**हेमंत पाठक।** गोंडा



**जिले** में कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुश्री शिल्पा वर्मा को कौड़िया थाने की कमान सौंपी है। पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुश्री शिल्पा वर्मा ने पायनियर से खास बातचीत के दौरान दो टूक शब्दों कहा कि थानाक्षेत्र में अपराधियों को खुलेआम घूमने नहीं दिया जायेगा, उन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए उन्हें उनके सही ठिकाने पर पहुंचाने का काम होगा। साथ ही कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रभावी प्रयास होंगे। पूरी निष्ठा व टीम भावना के तहत थानाक्षेत्र में अपराध का ग्राफ कम करने का कार्य किया जायेगा। थानाक्षेत्र में आगामी पड़ने वाले त्यौहारों को शांतिपूर्वक व सकुशल सम्पन्न कराया जायेगा। साथ ही शासन की मंशानुसार महिला संबंधी मामलों में प्राथमिकता से त्वरित कार्यवाही होगी। थाने पर आने वाले सभी फरियादियों की हर छोटी से छोटी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निराकरण कराया जायेगा। थानाक्षेत्र में पैदल गस्त व रात्रि गस्त बढ़ाते हुए अपराधियों की धड़पकड़ में तेजी लाई जायेगी। उन्होंने बताया कि वे 2018 बैच की पीपीएस आफीसर हैं और कासगंज जिले की मूल निवासी हैं। बी0एस-सी0 (स्नातक) करने के उपरान्त अपनी लगन व कठोर परिश्रम के दम पर इस मुकाम पर पहुंची हैं। पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया कि सामान्य व्यापारिक परिवार से हैं।

**मादक पदार्थो समेत शातिर अपराधी गिरफ्तारः** गोंडा। करनैलगंज पुलिस ने एक शातिर अपराधी को मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पासिन पुरवा कादीपुर निवासी पवन पासी हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसे घेर कर पकड़ लिया। उसके पास से अवैध मादक पदार्थ भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार कर्ता टीम में एसआई अजय कुमार सिंह, आरक्षी आलोक यादव व अवनीश यादव शामिल रहे।

**चोरी के माल सहित 03 चोर गिरफ्तारः**गोंडा। थाना परसपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान 03 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के सामान भी बरामद किये है।यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। इसीक्रम में थाना परसपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान तीन शातिर चोरों मनोज गोस्वामी, संदीप नाई व हिमांशु लोनिया को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 अदद गैस चूल्हा, 02 अदद कढ़ाई, 01 अदद कुकर, 01 अदद छनौटा व 02 अदद डोल्ची बरामद किया है। उक्त अभियुक्तों ने होटल दिव्या प्रकाश में चोरी की थी। जिसके संबंध में थाना परसपुर में अभियोग पंजीकृत था।

# बुमराह को लेकर असमंजस बरकरार, दूसरा टी-20 आज

**● डेथ ओवरों की गेंदबाजी भारत के लिए चिंता का सबब**

**भाषा।** नागपुर



पिच को तैयार करते स्टेडियम कर्मी

**पहले मैच** में बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला जीवंत रखने के लिए शुक्रवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगी लेकिन स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर अब भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बुमराह ने इंग्लैंड दौरे के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। वह पीठ दर्द के कारण एशिया कप में नहीं खेले थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए उन्हें टीम में चुना गया लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें मोहाली में पहले मैच में अंतिम एकादश में नहीं रखा। इससे यह आशंका पैदा हो गई क्या वह अभी पूरी तरह से फिट है या नहीं। भारतीय टीम अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर चिंतित है जिसमें ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शामिल है। उन्होंने जो पिछले 14 ओवर किए हैं उनमें 150 रन लुटाए हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार डेथ ओवरों में नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19वें ओवर में गेंद संभाली लेकिन इन तीन ओवरों में उन्होंने 49 रन लुटाए। ऐसी परिस्थितियों में भारत के लिए बुमराह का फिट होना बेहद जरूरी हो गया है। भारत को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप से पहले अभी पांच मैच खेलने हैं और इन मैचों में उसे अपनी सभी कमजोरियों को दूर करना होगा। भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। एशिया कप से पहले जहां भारत के लिए शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों का रवैया परेशानी का सबब बना हुआ था वहीं अब गेंदबाजी उसके लिए चिंता का विषय बन गया है क्योंकि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भारतीय गेंदबाजों की कमजोरी खुलकर सामने आई है। किसी भी तरह की परिस्थिति में भारत के मुख्य स्पिनर रहे यूज़वेंद्र चहल में पहले की तरह मारक क्षमता नहीं दिख रही है। पिछले कुछ मैचों में वह काफी महंगे साबित हुए हैं। उन्हें उन विकेटों पर भी अच्छा प्रदर्शन करने का तरीका ढूंढना होगा जो कि स्पिनरों के मददगार नहीं होते हैं। रविंद्र जडेजा के चोटिल होने के कारण टीम में लिए गए ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने हालांकि पिछले मैच में तीन विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की। पिछले मैच में भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा और उसने तीन आसान कैच टपकाए। इसके लिए पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी टीम की आलोचना की थी। बल्लेबाजी में आक्रमक रवैए का फायदा मिल रहा है। पिछले मैच में इसी अंदाज में बल्लेबाजी करके राहुल, हार्दिक और सूर्यकुमार ने रन बटोर कर स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया था जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली जल्दी आउट हो गए थे। टीम में फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक को पिछले मैच में ज्यादा मौका नहीं मिला और उन्हें यहां अधिक मौका दिया जा सकता है ताकि विश्व कप के लिए विकल्प खुले रहें। दूसरी तरफ आस्ट्रेलिया हर विभाग में सुगठित नजर आ रहा है जबकि उसकी टीम में वॉर्नर, स्टार्क, स्टोइनिस और मार्श जैसे खिलाड़ी नहीं है। वॉर्नर की अनुपस्थिति में पारी का आगाज करने के लिए भेजे गए कैमरन ग्रीन ने अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई।

## बुमराह तैयार, चिंता की कोई बात नहीं: सूर्यकुमार



**नागपुर।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि चिता की कोई बात नही है और यह तेज गेंदबाज पीठ की चोट से उबर कर मैदान पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मे अंतिम एकादश का हिस्सा नही थे। चोट से वापसी कर रहे इस गेंदबाज को टीम प्रबंधन ने थोड़ा और समय देने का फैसला किया था। बुमराह इंग्लैड दौरे के बाद से भारतीय टीम का हिस्सा नही है। दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले सूर्यकुमार से ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन मे जब बुमराह की फिटनेस और टी20 टीम मे उमेश यादव को लेकर योजना के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे किसी खिलाड़ी पर टीम की योजना को लेकर कोई जानकारी नही है। यह मेरा विभाग नही है।

## कार्तिक और पंत दोनों भारत की टी20 विश्व कप अंतिम एकादश में देखना चाहते हैं पोंटिंग

**दुबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत इतने काबिल बल्लेबाज है कि एक साथ टी20 विश्व कप की टीम मे जगह बना सकते है। आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक मे पोंटिंग ने लिखा , भारतीय क्रिकेट हलकों मे लंबे समय से यह बहस हो रही है कि टीम मे विकेटकीपर बल्लेबाज कौन होगा। कार्तिक शानदार फिनिशर है तो पंत की प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नही है। भारत ने दोनों को टीम मे रखा है और पोंटिंग का मानना है कि यह सही फैसला है। उन्होंने कहा , मेरा मानना है कि दोनो भारतीय टीम मे जगह के हक्दार है। इससे कोई फर्क नही पड़ता कि दोनो विकेटकीपर है। उनकी बल्लेबाजी इतनी दमदार है। पंत मध्यक्रम मे और कार्तिक फिनिशर के तौर पर काफी खतरनाक हो सकते है। पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी और भारत के जसप्रीत बुमराह का मुकाबला होने पर पोंटिंग का मानना है कि अनुभव के मामले मे बुमराह का पलड़ा भारी है।

# आईओए संविधान में संशोधन के लिए पूर्व न्यायाधीश नागेश्वर राव को कोर्ट ने दी जिम्मेदारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के संविधान में संशोधन और निर्वाचक मंडल तैयार करने के लिए गुरुवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव को नियुक्त किया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश राव देश में ओलंपिक के भविष्य को लेकर निष्पक्ष और विकास परक रवैया सुनिश्चित करेंगे। न्यायालय ने न्यायमूर्ति राव से कहा कि वह संविधान में संशोधन और 15 दिसंबर 2022 तक चुनाव कराने के लिए खाका तैयार करें। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही आईओए के मौजूदा महासचिव राजीव मेहता और उपाध्यक्ष आदिल सुमरिवाला को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) की 27 सितंबर को होने वाली बैठक में भाग लेने की अनुमति भी प्रदान की। पीठ ने कहा, युवा मामले और खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव न्यायमूर्ति राव को तमाम व्यवस्था सुलभ कराएंगे जिस की प्रतिपूर्ति आईओए करेगा। पीठ में न्यायमूर्ति हिमा कोहली भी शामिल थी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने आठ सितंबर को आईओए को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि वह शासन से जुड़े अपने मुद्दों को सुलझाए और दिसंबर तक चुनाव संपन्न करें। इनमें विफल होने पर विश्व संस्था भारत पर प्रतिबंध लगा देगी। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की स्विजरलैंड के लुसाने में हुई बैठक में नरिन्दर बत्रा के भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पद से हटने के बाद किसी कार्यवाहक या अंतरिम अध्यक्ष को मान्यता नहीं देने का फैसला भी किया गया था। उसने कहा था कि वह किसी भी विषय पर बात करने के लिए महासचिव राजीव मेहता से संपर्क करेगा।

## जम्मू कश्मीर में तीन दिवसीय साइकिल प्रतियोगिता शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई नए स्थलों से गुजरने वाली साइकिल प्रतियोगिता कश्मीर साइक्लोथॉन को मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में भारत और नेपाल के लगभग 60 साइकिल चालक भाग ले रहे हैं। इसे यहां रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ क्लब से हरी झंडी दिखाई गई।

## भारत–ऑस्ट्रेलिया मैच के टिकट खरीदने को लेकर अफरा–तफरी, चार घायल

**हैदराबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां 25 सितंबर को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकट खरीदने को लेकर जिमखाना मैदान पर गुरुवार को अफरा-तफरी का माहौल बन गया जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि धक्का-मुक्की होने के कारण कुछ लोग असहज महसूस करने लगे जिनमें कुछ महिलाएं भी शामिल थी। घायलो मे दो महिलाएं शामिल थी जिनकी स्थिति अब अच्छी है। उन्हे सांस लेने मे तकलीफ होने लगी।

## भारत में आईपीएल खेलने का अनुभव काम आया : टिम डेविड

**नागपुर।** सिंगापुर में जन्मे आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टिम डेविड ने बृहस्पतिवार को कहा कि आईपीएल के दौरान भारतीय हालात में खेलने के अनुभव से उन्हे पहले टी20 मैच में दबाव में संयम बनाए रखने में मदद मिली। डेविड ने पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए आईपीएल में पदार्पण किया था। इसके बाद उन्हे मुंबई इंडियंस ने खरीद लिया जिसके लिए इस साल उन्होंने आठ मैच खेले।

## कपूर ने बढ़त बनाई, संधू चौथे पायदान पर

**लिंकोऊ।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर यांगडर टीपीसी चैम्पियनशिप के पहले दिन गुरुवार को यहां आठ अंडर 64 के शानदार कार्ड के साथ तालिका मे शीर्ष पर पहुंच गए। कपूर ने एक ईगल और आठ बर्डी लगाए। उन्होंने इस दौरान दो बोगी भी किए। कोविड-19 के कारण तीन साल तक स्थगित होने के बाद एशियाई टूर पर इस टूर्नामेंट की वापसी हुई है। एशियाई टूर पर चार बार के विजेता कपूर के पास दो शॉट की बढ़त है। अजितेश संधू ने यहां पांच अंडर 67 का कार्ड खेला और वह संयुक्त चौथे स्थान पर है।

## निशानेबाजी जूनियर विश्व चैम्पियनशिप : भारत की झोली खाली

**ओसिएक (क्रोएशिया)।** भारतीय जूनियर ट्रैप टीम यहां आईएसएसएफ विश्व शॉटगन चैम्पियनशिप में पदक नही जीत सकी। जूनियर पुरूष वर्ग मे शपथ भारद्वाज और महिला वर्ग मे भव्या त्रिपाठी ने सात भारतीय निशानेबाजों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शपथ दो दिन क्वालीफाइंग दौर के 111 के स्कोर के साथ 15वें और भव्या 103 स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रही। जूनियर पुरूष ट्रैप के आर्य वंश त्यागी और शारदुल विहान क्रमशः 32वें और 37वें स्थान पर रहे। जूनियर महिला वर्ग मे सबीरा हैरिस 19वें, प्रीति रजक 22वें और आद्या त्रिपाठी 32वें स्थान पर रही।

## विश्व कप में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहते हैं: ललित

**बेंगलुरू।** भारतीय हॉकी टीम के फॉरवर्ड ललित उपाध्याय ने कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाले विश्वकप में घरेलू परिस्थितियो का फायदा उठाकर पिछले 48 वर्षों से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म करना चाहती है। भारत अगले साल 13 से 29 जनवरी के बीच भुवनेश्वर और राउरकेला मे पुरूष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2018 में खेला गया था और तब भारत क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 1-2 से हारकर बाहर हो गया था।

# अगले साल से अपने पुराने प्रारूप में लौटेगा आईपीएल : गांगुली

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के सत्र से कोविड-19 से पहले के अपने मूल प्रारूप में वापसी करेगा, जिसमें टीमें अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान पर मैच खेलती थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस संबंध में बोर्ड से मान्यता प्राप्त इकाइयों को अवगत करा दिया है। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी फैलने के कारण आईपीएल कुछ स्थानों पर ही आयोजित किया गया। वर्ष 2020 में इसका आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के तीन स्थानों दुबई, शारजाह और अबुधाबी में खाली स्टेडियमों में किया गया था। वर्ष 2021 में इस टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन चार स्थानों दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और चेन्नई में किया गया। लेकिन अब महामारी नियंत्रण में है और इसलिए यह लीग घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान के पुराने प्रारूप में खेली जाएगी। गांगुली ने राज्य इकाइयों को भेजे गए संदेश में कहा, आईपीएल को अगले साल से घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान पर मैच खेलने के प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। सभी 10 टीमें अपने घरेलू मैच अपने तय स्थल पर खेलेंगी। बीसीसीआई 2020 के बाद पहली बार अपना पूर्ण घरेलू सत्र का आयोजन कर रहा है जिसमें टीमें घरेलू और विरोधी टीम के मैदान के पुराने प्रारूप में खेल रही हैं। बीसीसीआई इसके अलावा अगले साल के शुरू में बहु प्रतीक्षित महिला आईपीएल का आयोजन करने की भी योजना बना रहा है। पीटीआई ने पिछले महीने रिपोर्ट दी थी कि महिला आईपीएल का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के बाद मार्च में किया जा सकता है। गांगुली ने 20 सितंबर को भेजे गए संदेश में कहा, बीसीसीआई अभी बहुप्रतीक्षित महिला आईपीएल के आयोजन पर काम कर रहा है। इसका पहला सत्र अगले साल के शुरू में आयोजित किया जा सकता है। महिला आईपीएल के अलावा बीसीसीआई लड़कियों के अंडर-15 एक दिवसीय टूर्नामेंट को भी आयोजित करने जा रहा है।



## आईसीसी अध्यक्ष पद मेरे हाथ में नही

**कोलकाता।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने आईसीसी का अध्यक्ष बनने की अटकलों पर विराम लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आईसीसी अध्यक्ष पद उनके हाथ मे नही है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने जुलाई मे अगला अध्यक्ष नवंबर महीने में चुनने को मंजूरी दी थी। बर्मिंघम में हुई बैठक के बाद यह तय किया गया कि ग्रेग बार्क्ले का कार्यकाल इस साल खत्म होने के बाद चुनाव सामान्य बहुमत से कराए जाएंगे और अगले अध्यक्ष का कार्यकाल एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2024 के बीच होगा। उसके बाद से गांगुली के नाम की अटकलें लगाई जा रही है। उनसे इस बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , आईसीसी अध्यक्ष पद मेरे हाथ में नही है। आईसीसी बोर्ड ने तय किया है कि अब अध्यक्ष के चुनाव के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत नही है। नए सुझाव के तहत उम्मीदवार को 51 प्रतिशत मतों की जरूरत है। भारतीय टीम पिछले कुछ अर्से से फॉर्म में नही है और गांगुली ने स्वीकार किया कि बड़े टूर्नामेंटों मे अच्छा प्रदर्शन नही कर पाना चिंता का विषय है।

## बीसीसीआई की एजीएम 18 अक्टूबर को, आईसीसी में भारत के प्रतिनिधि का चयन

**मुंबई।** बीसीसीआई ने 18 अक्टूबर को मुंबई मे आमसभा की सालाना बैठक कराने की पुष्टि की है। बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा भेजी गई सूचना मे यह जानकारी दी गई है। बैठक मे बोर्ड के पदाधिकारियो अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के चुनाव पर भी बात की जाएगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में भारत के प्रतिनिधि का चयन भी होगा। फिलहाल दो उम्मीदवार दौड़ मे है जिनमे 77 वर्षीय पूर्व दिग्गज प्रशासक एन श्रीनिवासन और बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगुली शामिल है। बैठक के एजेंडे मे 29 बिदु है। भारतीय क्रिकेटर संघ से शीर्ष परिषद मे दो प्रतिनिधियों (एक महिला और एक पुरूष) का चयन होगा।

## गांगुली, कोहली ने बीसीसीआई सचिव जय शाह को जन्मदिन पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बोर्ड के सचिव जय शाह को गुरुवार को उनके 34वें जन्मदिन पर बधाई दी। कई पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों ने भी 2019 से बोर्ड के सचिव पद पर काबिज शाह को सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी। गांगुली ने ट्विटर पर लिखा, जय शाह को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। ईश्वर उन्हे खुशियो और सफलताओं से भरी स्वस्थ और लंबी उम्र दे। कोहली ने ट्वीट किया, जय शाह आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। शाह को पिछले साल एशियाई क्रिकेट परिषद का भी अध्यक्ष चुना गया था। हरभजन सिंह, शिखर धवन और सूर्यकुमार यादव तथा महिला क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मिताली राज ने भी शाह को जन्मदिन पर बधाई दी।

# हरमनप्रीत और रेणुका चमकी

**● भारत ने 23 साल बाद इंग्लैंड में वनडे श्रृंखला जीती**

**भाषा।** कैंटरबरी

**कप्तान हरमनप्रीत** कौर की नाबाद 143 रन की आकर्षक शतकीय पारी और रेणुका सिंह के चार विकेट की मदद से भारत ने दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 88 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-। से अजेय बढ़त हासिल की। भारतीय महिला टीम ने इस तरह से इंग्लैंड की धरती पर 1999 के बाद पहली बार एकदिवसीय श्रृंखला जीती। उसने 23 साल पहले इंग्लैंड को 2-। से हराया था। हरमनप्रीत ने अपनी शतकीय पारी में 111 गेंदों का सामना करके 18 चौके और चार छक्के लगाए। यह उनका वनडे क्रिकेट में पांचवा और इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा शतक है। उनके अलावा हरलीन देओल ने 58 और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 40 रन का योगदान दिया जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 333 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह भारतीय महिला टीम का वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। उसने इससे पहले 2017 में आयरलैंड के खिलाफ पोटचेफस्ट्रूम में दो विकेट पर 358 रन बनाए थे। हरमनप्रीत की शानदार बल्लेबाजी के बाद मध्यम गति के गेंदबाज रेणुका सिंह ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया तथा 57 रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने इंग्लैंड को 44.2 ओवर में 245 रन पर आउट कर दिया। उसकी तरफ से डैनी वाइट ने सर्वाधिक 65 रन बनाए। भारत इस तरह से दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शानदार विदाई देने में सफल रहा जो अपनी आखिरी वनडे श्रृंखला खेल रही हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार को लॉर्डस में होने वाला तीसरा मैच झूलन का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आखिरी मैच होगा और भारतीय टीम उसमें जीत दर्ज करके क्लीन स्वीप के साथ अपनी इस स्टार खिलाड़ी को विदाई देना चाहेगी। भारत इससे पहले टी20 श्रृंखला।-2 से हार गया था लेकिन वनडे में वह शानदार वापसी करने में सफल रहा और इसका श्रेय कप्तान हरमनप्रीत को जाता है जिन्होंने लगातार मैचों में शानदार पारियां खेली। हरमनप्रीत ने पहले मैच में नाबाद 74 रन बनाए थे जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (आठ) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिसके बाद मंधाना और भाटिया (26) ने पारी संवारने का अच्छा प्रयास किया। इन दोनों के आउट होने के बाद हरमनप्रीत और हरलीन ने चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी। हरमनप्रीत ने इसके बाद पूजा वस्त्राकर (18) के साथ 50 रन और दीप्ति शर्मा (नाबाद 15) के साथ 71 रन की दो उपयोगी साझेदारी की।



## झूलन गोस्वामी को लॉर्ड्स में शानदार विदाई देने को तैयार है भारत: हरमनप्रीत

**कैंटरबरी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि इंग्लैड के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतने के बाद अब उनकी टीम अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शनिवार को लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे वनडे मे शानदार विदाई देने के लिए तैयार है। इंग्लैड के वर्तमान दौरे के बाद 39 वर्षीय झूलन गोस्वामी अपने दो दशक तक चले करियर को अलविदा कह देगी तथा हरमनप्रीत का मानना है कि श्रृंखला मे क्लीन स्वीप करना उनके लिए शानदार विदाई होगी। भारत ने दूसरे वनडे में इंग्लैड को 88 रन से हराकर 23 साल बाद उसकी धरती पर एकदिवसीय श्रृंखला जीती। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, लॉर्ड्स मे होने वाला आखिरी मैच हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद झूलन संन्यास ले लेंगी और हम बिना किसी दबाव के इस मैच का आनंद लेना चाहते है।

# लावेर कप में युगल में साथ खेलेंगे फेडरर और नडाल



**भाषा।** लंदन

रोजर फेडरर और रफेल नडाल लावेर कप में शुक्रवार को युगल मुकाबला साथ खेलेंगे और यह फेडरर के सुनहरे कैरियर का आखिरी मैच भी होगा। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन फेडरर और लंबे समय से कोर्ट पर उनके प्रतिद्वंद्वी रहे 22 ग्रैंडस्लैम विजेता नडाल टीम यूरोप के लिए टीम विश्व के फ्रांसिस टियाफो और जैक सॉक के खिलाफ खेलेंगे। फेडरर की प्रबंधन कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। एकल मैचों में कैस्पर रूड का सामना सॉक से, स्टेफानोस सिटसिपास का सामना डिएगो श्वार्त्जमैन से और एंडी मे की टक्कर एलेक्स डि मिनाउर से होगी।

## सानिल शेट्टी उलटफेर से बचे, मिश्रित युगल में शीर्ष वरीय बाहर



**सूरत।** पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन और तीसरी वरीयता प्राप्त सानिल शेट्टी उलटफेर का शिकार होने से बच गए जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त जी साथियान और दूसरी वरीयता प्राप्त अचंत शरत कमल अपने अपने मैच जीतकर 36वें राष्ट्रीय खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा में तीसरे दौर में पहुंच गए। स्थानीय मिश्रित युगल टीम मानव ठक्कर और फिलजाह फातिमा कादरी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त महाराष्ट्र के सानिल शेट्टी और आर टेनिसन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पुरूष एकल में शेट्टी उत्तर प्रदेश के दिव्यांश श्रीवास्तव से हार से बच गए। उन्होंने करीबी मुकाबले में 11-5, 7-11, 9 -11, 77-8, 11-9, 7-11, 11-9 से जीत दर्ज की। साथियान ने हरियाणा के वेसले डो रोसेरियो को हराया जबकि शरत ने महाराष्ट्र के रविंद्र कोटियान पर जीत दर्ज की। मानव ठक्कर ने उत्तर प्रदेश के सार्थ मिश्रा को हराया जबकि हरमीत देसाई ने तेलंगाना के मोहम्मद अली को मात दी।

# भारत ए ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड ए को सात विकेट से हराया

**भाषा।** चेन्नई

**मध्यम तेज** गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और कुलदीप सेन की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ए ने बृहस्पतिवार को पहले अनधिकृत वनडे मैच में न्यूजीलैंड ए को सात विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर न्यूजीलैंड ए टीम सौ रन के भीतर सिमटने की कगार पर थी लेकिन माइकल रिप्पोन ने 104 गेंद में 61 और जो वॉकर ने 49 गेंद में 36 रन बनाकर टीम को 40 . 2 ओवर में 167 रन तक पहुंचाया। भारत ए के लिए ठाकुर ने 32 रन देकर चार और सेन ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। भारतीय टीम ने 31 . 5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान संजू सैमसन ने तीन छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 31 और रजत पाटीदार ने 41 गेंद में 45 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ ने 41 और राहुल त्रिपाठी ने 31 रन का योगदान दिया। इससे पहले ठाकुर ने पिच से मिल रही गति और उछाल का पूरा फायदा उठाकर तीसरे ओवर में चाड बोवेस (10) को आउट किया। अगले ओवर में उन्होंने डेव क्लीवेर (चार) को पवेलियन भेजा। सेन ने जो कार्टर (एक) और रचिन रविंद्र (10) को पवेलियन भेजकर कीवी पारी की कमर तोड़ दी। अगले ओवर में सेन ने टॉम ब्रूस को खाता खोले बिना रवाना किया। कप्तान रॉबर्ट ओडोनेल और सीन सोलिया ने मिलकर स्कोर को 51 रन तक पहुंचाया। सोलिया को ऋषि धवन ने आउट किया। ओडोनेल ने 39 गेंद में 21 रन बनाए।



कुलदीप सेन

## इंद्रजीत के शतक से दक्षिण क्षेत्र ने बढत बनाई

**कोयंबटूर।** बाबा इंद्रजीत के शतक और कृष्णप्पा गौतम के 43 रन की मदद से दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन पश्चिम क्षेत्र पर पहली पारी में बढत बना ली। इंद्रजीत ने 125 गेंद मे 118 रन बनाए। उनके अलावा मनीष पांडे ने 48 और गौतम ने 55 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। पश्चिम क्षेत्र के पहली पारी के 270 रन के जवाब मे दक्षिण क्षेत्र ने दूसरे दिन सात विकेट पर 318 रन बना लिए थे। एक समय दक्षिण क्षेत्र का स्कोर छह विकेट पर 243 रन था लेकिन हरफनमौला गौतम और टी रवि तेजा (26) ने सातवें विकेट के लिए सिर्फ 16.2 ओवर मे 63 रन जोड़े। फाइनल मैच पांच दिन का है लिहाजा अभी इस बढत को काफी नही कहा जा सकता और नियमित बल्लेबाजो मे सिर्फ तेजा ही क्रीज पर है। आर साइ किशोर उनके साथ है जिन्होंने गेंदबाजी मे 86 रन देकर पांच विकेट लिए थे। इंद्रजीत ने हनुमा विहारी (25) के साथ 61 रन की साझेदारी की। उन्होंने अपना 13वां प्रथम श्रेणी शतक 14 चौकों की मदद से पूरा किया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए पांडे के साथ 105 रन जोड़े।

## सिर की चोट के लिए मैच के दौरान कठोर टेप के इस्तेमाल से मेरा ध्यान भटका : बजरंग पूनिया



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के जॉन माइकल दियाकोमिहालिस के खिलाफ मुकाबले के दौरान सिर की चोट के लिए चिकित्सकों के द्वार इस्तेमाल किए गए कठोर टेप से नाराज है। बजरंग ने गुरुवार को कहा कि इस टेप के इस्तेमाल के बाद उन्हे अपने मुकाबले पर ध्यान बनाए रखने मे परेशानी हुई। विश्व कप में अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश मे लगे बजरंग को बेलग्रेड मे अपने शुरूआती मुकाबले के पहले ही मिनट मे क्यूबा के एलेजांद्रो एनरिक व्लादेस टोबियर के खिलाफ सिर मे चोट के कारण खून निकलने लगा था। वहां मौजूद चिकित्सकों ने उनकी चोट के ऊपर कठोर टेप लगाया था, जिसका उपयोग वास्तव मे घुटने और टखने को स्थिर करने के लिए किया जाता है। आमतौर पर टेनिस और बास्केटबॉल खिलाड़ी ऐसे टेप का इस्तेमाल करते है। बजरंग ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार मे कहा, भगवान जाने उन्होंने ऐसा क्यो किया? मुझे इससे काफी परेशानी हुई हुई क्योंकि टेप मे मेरे सिर के बाल फंस गए थे। उन्होंने जख्म पर रूई का इस्तेमाल किए बिना टेप चिपका दिया। टेप हटाने के लिए मुझे एक स्थान से अपने बालो को काटना पड़ा। इसे हटाने मे 20 मिनट से अधिक का समय लग गया। उन्होंने कहा, अमेरिकी पहलवान के खिलाफ रणनीति बनाने की जगह मै और मेरी टीम टेप से निजात पाने मे व्यस्त रहे। दो मुकाबलो के बीच मेरे पास 20-25 मिनट का समय था और यह सारा समय टेप हटाने मे निकल गया।

## लियस बेयर कप: एरिगैसी, प्रज्ञानानंद क्वार्टर में



**न्यूयॉर्क।** भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानानंद ने प्रारंभिक चरण में क्रमशः दूसरे और चौथे स्थान पर रहकर जूलियस बेयर जेनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन प्रारंभिक चरण मे 34 अंक लेकर पहले स्थान पर रहे जबकि दूसरे स्थान पर रहे एरिगैसी के 25 अंक थे। अमेरिका के हैंस नीमन ने 24 अंको के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट के पहले दिन तीन जीत से शानदार शुरुआत करने वाले प्रज्ञानानंद ने 23 अंक हासिल किए। उन्होंने पांच बाजियां जीती, आठ बाजियां ड्रॉ खेली जबकि दो बाजियों मे उन्हे हार का सामना करना पड़ा। कार्लसन ने आखिर मे शानदार फॉर्म दिखाई और पांच बाजियां जीती। उन्होंने कुल 10 बाजियो में जीत हासिल की। एरिगैसी के लिए आखिरी दिन अच्छा नही रहा।

# तीन दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**संवाददाता। कानपुर देहात**

● **किशोर की मौत गर्भवती ,तीन बकरियां घायल**

● **कई शिक्षण संस्थाओं में जल भराव से ठप हुई पढ़ाई**

**भोगनीपुर** तहसील क्षेत्र में बीते तीन दिनो से रूक-रूककर हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिसके कच्चे एवं पक्के सैकड़ों की तादात में मकान धराशायी हो गए हैं। दीवार एवं छतें ढहने से कई स्थानों पर अप्रिय घटनाएं होने की जानकारी मिली है। सट्टी थाना क्षेत्र के क्योटरा मछरिया गांव में एक किशोर की छत के मलबे में दबकर मौत हो गई है। वहीं पिपरी गांव में एक गर्भवती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनकों जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं कई स्थानों पर मवेशी दबकर घायल हो गए हैं।

मालूम हो कि इलाके में गत मंगलवार की शाम से रूक-रूककर मूसलाधार बारिश हो रही है। जिससे विकास खंड क्षेत्र अमरौधा के ट्योंगा, क्योटरा, दिबैर, गौरीरज्जन, पिपरी, डिलौलियाबांगर, जलालपुर, मऊखास, मांचा, हलधरपुर, रम्पुरा, उदईपुर एवं भोगनीपुर और विकास खंड क्षेत्र मलासा के घार, बम्हरौली, शेरपुर, डीघ, देवीपुर, गोपालपुर समेत दर्जनों गावों में सैकड़ों की तादात में आवासीय एवं वासीय एवं गैर आवासीय घर धराशायी हो गए हैं। वहीं बाजरा, तिली, कुम्हड़ा की बोई गई फसलें बारिश के पानी से भर गईं। जिसके सड़ने से किसानों का भारी नुकसान हुआ है। तहसीलदार अनीता शेखर ने बताया कि बारिश से हुई क्षति





का सर्वे कराया जाता है। विकास खंड अमरौधा के क्योटरा मछरिया निवासी हरिश्चंद्र निषाद के मकान की छत गिर गई है। जिसमें उनके पुत्र रज्जन निषाद (13) की दबकर मौत हो गई है। वह संविलियन विद्यालय ट्योंगा में कक्षा-7 का छात्र था। छुट्टी होने के बाद पढ़कर घर गया था तभी हादसा हो गया। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया था। जहां तैनात डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं बुधवार की रात पिपरी गांव निवासी रामकिशुन के मकान छत धराशायी हो गई है। जिसके नीचे सो रहे एक गर्भवती समेत तीन लोग गंभीर रूप जख्मी हो गए हैं। रामकिशुन के पुत्र महेंद्र ने बताया कि छत गिरने से नीचे सो रही उनकी गर्भवती पत्नी रचना, भाई गणेश एवं पिता रामकिशुन गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में इलाज के लिये भर्ती कराया था। जहां से डाक्टरों ने चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया है। वहीं तीन बकरियां भी दबकर मरणासन्न हो गईं हैं। वहीं उदईपुर गांव निवासी अजीम के घर पर आकाशीय बिजली गिरने से पूरा घर गिर गया है। लेकिन जन हानि नहीं हुई है। अमरौधा के रम्पुरा निवासी कुलदीप सिंह, मऊखास निवासी सत्य नारायण, प्रदीप कुमार रमजान, अजीम, पवन कुमार की पत्नी रीमा देवी, शहीद खां की पत्नी मुन्नी बेगम, पंकज पाल की पत्नी रूचि पाल, अहरौलीशेख निवासी अबूजर की पत्नी यासमीन, राजू की पत्नी सुनीता और भोगनीपुर के उत्तम सिंह के मकान ढह गए हैं। मूसलाधार बारिश से कस्बों में भी तबाही की खबरें मिली हैं। कस्बा अमरौधा के जुलैठी, टंडनबाजार, आजादनगर में जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त है। कस्बे के श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के शिक्षण कक्षों में पानी भर गया है। प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने बताया कि इंटर कॉलेज के ग्राउंड में नगर क्षेत्र के कई मोहल्लों का पानी भर रहा है। करीब तीन महीने पहले डीएम, सीडीओ और अधिशाषी अधिकारी से लिखित शिकायत करके जल भराव की शिकायत की थी। लेकिन कारगर कार्यवाही न होने शिक्षणों कक्षों तक पानी पहुंच गया है।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अर्न्तगत गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कानपुर देहात।** बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अन्तर्गत जनपद कानपुर देहात के विभिन्न स्कूलों महाविद्यालयों में बालिकाओं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु गोष्ठी का आयोजन जनपद कानपुर देहात में दिनांक.22.09.2022 को जिलाधिकारी महोदयाए के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण सिंह के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना की कार्ययोजना के अनुसार महिलाओ एवं बालिकाओं को सशक्तिकरणए स्वावलंबनए सुरक्षाए स्वास्थ्यए शिक्षा आदि के प्रति जागरुकता हेतु जनपद के विद्यालयोंए महाविद्यालयोंए तहसील मुख्यालयोंए विकास खण्ड मुख्यालयोंए नगर पंचायत मुख्यालयोंए न्याय पंचायत मुख्यालयोंए कलेक्ट्रेट, विकास भवन आदि भीड.भाड वाले स्थानों पर कैम्पध्गोष्ठी का आयोजन कर बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के साथ.साथ विभाग की सभी योजनाओं का प्रचार.प्रसार विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया जाना हैए जिसके क्रम में आज दिनांक.22ण्09ण्2022 को जनपद के राम जानकी आदर्श विद्यालय डेरापुरएरामा इंटर नैशनल विद्यालय झींझक में कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित विभाग के कर्मचारियों द्वारा महिला कल्याण विभाग उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ;कोविडद्धए उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ;सामान्यद्धए पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजनाए बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजनाए आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी साथ ही उच्च शिक्षा सफलता के मूल मंत्र सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा की गई।

## मरम्मत के नाम पर डाली जाती है गिट्टी और मिट्टी, बने रहते है जाम जैसे हलात

● **बारिश होने पर कीचड़ और गड्ढे में बदल जाती है सर्विस लेन**

**संवाददाता। घाटमपुर**

**कानपुर-सागर** राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर के मुख्य चौराहे पर बन रहे ओवर फ्लाई के दोनों ओर बनी सर्विस लाइन की हालत बद् से बद्तर हालत में है, वहीं कार्यदायी संस्था सर्विस लाइन की मरम्मत के नाम पर गिट्टी-मिट्टी डाल कर खाना पूरी कर देती है जो जरा बारिश होने से गढ्ढ़ों और कीचड़ की शक्ल में बदल जाती है सर्विस लाइन में कीचड़ व बड़े-बड़े गढ्डे होने से राहगीरों बिशेष कर महिलाओं और स्कूली बच्चों तथा दो पहिया वाहन चालकों को आने-जाने





में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं दिन भर जाम जैसे हालत बने रहते हैं तथा से जूझना पड़ता है। चौराहे के हमीरपुर रोड़ की ओर हनुमान मंदिर के सामने तक और कानपुर रोड पर चौराहे से रेलवे स्टेशन रोड के सामने तक करीब 9 सौ मीटर लम्बा ओवर फ्लाई बन रहा है, ओवर फ्लाई का शिलान्यास तत्कालीन विधायक स्व0 कमलरानी वरुण और अकबरपुर लोक सभा सीट के सांसद देवेंन्द्र सिह भोले ने मार्च 2029 में किया था तब से निर्माण कार्य चल रहा है, ट्रक मालिकों ने बताया कि सर्विस लाइन खराब होने से 5 मिनट की रास्ता को तय करने में आधा घंटे लग जाते हैं तथा सर्विस लाइन में पड़ी गिट्टी से टायर फट जाते है। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की माने तो अगले साल मार्च तक ओवर ब्रिज बन कर तैयार हो जायेगा और वाहन फर्राटे भरने लगेंगे।

**बाइक मिस्त्री विनोद राजपूत हत्याकांड का खुलासा**

## दोनों हत्यारे साले और बहनोई अवैध शस्त्र सहित हुए गिरफ्तार

**संवाददाता। फर्रुखाबाद**

**कोतवाली** पुलिस ने बाइक मिस्त्री विनोद राजपूत हत्याकांड का पर्दाफाश कर दोनों हत्यारों साले एवं बहनोई को अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली फर्रुखाबाद के इंस्पेक्टर विनोद कुमार शुक्ला की टीम ने ग्राम उस्मान नगला निवासी ओमकार राजपूत के पुत्र नीलेश उर्फ टेंपो एवं ग्राम घुमइया रसूलपुर निवासी जबर सिंह राजपूत के पुत्र रजनेश उर्फ गब्बर को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन में मीडिया के सामने पेश किया।



पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया नीलेश एवं रमेश को ग्राम उस्मान नगला भट्ठे के निकट गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास 315 बोर के दो तमंचे व पांच कारतूस बरामद हुए हैं। जिन्होंने उस्मान नगला निवासी विनोद राजपूत की 6 दिन पूर्व तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी थी। नीलेश मृत विनोद का सगा भतीजा है एवं रजनेश नीलेश का साला है। विनोद की सेंट्रल जेल के निकट बाइक मिस्त्री मरम्मत की दुकान है। विनोद दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहा था वह गांव के बाहर भट्टे के निकट से गुजर रहा था। तभी गोली मारकर विनोद की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटना के बाद संदेश नीलेश को हिरासत में ले लिया था जबकि रजनेश घटना के बाद हरियाणा चला गया था। वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप सिंह सीओ सिटी प्रदीप कुमार सिंह मौजूद रहे।

## पोषण माह के अंतर्गत स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशन एवं जिलाधिकारी नेहा जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय के निर्देशन में पोषण माह सितम्बर 2022 के अन्तर्गत दिनांक 22ण्09ण्2022 को जनपद के समस्त 1788 ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त ऑ0वा0 केन्द्रों पर 5 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उसका वजन पोषण ट्रेकर एप पर भरकर अन्य निर्धारित मानक के अनुसार प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर स्वस्थ बच्चों का चयन कर पंचायत स्तर पर दिनाँक 02 अक्टूबर 2022 को पुरस्कार वितरण कर प्रमाण पत्र दिया जायेगा। स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों के पोषण स्वास्थ्य में सुधार लानाए पोषण की महत्ता पर जागरूकता बढ़ाना तथा एक स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाना है।

## टप्पेबाजों ने दो व्यापारियों के एक लाख उड़ाए, सीसीटीवी में हुए कैद

**फर्रुखाबाद।** शातिर टप्पेबाजों ने दो व्यापारियों के लाखों रुपए रुपए उड़ा दिए। कमालगंज सब्जी मंडी के मिठाई विक्रेता पवन गुप्ता की दुकान पर छिबरामऊ के मोहल्ला बजरिया निवासी गजक वह सोनपापड़ी के व्यापारी विपिन कुमार रुपयों का तगादा करने गए थे। चालक ने पवन गुप्ता की दुकान के सामने सड़क के दूसरी ओर कार खड़ी की और मसाला लेना चला गया। विपिन कार की अगली सीट पर बसूले गये एक लाख रुपयों का बैग छोड़कर विपिन की दुकान पर चले गए। तभी तीन चार लड़कों ने कार की घेराबंदी की एक युवक ने कार के खुले शीशे से बैग उठा लिया बैग को कपड़े में छिपाकर ले गया। दूसरी घटना जनपद कन्नौज के ग्राम जहानापुर निवासी शिव कुमार पुत्र रामनाथ के साथ हुई है। शिवकुमार लोडर से कमालगंज में रवि गुप्ता की दुकान से लोहे की टीन खरीदने गए थे। शिवकुमार को भी कई शातिर टप्पेबाजो ने घेर लिया। शिवकुमार कंधे पर रुपयों वाला काला बैग लटका कर लोडर में टीन रखवा रहे थे। उसी समय टप्पेबाज ने बैग पर कोई सफेद रंग का पदार्थ डाल दिया टप्पेबाज ने ही शिव कुमार को बैग गंदा हो जाने की जानकारी दी। शिवकुमार ने रवि की दुकान से पानी लेकर बैग को साफ किया और दुकान पर रखी टीन के पास बैग को रखकर तख्ते लदवाने लगे। टप्पेबाज भी टीन लगवाने में मदद करने लगे उसी समय टप्पेबाज ने शिवकुमार का बैग उठा लिया और बैग को वहां रखी खाली बोरी में बैग छिपाकर ले गया। शिव कुमार ने बताया कि बैग में 42 हजार रुपए थे सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों दुकानों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। विपिन की घटना में पांच एवं शिवकुमार की घटना में तीन टप्पेबाज कैद दिखे। शातिर टप्पेबाजों को मालूम था कि यहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं टप्पेबाजों ने कैमरे की ओर चेहरे नहीं किए।

## नवागंतुक सीडीओ ने संभाला चार्ज निरीक्षण कर दफ्तरों की देखी व्यवस्था

**संवाददाता। फतेहपुर**

**गुरूवार** को नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। चार्ज संभालने के बाद सीडीओ ने विकास भवन के कार्यालयो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ को देखा। उन्होने दफ्तरों को व्यवस्थित रखने के साथ ही पशुओ मे होने वाली लंपी स्किन बीमारे के मद्देनजर टीकाकरण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्यो का निर्वहन करे और सरकारी योजनाओ से पात्रों को लाभान्वित करे। बता दे कि जिले सीडीओ रहे सत्य प्रकाश का शासन ने अपर आयुक्त आबकारी प्रयागराज के पद पर स्थानांतरण कर दिया है। शासन ने सूरज पटेल को जिले का नया सीडीओ बनाया है। श्री पटेल वर्ष 2019 बैच के आईएएस अधिकारी है। यह बहराइच, मेरठ में ज्वाइन मजिस्ट्रेट के पद पर रहे। इसके पूर्व वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी भी रहे। गुरूवार को नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी ने डीएम से मुलाकात की। साथ ही कार्यभार ग्रहण किया। चार्ज संभालने के बाद नए सीडीओ सूरज पटेल ने विकास भवन मे स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी, सहकारिता, आरईएस, जल शक्ति आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा सभी अधिकारी समय से कार्यालय बैठकर जनता की समस्याओं को सुने और उनका प्राथमिकता के साथ निस्तारण करे। उन्होने पटल सहायको को पत्रावलियों का रख रखाव सही ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता आरईएस से कहा कि दूसरे जनपद में चार्ज होने के कारण जनपद फतेहपुर में बैठने का दिन निर्धारित करते हुए अवगत कराये। निरीक्षण के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने अपने बैठक कक्ष में अधिकारियो के साथ बैठक की। जिसमे सभी खंड विकास अधिकारियों को पशुओं में होने वाली लम्पी स्किन बीमारी को दृष्टिगत जनपद की सीमा से सटे ग्रामो को लम्पी स्किन बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण कराने के निर्देश दिए।

## श्रीराम भी हनुमान व भरत का ही जाप करते हैं ब्रह्मचारी

**संवाददाता। फर्रुखाबाद**

**रामचरित्र** में दो चरित्र ऐसे है जिनकी माला स्वयं श्रीराम जी भी जपते है,पहले हनुमान और दूसरे उनके छोटे भाई भरत है।

पंडा बाग में चल रही राम कथा में जालौन से पधारे मानस विद्वान ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने मानस के चरित्रों पर चर्चा करते हुए कहा कि श्रीराम स्वयं दो चरित्रों का जाप करते है,पहले भरत और दूसरे हनुमानजी है। उन्होंने कहा कि जो अपने भगवान के नाम का भक्तो में धर्म का प्रचार करे,वह भगवान है और जो अपने नाम का दुरुपयोग करे वह हैवान है। हनुमानजी ने अपने रोम रोम में श्रीराम को बसा रखा है, क्योंकि हनुमान जी ही रुद्रा अवतार है।

छत्तीसगढ़ दुर्ग से पधारे पीलाराम शर्मा ने राजा बलि के दान की प्रसंशा करते हुए कहा कि राजा बलि के पास वामन अवतार विष्णु भगवान आए और उन्होंने राजा बलि से दान मांगा। राजा बलि ने अपने गुरु शुक्राचार्य के मना करने पर भी वामन



अवतार को दान देने का संकल्प कर दिया ।वामन अवतार ने राजा से तीन पग जमीन देने को कहा ।वामन अवतार ने दो पग से पूरी धरती नाप ली । अब वामन ने कहा कि तीसरा पग कहां रखे तब राजा बलि धरती पर लेट गए और तीसरे पग से अपने शरीर को नाप लेने को कहा । वामन अवतार ने तीसरे पग से राजा बलि का शरीर भी नाप लिया । राजा बलि को वामन अवतार को पाताल लोक भेज दिया। राजा बलि ने वरदान मांगा कि आप हर समय मेरे सामने रहे।राजा बलि ने अपने गुरु शुक्राचार्य का त्याग कर दिया । जब राजा बलि के पास विष्णुजी स्थायी रूप से रहने लगे तब लक्ष्मीजी को विष्णुजी के पास आना पड़ा । झांसी से पधारे मानस मनोहर अरुण गोस्वामी ने लंकापति रावण के पूर्व जन्म का इतिहास बताते हुए कहा कि राजा जालंधर काफी बलवान राजा था उसका देवता भी बाल बाका नही कर पाए । सभी देवता शिवजी के नेतृत्व में विष्णु के पास पहुंचे और गुहार लगाई ।विष्णुजी ने जालंधर को हराने के लिए उसकी रानी वृंदा को ठगने का निश्चय किया । विष्णु राजा जलंधर का रूप धरकर सती वृंदा के पास पहुंचे ।सती वृंदा ने अपने पति रूपी विष्णु का स्वागत किया । विष्णु ने वृंदा के हाथ का स्पर्श किया । वृंदा विष्णु रूपी जालंधर को पहचान गई। वृंदा का सतीत्व भंग होने के कारण विष्णु को पाषाण होने का श्राप दे दिया । लक्ष्मी जी पहुंची उन्होंने पूछा कि तुमने मेरे पति को श्राप क्यू दे दिया तो वृंदा ने बताया तुम्हारे पति ने मेरा सतीत्व भंग कर दिया था इस पर लक्ष्मी ने वृंदा को घास यानी तुलसी हो जाने का श्राप दे दिया।वृंदा ने लक्ष्मी को श्राप दिया की अगले जन्म में मेरे पति तुम्हारे हाथो का स्पर्श करेगे ।अगले जन्म में जालंधर रूपी रावण ने लक्ष्मी रूपी सीता के हाथ का स्पर्श करके सीता का अपहरण किया।

## क्विक न्यूज

### दो दर्जन भाजपाई और सपाइयों ने थामा बसपा का दामन

**फतेहपुर।** शहर के ग्रैंड लॉन मैरिज हॉल में बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में सदस्यता अभियान पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान दो दर्जन लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। बैठक के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद घनश्याम चंद्र खरवार रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संदीप जडेजा और कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश अंबेडकर ने किया। राज्यसभा सांसद घनश्याम चंद्र ने बैठक में मौजूद लोगों से कहा कि देश में समतामूलक प्रस्ताव स्थापना करने के लिए बसपा की सरकार बनाना जरूरी है। कहा कि देश और प्रदेश में व्याप्त असमानता तथा सर्व समाज के शोषण को रोकने के लिए बहन जी के हाथों में कमान सौंपने होगी। वहीं विशिष्ट अतिथि अमरेंद्र बहादुर भारती ने कहा कि प्रदेश की जनता एक बार फिर बहन जी के सुशासन को याद कर प्रदेश में ही नहीं बल्कि केंद्र में भी बहन जी को देखना चाहता है। उन्होंने कहा कि बसपा की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीतियों से प्रभावित होकर बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी के लगभग दो दर्जन लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस दौरान पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम,डॉ जगन्नाथ पाल, राजू गौतम, आदित्य पांडेय, मिथिलेश आदि बसपाई मौजूद रहे।

### जनपदस्तरीय वृहद रोजगार मेला कल

**कानपुर देहात।** मिशन निदेशक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के निर्देश पर 24 सितम्बर को सुबह साढे दस बजे से शाम साढे चार बजे तक जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन इको पार्क माती मुख्यालय में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुये जिला समन्वयक नोडल प्रधानाचार्य उ0प्र0 कौशल विकास मिशन राम सिंह ने बताया जिले से 2 हजार प्रशिक्षार्थियों को रोजगार प्रदान किये जाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिये जनपद व जनपद से बाहर की कम्पनियॉ वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग करेंगी।

### डीएम ने आसरा आवास योजना के अर्न्तगत आवासों का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** डीएम नेहा जैन ने अकबरपुर तहसील क्षेत्र के अर्न्तगत अकबरपुर रूरा रोड पर आसरा आवास योजना अर्न्तगत निर्माणाधीन आवासों क निरीक्षण किया, निरीक्षण केदौरान आवासों में दीमक लगी पाई गई एवॅ खिडकियॉ फर्श आदि टूटी मिली, डीएम ने कहा कि निर्माणाधीन आवासों में जहॉ कहीं भी छोटी मोटी कमी है उसे दुरूस्त करा लें तथा शीघ्र ही लाभाथियों को वितरण करने हेतु संपूर्ण व्यवस्थायेंद् रूस्त करे, उन्होंने कहा कि यहॉ पर साफ सफाई भी करांए तथा दवा का छिडकाव भी हो जिससे कि मच्छर आदि न पनपने पाए, उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को आवास दिये हेतु पूर्ण कार्यवाही सुनिश्चत करें। इसके बाद डीएम ने अकबरपुर चौराहे पर टैक्सी स्टैण्ड का इसके बाद डीएम ने अकबरपुर चौराहे पर टैक्सी स्टैण्ड का भी निरीक्षण किया, जहॉ पर अवैध तरीके से खडे ऑटो संचालकों को निर्देशित किया कि चिन्हित ऑटो स्टैण्ड पर ही ऑटो चालक सवारियॉ भरा करें, उल्लंघन करने पर ऑटो चालकों पर सख्त कार्यवाही का निर्देश दिया गया।

### विद्या वेबसाइट लॉन्च

**कानपुर।** भांडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना 6 जुलाई 1917 को हुई थी। संस्था ने पिछले एक सौ पांच वर्षों से भारतीय सभ्यता की विशाल और समृद्ध विरासत का अध्ययन किया है और महाभारत के महत्वपूर्ण संस्करणए धर्मशास्त्र के इतिहास और वैदिक ग्रंथ सूची जैसे महान कार्यों को प्रकाशित किया है। इसी अध्ययन को डिजिटल स्वरूप में लाने के लिए संस्था ने भारतीय शिक्षा पर आधारित भारत विद्या वेबसाईट का निर्माण किया है। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 21 सितंबर को पुणे में हुए समारोह में भारत विद्या वेबसाइट को लॉन्च किया। आने वाले समय में भारत विद्या वेबसाइट भारत की समृद्ध सभ्यतागत विरासत जो धर्मए साहित्य और दर्शनए विज्ञान और चिकित्साए कला और वास्तुकलाए इतिहास और भौतिक संस्कृति आधारित विषयों को सीखने के संसाधनों की मेजबानी करेगा।

### हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर छात्र-छात्राओं ने किया याद

**फतेहपुर।** लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कॉलेज पनी में हास्य कलाकार एवं उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कॉलेज में नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेंद्र शरण सिंपल ने हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। वहीं विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके गुदगुदाते चुटकुलों को याद किया। जिला अपराध निरोधक समिति के सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण ने हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश में ही नहीं विदेशों में भी अपना नाम पैदा कर रखा था। उन्होंने सदैव सभी के दिलों में राज किया है और वह कभी भुलाए नहीं जाएंगे।

### बाइक की टक्कर से मवेशी चरा रहे किसान की मौत, बाइक सवारों की हालत नाजुक

फतेहपुर। तेज रफ्तार बाइक सवारों की टक्कर से हाइवे किनारे मवेशी चरा रहे किसान की मौत हो गयी। वही बाइक सवार चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायलों को बहुआ पीएचसी में लेकर गयी।जहां से डाक्टरो ने सदर अस्पताल रिफर कर दिया। वही किसान की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया। ललौली थानाक्षेत्र के दतौली गांव के समीप हरसोखरी बाबा मंदिर के सामने बांदा टांडा हाइवे किनारे दतौली गांव निवासी किसान राजेन्द्र कुमार उर्फबबलू द्विवेदी (45) पुत्र जगदीश द्विवेदी अपनी भैंस चरा रहे थे।तभी सिधांव से यमुना की तरफजा रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर किसान को टक्कर मार दिया।जिससे किसान की मौके पर मौत हो गयी। वही बाइक सवार धर्मेंद्र पासवान (26)पुत्र रघुवीर पासवान निवासी सिधांव व उसका चचेरा भाई महेंद्र कुमार (25)पुत्र राजकुमार निवासी सिधांव गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलों को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से पीएचसी में भर्ती कराया।जहां से इलाज के बाद डाक्टरो ने सदर अस्पताल रिफर कर दिया। बाइक सवार धर्मेंद्र पासवान के बड़े भाई धीरेंद्र पासवान की 20 सितंबर को बीमारी से मौत हो गयी थी। जिसकी अस्थियों का विसर्जन करने दोनो चचेरे भाई धर्मेंद्र पासवान व महेंद्र कुमार यमुना नदी के बेंदा घाट बाइक से जा रहे थे।

### गोल्डी का एक और रोमांटिक गीत

**लखनऊ।** आज सजेया और अखियां नअखियां की सफलता के बाद, गोल्डी सोहेल ने अब सोनी म्यूजिक के सहयोग से एक रोमांटिक इंडी गीत पहाड़ों के पीछे प्रस्तुत कियाहैं। यह मधुरइंडी गीत राग और स्वर का एक असाधारण मिश्रण है जो एक रूमानीअनुभूतिका भाव तैयार करता है। गोल्डी द्वारा रचाऔर लिखा गया यह गीत शांत प्रसन्न करनेवाला है और एक गुनगुनाने योग्य राग भी इसमें है। एनिमेटेड लिरिकवीडियो दिल को छूने वाले ट्रैक के वातावरण और मूड के साथ घुलता भीहै और आपकी अगली यात्रा के लिए एकदम सही अनुभूति की वातावरण निर्मिती करता है।गाने के बारे में बातकरते हुए संगीतकार, गायक और गीतकार गोल्डी सोहेल ने कहा दुनिया के सामने मेरे दिल के इतने करीब एक सिंगल को रिलीज होते हुए देखना बहुत उत्तेजना देता है।

# नवोदय विद्यालय गौरीगंज परिसर में रोजगार मेले का आयोजन

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर रोजगार मेले का किया शुभारंभ
- 22 कंपनियों ने साक्षात्कार के उपरांत 1520 अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र
- रोजगार मेले में सांसद ने वर्चुअल प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों को किया सम्बोधित


कार्यक्रम में उपस्थित मंच पर जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य गणमान्य


कार्यक्रम स्थल पर जिलाधिकारी

संवाददाता। अमेठी

**उत्तर प्रदेश कौशल** विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रोजगार मेले का आयोजन आज जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज में प्रात: 10 बजे से आरंभ किया। रोजगार मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने फीता काटकर किया। इस मेले में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के 12 प्रशिक्षण केंद्रों, आईटीआई, पॉलीटेक्निक में पिछले 3 वर्षों में प्रशिक्षित लाभार्थियों के साथ सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत लगभग 2560 लाभार्थियों ने 22 कंपनियों में साक्षात्कार दिया गया, जिसमें कुल 1520 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, इस कार्यक्रम में जनपद की मा. सांसद स्मृति जुबिन ईरानी जी द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों को संबोधित करते उन्हें आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। रोजगार मेला जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, आईटीआई एवं जिला सेवायोजन अधिकारी की टीम ने सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस कार्यक्रम में जनपद अमेठी में आज ही नवांगुत मुख्य विकास अधिकारी, सान्या छाबड़ा द्वारा भी अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। रोजगार मेले में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, भाजपा के महामंत्री, वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमंत विक्रम सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, प्रिंसिपल आई टी आई अजय सिंह, एस के सिंह प्रिंसिपल राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, अमेठी आदि ने इस कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मेरी कोशिश है कि अमेठी के हर हाथ को मिले काम: स्मृति इरानी

**अमेठी ।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दीदी स्मृति इरानी ने जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज परिसर में जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वृहद रोजगार मेले का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए कहाकि मेरी कोशिश अपनी अमेठी के हर एक युवा को रोजगार के अवसर मुहैया कराने की है। अमेठी में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार ऐसे मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि अमेठी के युवाओं को रोजगार से जोड़ने सिलसिलेवार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को नवोदय में लगे वृहद रोजगार मेले 42 से अधिक कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में युवाओं ने भी अच्छी-खासी संख्या में हिस्सा लिया। तमाम युवाओं को रोजगार से जुड़ने का अवसर भी मिला। अमेठी में दीदी स्मृति की पहल पर लगातार अलग-अलग स्थानों पर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए ऐसे मेलों का आयोजन होता रहा है। आगे भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे। दीदी अपनी अमेठी के विकास के साथ ही यहां के युवाओं को रोजगार से सीधे जोड़ने को लेकर लगातार प्रयासरत हैं।

## क्विक न्यूज

### सेवा पखवाड़ा के सातवें दिन जल संरक्षण के बारे में जनमानस को किया गया जागरूक

**गौरीगंज,अमेठी।** सेवा पखवाड़ा के सातवें दिन अमेठी जनपद के विभिन्न स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा 卐जल ही जीवन है卐 के मंत्र को साकार करने व वर्षा जल संरक्षण से संबंधित केस धारण अभियान के बारे में जनमानस को जन जागरण करने के लिए अभियान चलाया गया भविष्य में जल संकट से निपटने के लिए पहले ही सबको सावधान करने की दृष्टि से भाजपा द्वारा जन जागरण करके जनमानस को जागरूक किया गया।प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला जिला महामंत्री केशव सिंह जिला महामंत्री मंत्री राकेश त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा हेमंत विक्रम सिंह सहित जनपद के सभी प्रमुख कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष मोर्चो के अध्यक्ष व पदाधिकारी गांव व बूथों पर जनमानस को जागरूक करने के लिए जन जागरण अभियान चलाया।

### ब्रिटिश काल के चौकीदार बाबूलाल का निधन

**मुसाफिरखाना ,अमेठी।** ब्रिटिश काल से चौकीदारी कर रहे दादरा गांव निवासी सौ वर्षीय बाबूलाल पासी की मृत्यु होने की सूचना पर स्थानीय पुलिस महकमे के कर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी । मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव दादरा निवासी बाबूलाल पासी पुत्र विशेश्वर ब्रिटिश हुकूमत के दौरान 1936 में चौकीदार के पद पर नियुक्त किए गए थे ।ब्रिटिश सरकार के समय से पुलिस थाने में ग्राम चौकीदार की जिम्मेदारी का निर्वाहन करते रहे ।बाबूलाल का गुरुवार की दोपहर में निधन हो गया।बाबूलाल की अस्वस्थता के दौरान उनके पौत्र उदय राज उनके स्थान पर उनके दायित्वों का निर्वाहन कर रहे हैं थे। उनके निधन पर प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह इंस्पेक्टर हंस राज कुशवाहा उपनिरीक्षक इंगलेश तिवारी संतोष मिश्रा अंबिका सिंह अनिल चतुर्वेदी नरेंद्र सिंह धीरज मौर्य गौरव परिहार आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक

**तिलोई ,अमेठी ।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कोतवाली जायस व मोहनगंज में उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी पर्वो के दृष्टिगत कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधियों से अपील की गई। पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आज एसडीएम फाल्गुनी सिंह व सीओ डॉ0 अजय कुमार सिंह की मौजूदगी में थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वालेंटियर्स व ग्राम चौकीदारों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी । । इस मौके पर कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह, पालिका अध्यक्ष महेश प्रताप सोनकर, मुस्लिम तकरीबात कमेटी के महासचिव हाजी इशरत हुसैन, अशोक मौर्य, एवं संभ्रांत व्यक्ति धर्मगुरु भी उपस्थित रहे।

### युवक से पचास हजार की छिनैती

**ऊंचाहार।** नगर के बस स्टैंड निवासी व्यक्ति बैंक से रुपए निकाल घर जा रहा था। इसी बीच अज्ञात बाइक सवार दो युवकों ने उसके हाथ से रुपयों की गड्डी छीन ली और मौके से फरार हो गये,सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बृहस्पतिवार को बस स्टैंड निवासी छविनाथ यादव पास में मौजूद जिला सहकारी बैंक के खाते से पचास हजार रुपए निकाल कर घर जा रहा था। बैंक से चलकर वो थोड़ी दूर पहुंचा ही था कि दो अज्ञात युवक उसके पास पहुंचे। और रुमाल से उसके सामने कुछ छिड़क दिया। जब तक वो कुछ समझ पाता उसकी पैंट की जेब में हाथ डालकर रुपयों की गड्डी निकाल ली। युवक के चिल्लाने पर आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक दोनों बाइक सवार मौके से भाग निकले।दिनदहाड़े हुई इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, सीओ अशोक कुमार सिंह व कोतवाल संजय त्यागी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बावत पीड़ित से जानकारी हासिल की, हालांकि पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द ही घटना कारित करने वालो को जेल भेजा जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**लालगंज रायबरेली ।**लालगंज कोतवाली क्षेत्र के गुरबक्शगंज रोड साईं ढाबा के पास ट्रक ने बाइक सवार दो व्यक्तियो को टक्कर मार दी जिससे सफीपुर उन्नाव के सलीद पुर गांव निवासी राम प्रसाद पुत्र सुंदर काछी और अशोक सिंह पुत्र जगत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दोनों लोग तहसील रोड पर रशीद केला प्लांट पर मजदूरी करते थे।

# बालक-बालिका स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का आयोजन


स्वस्थ्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे

**जामो ,अमेठी ।** प्रदेश सरकार द्वारा माह सितंबर में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शासन द्वारा कुपोषित अति कुपोषित बच्चों का चिन्हाकन करके उनकी देखभाल और चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्रयासरत हैं इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा 22 सितंबर को बालक बालिका स्वास्थ्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग संतोष कुमार श्रीवास्तव ने विकासखंड जामो के अंतर्गत नंद घर भोए पहुंच कर निरीक्षण किया साथ ही वहां उपस्थित लाभार्थी के परिजनों से बातचीत करते हुए बताया शासन की मंशा के अनुरूप हम लोग आज बालक बालिका स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन पूरे जिले में कर रहे हैं और प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को लंबाई और वजन किया जा रहा है जिससे उनकी शारीरिक स्वास्थ्य का सही पता चल सकेगा की वह किस श्रेणी में आते हैं चिन्ह अंकन करने के बाद अति कुपोषित बच्चों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा जाएगा इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी जामो मोहम्मद जुनैद, सुपरवाइजर दिनेश कुमारी त्रिपाठी नंद घर परियोजना के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जोगिंदर मौजूद रहे।

# अपराध, कानून व्यवस्था व अभियोजन कार्यों को लेकर डीएम व एसपी ने की अहम बैठक


बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम

**अमेठी ।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपराध, कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों को लेकर सभी उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने भूमि विवाद निस्तारण, आपसी रंजिश, अपराध रोकथाम, विवेचना निस्तारण, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाही, गुंडाएक्ट, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा किया तथा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला उत्पी ?न, पास्को एक्ट, हत्या, बलात्कार, अपहरण, दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पॉस्को अधिनियम वाले मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र निस्तारित कराएं। उन्होंने कहा कि अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाएं साथ ही जिन व्यक्तियों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं उनका शत प्रतिशत तामिला सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, कहा कि शिकायतें लंबित ना रखी जाएं शिकायतें प्राप्त होते ही तत्काल उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि थाना दिवस के अवसर पर सभी थानों में कम से कम पांच पांच प्रकरण चिन्हित कर उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में उन्होंने जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी सीओ व थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जघन्य अपराधियों के विरुद्ध क ?ी कार्यवाही की जाएं। उन्होंने कहा कि जिन अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है वह 6 माह तक जिले से बाहर रहे यह व्यवस्था सभी थानाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाब ?ा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अजीत कुमार सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी संजय टंडन, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## तीन लोगों के पास से अवैध छुरा बरामद मुकदमा दर्ज

**खीरो( रायबरेली।** खीरो पुलिस ने बुधवार की शाम नाजायज छुरा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने पकड़े गए तीनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है । उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह बुधवार की शाम 05 बजे उदवतपुर नहर पुल के पास से संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े हरदी गांव निवासी नन्हकै यादव पुत्र सीताराम यादव तथा खीरो कस्बा निवासी विजय कुमार पुत्र रामसेवक और रजनीश कुमार साहू पुत्र बच्चन लाल साहू सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस को पकड़े गए लोगो के पास से एक, एक अवैध नाजायज छुरा बरामद हुआ । प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र अवस्थी ने बताया की उदावतपुर नहर पुल के पास से तीन लोगों के पास से छुरा बरामद हुआ है । सभी लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कि जा रही है।

## त्यौहारों को लेकर शांति कमेटी की बैठक




**सालोन।** आगामी होने वाले दुर्गा पूजा व दशहरा त्यौहार को लेकर क्षेत्राधिकारी अमित सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में एक शांति कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें क्षेत्रीय प्रधान दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष वह धर्म गुरुओं ने भाग लिया। उपस्थित ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने कहा कि आपसी सद्भाव व भाईचारा के बीच त्यौहार मनाया जाए तथा दुर्गा पूजा पंडाल के आसपास पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था की जाए तथा कमेटी के लोगों को अध्यक्ष द्वारा पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाए जिससे उनकी पहचान हो सके । दुर्गा पूजा कमेटी के लोग इस पर भी ध्यान देंगे की कोई संदिग्ध व्यक्ति तो नहीं दिखाई दे रहा है यदि दिखाई दे रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को तुरंत देंगे। इसी अवसर पर लोगों को सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि रोड पर चल रही ई रिक्शा बिना नंबर का नहीं होगा तथा कोई नाबालिक यदि चलाता हुआ मिला तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी बिगड़ैल बच्चों के अभिभावकों को सचेत करते हुए कहा कि अपने अपनेबच्चे के ऊपर निगाह रखें की बच्चास्कूल जा रहा है या और कहीं स्कूल व कोचिंग सेंटर के आसपास केवल पढ़ने वाले ही बच्चे दिखाई देंगे यदि आवारागर्दी करते हुए कोई मिला उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी।राम लीला व दुर्गा पूजा पंडाल रोड पर ना लगाएं तथा दुर्गा पूजा पंडाल व रामलीला में लगाए गए लाउड स्पीकर साउंड को धीमी गति की आवाज में बजाएं। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सुल्ली साहू चंद्र शेखर रस्तोगी चेयरमैन चौधरी मोहम्मद अशफाक तनवीर अहमद ग्राम प्रधान राज कुमार अग्रहरी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## हिन्दी राजभाषा पखवाड़े के तहत आरेडिका रायबरेली के कवियों ने लहराया परचम




**लालगंज रायबरेली ।**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में राजभाषा क्रियान्वयन, प्रचार प्रसार हेतु आज हिन्दी पखवाड़े के दौरान महाप्रबंधक महोदय के द्वारा 'प्रगति पत्रिका' के छठवें संस्करण का विमोचन एवं 'घरेलू कवि सम्मेलन' का शुभारम्भ किया गया जिसमें अनेकों आरेडिका कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने कवि रूप में भाग लिया रोहित रंजन तकनीशियन, देवकी नन्दन मिश्र एसएसई एच.के., विवेकानंद व्यास तकनीशियन सुरेश कुमार तकनीशियन फिटर अवस्थी जी ए.डब्लू.एम.उत्पादन, अनिल श्रीवास्तव व्यक्तिगत सचिव महाप्रबंधक, अशोक कुमार गुप्ता ए.ई.डी.पी.एम. मनोज कुमार एस.एस.ई. शंटिंग, राजेश कुमार सहायक सामग्री प्रबंधक,एस. के. सैनी आईजी एण्ड पी.सी.एस.सी., एम.के.अग्रवाल मुख्य सर्तकता अधिकारी ने काव्य पाठ किया।

इसके अतिरिक्त एक लाइब्रेरी एप को डिजिटल प्लेटफार्म पर स्थापित किया जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने ही कंम्प्यूटर पर लाइब्रेरी की जानकारी मिल सकेगी इस एप को आरेडिका के आई.टी. विभाग और राजभाषा विभाग के द्वारा विकसित किया।इस एप के निर्माण पर महाप्रबंधक आरेडिका ने प्रसन्न होकर 10,000 रू. की पुरस्कार राशि की भी घोषणा की। इस कार्यक्रम में सैकड़ो अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक शमशेर सिंह कलशी द्वारा की गई।राजभाषा अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि द्वितीय अखिल भारतीय सम्मेलन सूरत में गृह मंत्री भारत सरकार द्वारा कहा गया कि हमें हिंदी राजभाषा को थोड़ा लचीला बनाना होगा जिससे की अन्य भाषाओं के बोलचाल के शब्द हिन्दी भाषा में समाहित हो सके जिससे हिंदी राजभाषा का किसी अन्य भाषा से किसी भी प्रकार की प्रतिद्वंदता या स्पर्धा नहीं रहेगी। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एस.के.सैनी ने कहा कि राजभाषा को अधिक सर्वग्राही बनाने के लिए सभी अन्य भाषाओं के बोल चाल के शब्दों को समाहित करना समय की आवश्यकता है। जो विकसित भारत के निर्माण में अपना अनूठा योगदान देने में सक्षम होगी। इसके अतिरिक्त आज 22 सितम्बर 2022 को 'संगोष्ठी कक्ष' प्रशासनिक भवन आरेडिका में कई अन्य प्रतियोगिताए भी आयोजित की गई।

## लालगंज में चार स्थानों पर हुईं चोरी की घटनाएं

- उपेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की घटना में दो मोबाइल, 1हजार रुपये व अन्य जरूरी सामान चोरों ने पार कर दिया है

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**कोतवाली लालगंज** क्षेत्र के अलग-अलग चार स्थानों पर चोरी की घटनाएं हुई हैं ।दो स्थानों पर बदमाशों ने सेंध काटकर चोरी की घटनाएं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोसड़का शोभवापुर बाजार में अजय मोबाइल शॉप में चोरों ने पीछे से सेंध काटकर 50हजार रुपये का माल पार कर दिया है। चोरी की घटना से पीड़ित जगतपुर भिचकौरा निवासी अजय यादव ने बताया कि 26 कीपैड मोबाइल ,25 चार्जर, 20 डाटा केबल, 9 मेमोरी कार्ड सहित 5हजार बदमाशों ने पार कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का मौका मुआयना किया है।वही डकोली मजरे ऐहार निवासी प्रदीप कुमार पुत्र किशन कुमार ने बताया कि उनके बरामदे से चोरों ने 3 हजार नकदी और 15हजार रुपये का मोबाइल पार कर दिया है ।इसके अलावा करुणा बाजार चौराहे से मजदूर राजेश पुत्र सुखलाल की साइकिल चोरों ने पार कर दी है। इसके साथ ही जय ढाबा सेमरपहा के पास बन रहे ओवर ब्रिज के काम में लगे मजदूरों के अस्थाई आवासों में भी चोरों ने सेंध काटकर चोरी की है। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को देते हुए उपेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की घटना में दो मोबाइल, 1हजार रुपये व अन्य जरूरी सामान चोरों ने पार कर दिया है। उपेंद्र सिंह बिहार प्रांत के निवासी हैं ।सभी घटनाओं की सूचना लालगंज़ पुलिस को दी गई है। पुलिस ने चोरी की घटनाओं का मौका मुआयना भी किया है।

## श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम में 62 वां स्थापना दिवस सम्पन्न

संवाददाता। रायबरेली



**श्री सर्वेश्वरी** समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम शाखा मुंशीगंज रायबरेली में समूह का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम आश्रम के अनुयायियों द्वारा प्रात: 6:00 बजे विशाल प्रभात फेरी निकाली गयी, जो कि सिविल लाइन, रतापुर, त्रिपुला, जहानाबाद चौकी, सुपर मार्केट, चन्दापुर कोठी होते हुए आश्रम में समाप्त हुई। तदुपरान्त बनारस आश्रम से पधारे औघड़ सन्त मगहिया राम ने पूजन-अर्चन किया। प्रबन्धकारिणी समिति के सदस्य एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दल बहादुर सिंह ने पतित पावन ग्रन्थ सफलयोनि का पाठ किया। इसके उपरान्त एक लघु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता शाखा के उपाध्यक्ष कुँवर हर्षेन्द्र सिंह 'छोटे राजा' ने एवं गोष्ठी का सफल संचालन शाखा के संयुक्त मन्त्री डा0 शशांक द्विवेदी ने किया। उपस्थित भक्तों को सम्बोधित करते हुए साधु मगहिया राम ने कहा कि समय और काल की आवश्यकता के अनुसार परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु ने 21 सितम्बर 1961 को श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य था मानवता और कल्याण की गतिविधियों को समाज में विस्तृत कर एक उदाहरण प्रस्तुत करना। श्री सर्वेश्वरी समूह एक सामाजिक और आध्यात्मिक संस्था है, जो लोगों के आध्यात्मिक मुक्ति, विकास, प्रगति और उनके कल्याण के लिए समर्पित है, आपके द्वारा आश्रम के स्थापना काल से जुड़े रहे स्व0 राजेन्द्र प्रताप सिंह, स्व0 सूर्यभान सिंह, स्व0 चन्द्रकुमार शुक्ल के परिजनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे शाखा उपाध्यक्ष हर्षेन्द्र सिंह ने कहा कि मानव कल्याण के उद्देश्य से पूज्य अघोरेश्वर ने सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की थी, उनका संदेश था कि भगवान घट-घट में विराजित है। घट-घटवासी परमात्मा की पहचाने करने वाले ही महाप्रभु अघोरेश्वर थे, आपने आध्यात्मिक संदेशों के साथ ही सामाजिक एवं मानव कल्याण के लिए सेवा कार्य पर भी बल दिया। आश्रम के वरिष्ठ सहयोगी शिव लखन सिंह ने बताया कि पूज्य अघोरेश्वर के आर्शीवाद का ही परिणाम है कि आज देशभर में सर्वेश्वरी समूह अपने सेवा कार्यो के लिए प्रशंसनीय है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मिलिंद द्विवेदी, राघवेन्द्र मिश्र, बृजेश सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, प्रज्ञा रत्न मिश्र, फतेहपुर से विजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में महिला सहित चार घायल, हालत गम्भीर

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावा पुलिस चौकी अन्तर्गत रीवां मोड़ के पास 2 बाइकों की आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों बाइकों पर सवार एक महिला सहित चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज भेजा गया। जानकारी के मुताबिक बाराबंकी जिले के त्रिवेदीगंज क्षेत्र अन्तर्गत हिम्मतपुर गांव के रहने वाले रामसुमिरन पुत्र रामलाल जो बाइक पैशन प्रो पर अपनी पत्नी शांति को बैठाकर महराजगंज की तरफ जा रहे थे। वहीं गुमावा पुलिस चौकी क्षेत्र के बरियारपुर गांव के रहने वाले सुरेश पुत्र गंगा प्रसाद लोधी, वीरेंद्र पासी पुत्र जागेश्वर टीवीएस स्पोर्ट से बरियारपुर की ओर से गुमावा की ओर जा रहे थे। तभी हैदरगढ़ महराजगंज हाईवे पर स्थित रीवां मोड़ के पास दोनों बाइकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार महिला शांति पत्नी राम सुमिरन सहित चारों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पीआरवी में तैनात पुलिस कर्मियों ने जिसकी सूचना आनन-फानन में गुमावा चौकी पर सूचना दी। सूचना पर गुमावा पुलिस चौकी से आनन-फानन में मौके पर पहुंचे हेड कांस्टेबल अंबुज वर्मा, कांस्टेबल सोवेन्द्र गुर्जर, विवेक तोमर, कांस्टेबल रोहित कुमार ने 108 एम्बुलेंस को सूचना देकर आनन-फानन में चारों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज भेजा, खबर लिखे जाने तक जहां चारों का इलाज चल रहा था। इस बाबत जब थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# नोडल अधिकारी की 'परीक्षा' में भी फेल हुआ 'सांउघाट' ब्लॉक

संवाददाता। बस्ती

- मुजेहना में विकास की योजनाओं का लाभ न मिलने पर जताई नाराजगी
- इससे पहले इसी गांव में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या भी चौपाल लगा चुकी हैं





**भाजपा** षासित साउंघाट ब्लॉक जिले की नोडल अधिकारी की परीक्षा में साउंघाट ब्लॉक फेल हो गया। इससे पहले भी कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या कर परीक्षा में ब्लॉक फेल हो गया था, ताज्जुब की बात है, कि कैबिनेट मंत्री के द्वारा लगाए मुजेहना में चौपाल का लाभ गांव वालों को नहीं मिला, अनेक लाभार्थियों को आज भी वंचित होना पड़ रहा है। इसका खुलासा जिले की नोडल नीना शर्मा की चौपाल में हुआ। पता चला कि इस गांव में कैबिनेट मंत्री के चौपाल लगाने के बावजूद शतप्रतिशत लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला। ऐसा लगता है, कि मंत्री और जिले की नोडल अधिकारी के चौपाल लगाने से पहले ब्लॉक प्रषासन ने कोई खास तैयारी नहीं की थी। यह ब्लॉक भले ही सरकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों कोशतप्रतिशत सफ्ल नहीं हुआ, मगर यह ब्लॉक भ्रष्टाचार के मामले में अवष्य सफ्ल साबित हो रहा है, जिस तरह मनरेगा सहित ग्राम निधियों में सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान सामने आ रहे हैं, उससे लगता है, ब्लॉक को सुचारु-रुप से चलाने में बीडीओ और प्रमुख दोनों असफ्ल हो रहे है। बीडीओ का गांव में न जाना इस बात की ओर इषारा करता है, कि सबकुछ ब्लॉक पर ही बैठकर संचालित हो रहा है। कहा भी जा रहा है, कि जब तक बदनाम सलाहकार की टोली काम करेगी तब तक ब्लॉक फेल होता रहेगा, यह सिर्फ ब्लॉक कि नहीं बल्कि पूरे जिले की बदनामी है। अगर इस ब्लॉक की कमान नकली प्रमुख के हाथों में होती तो माना जा सकता था, मगर असली प्रमुख के हाथों में होने से क्षेत्र की जनता यह अवष्य उम्मीद करती है, कि यहां पर सब कुछ ठीक होगा। उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, आई.ए.एस. एवं जिले की नोडल अधिकारी नीना शर्मा ने सॉऊघाट ब्लॉक के मुजेहना ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर विकास योजनाओं का सत्यापन किया। उन्होंने गांव में विकास योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित न किए जाने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने अफ्सोस जाहिर किया कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री के इस गांव में चौपाल लगाने के बावजूद लाभार्थी परियोजनाओं में शतप्रतिशत आच्छादन नहीं किया गया। कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंत्री एवं अधिकारी गांव में जाकर योजनाओं का सत्यापन कर रहे हैं। छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करना उनका मकसद नहीं है, इससे उनको तथा उनके परिवार को कष्ट होगा और हमें भी कष्ट होगा लेकिन हमें कार्य संस्कृति बदलते हुए सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करना होगा। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम प्रियंका निरंजन ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उसके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। परियोजना निदेशक कमलेश सोनी ने योजनावार लाभार्थियों का सत्यापन किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अभिषेक कुमार, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, सीएमओ डा. आर.पी. मिश्रा, सीआरओ नीता यादव, पीडी कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, एसडीएम सदर शैलेष दुबे, उपनिदेशक कृषि अनिल कुमार, सीवीओ डा. अश्वनी कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत सुशील कुमार मौर्य, तथा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके पहले नोडल अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास योजनाओं की समीक्षा किया। पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़कों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि पिछले वर्ष बनाई गई सड़कों का टीम गठित करके सत्यापन कराया जाए। प्रत्येक पेयजल योजना के संचालन के लिए ग्राम समिति गठित की जाए तथा ग्राम वासियों से इसके लिए निर्धारित शुल्क लिया जाए ताकि पेयजल परियोजना का मेंटेनेंस भी कराया जा सके। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया है कि प्रत्येक माह सभी 1185 ग्राम पंचायतों द्वारा व्यय की जा रही धनराशि का लेखा जोखा माह के अंत में पत्रावली पर सीडीओ के माध्यम से डीएम को प्रस्तुत करें। उन्होंने ओडीएफ योजना पर संतोष व्यक्त करते हुए अपशिष्ट प्रबंधन के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अवशेष 3935 पात्र लाभार्थियों के खाते में पैसा भिजवाना सुनिश्चित करें। कनेथू बुजुर्ग ग्राम के निरीक्षण में पता चला कि सीआरएस पर डाटा फीडिंग की स्थिति काफी खराब है। डीएम प्रियंका निरंजन ने जनपद में बाल सम्प्रेक्षण गृह का भवन बनवाने के लिए अनुरोध किया। उन्होने कहा कि इसके लिए निःशुल्क भूमि वे उपलब्ध करा देंगी। उन्होने बताया कि बस्ती नगर में सीवर लाईन के लिए स्टीमेट तैयार कराया जा रहा है। बैठक में सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, डीएफ्ओ नवीन कुमार शाक्य, सीएमओ डा. आर.पी. मिश्रा, सीआरओ नीता यादव, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज डा. मनोज कुमार, पीडी कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, एसडीएम सदर शैलेष दुबे, उपनिदेशक कृषि अनिल कुमार, सीवीओ डा. अश्वनी कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत सुशील कुमार मौर्य, तथा विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगरध्भिनगा अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर मय हमराह टीम द्वारा पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 0305ध्22 धारा 498एए304बीए 506आईपीसी व 3ध्4डीपी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्तगण अखिलेश उर्फ अखिलेश खां पुत्र बिल्लू ए बिल्लू पुत्र मंजूर खांए बिल्लू की पत्नी निवासीगण महरूमूर्तिहा थाना मल्हीपुर को मुखबिर की सूचना पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## धरती पर मात्र तीन फीसद ही स्वच्छ जल बाकी समुद्र और खारा पानीः भोलू

संवाददाता। बस्ती



**प्रधानमंत्री** के जन्म-दिवस के तहत मनाए जा सेवा पखवाड़ा में गुरुवार को रुधौली मंण्डल के सगरा सेक्टर के पोरसोहिया ग्राम पंचायत में ग्रामीण के बीच जाकर उन्हें जल संचयन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा सत्येंद्र सिंह 'भोलू' रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि आज धरती पर मात्र तीन प्रतिशत ही स्वच्छ जल है, बाकी समुद्र और खारा पानी, इसलिए हमें जल का संरक्षण आवश्यक करना चाहिए। कहा कि हम हर स्तर अपने प्रयोग किए जल और बरसात के जल का संरक्षण अवश्य करना चाहिए, जिससे आने वाले समय में हमें जल से संबंधित कोई परेशानी का सामना ना उठाना पड़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिनकर सिंह ने कहा कि मोदीजी सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय सिंह, जग्गी चौधरी, जय नारायण सिंह, संतोष सिंह, विकास यादव, अजीत प्रताप सिंह, हरिराम चौधरी, संदीप सिंह, राहुल सिंह, रामरेखा चौधरी, प्रदीप यादव, राहुल यादव, इंद्राज सिंह और भास्कर जायसवाल सहित बड़ी संख्या में गांव वाले मौजूद रहे।

## सब हों संकल्पित 'जल ही है जीवन-इसे बचाएं' : इन्द्रजीत

- सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने आयोजित की गोष्ठी

संवाददाता। संतकबीरनगर



**प्रधानमंत्री** जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के तहत बृहस्पतिवार को खलीलाबाद ब्लाक सभागार में जल ही जीवन है विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद इन्द्रजीत मिश्र रहे। उन्होने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी को संकल्प लेना होगा जल ही जीवन है और इसे बचाना है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकास का रूप देते हुए विकसित देश के रूप में स्थापित किया है प्रकृति के संसाधनो को बचाने के लिए सभी को संकल्पित होना होगा। अधिक से अधिक पौधरोपण करें उसका ध्यान रखे। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने आम जनमानस को प्रचार सामाग्री के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर ईकाई अध्यक्ष सतविन्दर पाल जज्जी ने किया। कार्यक्रम को भाजपा महिला क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता अग्रहरी, उर्मिला त्रिपाठी, बनर्जी लाल अग्रहरी, सुधांशु सिंह, कन्हैया वर्मा, गौरव अग्रहरी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री मुरलीधर जायसवाल ने किया। गोष्ठी में मुख्य रूप से नगर महामंत्री विष्णु मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष विनय मिश्रा, हिमांशु राय, विनोद अग्रहरि, देवी प्रसाद पाण्डेय, प्रभुनाथ ओझा, पंकज मिश्रा, रुद्रनाथ मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, श्याम अग्रहरी, बलराम गुप्ता, सत्य प्रकाश सिपाही, विजय शुक्ला, विवेक मिश्रा, राधेश्याम जायसवाल, मनोज सोनी, तारा राय, विमला सिंह, शिखा देवी, जगदीश कुमार सहित भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### क्विक न्यूज

## गेहूं फसल नुकसान का किसान शीघ्र आनलाइन करें आवेदन

**संतकबीरनगर।** अपर उप जिलाधिकारी/सभापति कृषि उत्पादन मण्डी समिति खलीलाबाद रमेश चन्द्र ने जनपद के समस्त किसानो को बताया है कि जिनके गेहू की फ्सल आग लगने से जल गई थी लेकिन अभी तक उनके द्वारा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ''मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकाण्ड दुर्घटना सहायता योजना'' के अर्न्तगत अभी तक आनलाईन आवेदन नही किया गया है, वे अविलंब किसी भी जन सेवा केन्द्र पर जाकर आवेदन कर दे। इस योजना के अर्न्तगत लाभ पाने हेतु आग लगने से फ्सल जलने की तिथि से अधिकतम 180 दिन के अन्दर ही आवदेन किया जा सकता है। उन्होने बताया कि 180 दिन बाद आवेदन करने पर आवेदन पत्र निरस्त हो जायेगा तथा कोई आर्थिक सहायता नही मिल पायेगा। किसान भाइयो से यह भी अनुरोध है कि आवदेन करते समय अपने बैंक का अद्यतन विवरण भरे। कुछ बैंक यथा पूर्वांचल ग्रामीण बैंक, यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक आदि के आपस मे बिलय होने के कारण उनके आई0एफ0एस0सी0 कोड बदल गये है। उन्होने बताया कि अपने बैंक से सम्पर्क कर बैंक का नाम व आई0एफ0एस0सी0 कोड अद्यतन प्राप्त कर उसे ही आवेदन पत्र मे भरे। जिससे धनराशि उनके खाते मे आर0टी0जी0एस0 किया जा सके। उन्होंने बताया कि किसान भाई आवेदन करते समय ''अग्निकाण्ड के स्थान का पूर्ण विवरण'' कालम मे उस गांव का नाम अवश्य लिखे जिसमे उनका वह खेत है, जिसकी फ्सल आग लगने से जली है। आनलाईन आवेदन पत्र के साथ प्रपत्र प्रतिभूति का प्रारूप पर अपने तथा 02 गवाहो का नाम व हस्ताक्षर करवाकर उसे स्कैन कर अपलोड अवश्य कराये।

## आला हजरत ने हमे जिंदगी जीने का एक इस्लामी रास्ता दियाः रहीम



**मदरसा हक्कुल इस्लाम मकतब अरबिया लालगंज में उर्स-ए-आला हजरत मनाया गया**

**बस्ती।** मदरसा हक्कुल इस्लाम मकतब अरबिया लालगंज में उर्स-ए-आला हजरत मनाया गया। बच्चों ने कुरानख्वानी की, नातिया कलाम पेश किया और शिक्षकों ने आला हजरत की जीवनी पर प्रकाश डाला। हाफ्जि महबूब ने नातिया कलाम सुबहो तैबा में हुई बटता है बाड़ा नूर का, सदका लेने नूर का आया है तारा नूर का पढ़ा। प्रिंसिपल अब्दुल रहीम अशरफी ने बताया कि ताजदार अहले सुन्नत इमाम अहमद रजा बरेलवी आला हज़रत के इल्म का कोई अंत नही था, आला हजरत ने हमे जिंदगी जीने का एक ऐसा इस्लामी रास्ता दिया, जिसपर चल कर हम दुनिया और आखिरत दोनों में मंजिल तक पहुच सकते हैं। आला हजरत ने पूरी दुनिया को नबी से मोहब्बत करने की प्रेरणा दी। मौलाना मोहम्मद शकील ने कहा कि आलाहज़रत ने दुनिया को अमन और मोहब्बत का पैगाम दिया और सभी को आपस मे मिलजुल कर रहने की सीख दी। इस मौके पर मोहम्मद अहसान, तुफैल अहमद, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद वसीक उल्फ्त निज़ामी, अबुल वफ्, मोइनुद्दीन अहमद नूरी, हाफ्जि इसराइल, सीमा बानो, मोहम्मद यासीन, इमरान अली, मोहम्मद युसूफ् मोहम्मद असगर, सिराजुद्दीन अंसारी, महमूद, फ्रिोज, कामरुज़्ज़मा सहित तमाम हजरात मौजूद रहे।

## दो गौ तस्कर गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** मीडिया सेल के माध्यम से पुलिस कप्तान सोनम कुमार ने बताया है कि दुधारा पुलिस ने 2 गोतस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक अदद बोगदा, 1 अदद गोवंशीय पशु व अवैध चाकू बरामद किया। उन्होने बताया कि थाना दुधारा पुलिस ने 01 अदद गोवंशीय पशु, 01 अदद बोगदा, 01 अदद अवैध चाकू के साथ 02 अभियुक्तों मो0 रियाज उर्फ झीनक, मो0 पीर को गिरफ्तार कर थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 383/2022 धारा 3/8ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया व मो0 रियाज के पास से बरामद 01 अदद बोगदा के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 385/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट तथा मो0 पीर के पास से बरामद 01 अदद अवैध चाकू के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 386/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त मो0 रियाज उर्फ झीनक पुत्र इन्ना निवासी साफ्यिाबाद थाना दुधारा जनपद सन्तकबीरनगर के विरुद्ध थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 384/2022 धारा 10 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में नगर सृजन योजना पर हुआ मंथन

संवाददाता। संतकबीरनगर

- नवागत जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिया निर्देश, रिपोर्ट तैयार कर करें प्रस्तुत



बैठक करते जिलाधिकारी पायनियर

**जिलाधिकारी** प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना (सीएम-एनएसवाई) के अन्तर्गत नवसृजित/ उच्चीकृत/ विस्तारित नगरीय स्थानीय निकायों में नागरिकों को मूल भूत सुविधाओं जैसे पेयजलापूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना का उद्देश्य नगर निकायों को विकसित करना एवं नागरिकों को बुनियादी सुविधायें प्रदान करना है। उन्होंने नगर निकायों में सीवरेज, पेयजल, पार्किंग, सड़क, पार्क, सामुदायिक भवन, परिषदीय विद्यालय, आगनबाड़ी केन्द्र, बाजारों में स्ट्रीट लाईट, चौराहों का सौन्दर्यीकरण व बिजली क्षेत्र के आधारभूति संरचनाओं को विकसित करने के संबंध में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से अवश्य जानकारी प्राप्त करते हुए आगणन/विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को तैयार आगणन/डीपीआर का परीक्षण कर परिष्कृत रूप में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मनोज कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अजय कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी धनघटा रवीन्द्र कुमार, डीएसटीओ नागेन्द्र कुमार सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लो0नि0वि0 रामजीत प्रसाद, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत दिव्य रंजन, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी मेंहदावल संदीप कुमार सरोज, ई0ओ0 बखिरा दिनेश कुमार सिंह, सहित विभागीय अवर अभियन्तागण एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## बिदुहिनी गांव मे तेंदुआ दिखने के बाद ग्रामीण दहशत में

**श्रावस्ती, कटरा।** नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती के ग्राम तेंदुआ पंडित गांव मे भी दो दिन पूर्व एक तेंदुए को देखा गया था जिससे आसपास के गांवों के ग्रामीण दहशत में थे जिसके बाद गुरुवार को तीन किमी दूर ग्राम बिदुहिनी के रामपुर मे तेंदुए को देख ग्रामीण डर गए हैं। तेंदुए के आमद की सूचना ग्राम प्रधान ने वन विभाग को दे दी है लेकिन शाम होने तक वन विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे है। नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती के ग्राम तेंदुआ पंडित गांव मे मंगलवार शाम को एक विद्यालय परिसर मे तेंदुआ देखा गया था जहां सूचना के बाद पहुंचे वन कर्मियों ने ग्रामीणों से सतर्क रहने व रात को घर से बाहर अकेले न निकलने की सलाह देकर वापस चले गये थे जिसके बाद से ही ग्रामीण समूह बनाकर लगातार गांव की निगरानी कर रहे हैं। तीन दिन बीत जाने के बाद भी लोग तेंदुए के खौफसे सहमे है। बच्चे डर के मारे स्कूल नही जा रहे हैं। दो दिन बाद गुरुवार की सुबह एक बार फ्रि से ग्राम बिदुहिनी के रामपुर मे गन्ने के खेत के निकट तेंदुए को बैठे देख ग्रामीण दहशत में आ गए जिसकी जानकारी लोगों ने ग्राम प्रधान को दी। तेंदुए के आने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंच गये लेकिन तब तक तेंदुआ गन्ने के खेत मे जाकर छिप गया। इस सम्बंध में ग्राम प्रधान अनिल पांडेय ने बताया कि तेंदुए के दिखने के तुरंत बाद सुबह ही वन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है लेकिन शाम होने तक कोई भी वनकर्मी गाँव नही पहुंचा है।

## सरकारी अभिलेखों को रखें दुरुस्त व साफ-सफाई पर रहे विशेष ध्यानः डीएम

- अपर जिलाधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट के कार्यालयों/पटलो का किया निरीक्षण

संवाददाता। संतकबीरनगर



निरीक्षण करते नवागत जिलाधिकारी पायनियर

**नवागत** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कलेक्ट्रेट के कार्यालयों व पटलो का निरीक्षण कर अधिनस्थ कर्मचारियों, पटल सहायकों को निर्देश दिया है कि सरकारी अभिलेखो को रखें दुरूस्त व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। पटल सहायक पत्रावलियों के रख रखाव में लापरवाही न बरतें। अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के पत्रों का निस्तारण समय से करें। आगे भी निरीक्षण का क्रम जारी रहेगा। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मनोज कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट स्थित समस्त कार्यालयों/पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पटलों नजारत, अभिलेखागार, शस्त्रागार सहित अन्य कार्यालयों/पटलों पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों एवं पटल प्रभारी/सहायकों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्यो की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके पटलों पर लम्बित पत्रावलियों को अविलम्ब निस्तारित करने एवं किसी भी पत्रावली को अनावश्यक रूप से पटल पर न रोकते हुए नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थित पंजिका सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं कार्यालयों में नियमित साफ-सफाई के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी/कर्मचारी समय से कार्यालय में आये और अपने पटल का कार्य ससयम सम्पादित करें। उन्होंने विभिन्न पटलों पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके कार्य के प्रति कर्तव्यों का ईमानदारी से निष्ठापूर्ण निर्वहन करने हेतु प्रेरित भी किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपजिलाधिकारी रमेश चन्द्र, ओ0एस0डी0 बलदाऊ शर्मा, ईडीएम राकेश कुमार सिंह सहित कलेक्ट्रेट कर्मी आदि उपस्थित रहें।

## सामूहिक हत्याकांड के मामले में 14 दोषियों को हुई सश्रम आजीवन कारावास की सजा

संवाददाता। श्रावस्ती, सोनवा

**अपर सत्र** न्यायाधीश (फ्स्ट ट्रेक) कोर्ट भिनगा पर अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने थाना सोनवा अंतर्गत तुरहनी रज्जब गाँव मे 24 वर्ष पूर्व हुए नृशंस सामूहिक हत्याकांड में शामिल रहे 14 दोषियों को अदालत ने सश्रम आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है।साथ ही सभी दोषियों को 56 हज़ार 800 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।अर्थदंड न अदा कर पाने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 9 जनवरी 1998 को थाना सोनवा क्षेत्र के ग्राम तुरहनी रज्जब मे शुक्रवार के दिन नमाज के बाद सत्तार के खेत मे जमील की बकरी रस्सी तोड़ कर चली गई थी। जब जमील का लड़का कल्लू अपनी बकरी पकड़ने सत्तार के खेत पर गया तो सत्तार ने मां बहन की गाली देते हुए कल्लू को थप्पड़ जड़ दिया इसके बाद सत्तार उस बकरी को लेकर अपने घर की तरफ जाने लगा इसी बीच कल्लू का चचेरा भाई अब्दुल रहमान सत्तार के पीछे पीछे फारूक के दरवाजे पर पहुंच गया जहाँ उसकी सत्तार से कहासुनी और मारपीट होने लगी लगा इस भीषण मारपीट के दौरान दोनों पक्षों से 2 व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी जबकी तीसरे गम्भीर रूप से घायल मुजीबउरहमान की जिला अस्पताल बहराइच में इलाज के दौरान मौत हो गयी। दोनों पक्षों की तरफ थाना से सोनवा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था इस मामले की विवेचना थानाध्यक्ष सोनवा ने किया। इस प्रकरण में शब्बीर व मुजीबउर रहमान की हत्या हुई थी विवेचक ने 16 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय पर चार्ज शीट प्रस्तुत किया । दौरान मुकदमा मामले के दो आरोपी रियासत व जब्बार की मृत्यु हो गई थी। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश ;फास्ट ट्रेक द्धकोर्ट पर हुआ । अभियोजन पक्ष की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज देव गुप्ता ने किया अभियोजन के पक्ष से कुल 11 साक्षियों को न्यायालय पर परीक्षित कराया गया । अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने इस मामले के 14 अभियुक्तों जिनमें मोहर्रम अली एचुन्नू पुत्रगण रमजान बुधई पुत्र सत्तारए दौलतए जमीर पुत्रगण इब्राहिमए दिलबहार ए मकबूल पुत्रगण शेर बहादुर ए साबिर पुत्र जमीरए कादिर पुत्र चुन्नू कयूम पुत्र रियासत ए मंगरे पुत्र बबलू भुल्लूए नईमुल्ला पुत्र मोहर्रम अली ए घसीटे उर्फ बाउर पुत्र मुख्तियार एनिवासीगण तुरहनी रज्जब थाना सोनवा जनपद श्रावस्तीए व छोटू पुत्र हबीब निवासी खंडेला थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को इस नृशंस हत्याकांड का दोषी मानते हुए सभी 14 अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई व प्रत्येक को 56800 रुपए के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 2 वर्ष की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी पडेगी।

# डीएम ने नर्सिंग, पैरामेडिकल कालेज की स्थापना को भूमि आवंटन के दिये निर्देश

● एडीएम ने मेडिकल कालेज प्रधानाचार्य से की विस्तृत चर्चा

● इसी सत्र से बीएससी नर्सिंग का प्रथम सत्र होगा शुरू

संवाददाता। उरई (जालौन)


एडीएम पूनम निगम से वार्ता करते प्रधानाचार्य डा. द्विजेंद्र नाथ पायनियर

**राजकीय** मेडिकल कालेज, जालौन उरई में बीएससी नर्सिंग की कक्षायें संचालित कराये जाने के लिये जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने राजकीय मेडिकल कालेज से सटी जल निगम की भूमि को आवंटन करने के निर्देश दिये ताकि उक्त जमीन पर आने वाले समय में भव्य भवन का निर्माण कराया जा सके। इसी के साथ गुरुवार को अपर जिलाधिकारी पूनम निगम ने मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. द्विजेंद्र नाथ, अधिशासी अधिकारी विमला पति नगर पालिका परिषद उरई, भूलेख कार्यालय के लेखपाल अरविन्द नायक, डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहायक आचार्य, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की उपस्थिति में बीएससी नर्सिंग कालेज एवं पैरामेडिकल कोर्स संचालन करनें हेतु अतिरिक्त भूमि उपलब्ध करानें के लिए आवश्यक बैठक आहूत की गयी। ज्ञातव्य है कि बीएससी नर्सिंग के 60 सीटों के लिए प्रशिक्षण इसी सत्र से प्रारंभ किये जानें हेतु शासन की अनुमति प्राप्त हो गयी है। निकट भविष्य में ईसीजी टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन, सीटी स्कैन टेक्नीशियन, एमआरआई टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्नीशियन एवं प्लास्टर टेक्नीशियन इत्यादि विषयों के पैरामेडिकल कोर्स संचालन किये जानें हेतु इसेन्सियेलिटी सर्टिफिक्रेट शासन द्वारा जारी किया जा चुका है एवं प्रधानाचार्य को शासन द्वारा निर्देश दिये गये है कि हर हाल में उपरोक्तानुसार समस्त पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्सो का संचालन इसी सत्र से प्रारंभ किया जाये। जिसके लिए सभी महत्वपूर्ण व्यवस्था मुस्तैदी से करा ली जाये। इसी क्रम में उक्त बैठक आयोजित की गयी थी। भू अभिलेखों का अपर जिलाधिकारी द्वारा परीक्षण किया गया तथा निर्देश दिये कि जल निगम की शेष बची हुई भूमि का सीमांकन कराकर सुविचारित प्रस्ताव स्वीकृति हेतु उत्तर प्रदेश शासन को भेजा जायेगा चूंकि भूमि मेडिकल कालेज की बाउन्ड्री से लगी हुई है। इसलिए उक्त कोर्सो के संचालन हेतु सुगमता होगी।

## भाजपाइयों ने पालिकाध्यक्ष से नवरात्रि में व्यवस्थायें दुरुस्त कराने की मांग

**जालौन ( उरई )।** नवरात्र के पर्व पर देवी पांडालों के आसपास साफसफाई व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने के साथ ही देवी पांडालों व कच्चे रास्तों पर डस्ट डलवाने की मांग भाजपाइयों ने पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर की है। भाजपा नेता व पूर्व सभासद शशांक सिंह उर्फसोनू चौहान, भाजपा नगर महामंत्री प्रदीप सक्सेना, पुनीत मित्तल आदि ने पालिकाध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर बताया कि 26 सितंबर से पवित्र नवरात्र का पर्व शुरू हो रहा है। नवरात्र के बाद दशहरा का भी पर्व है। नवरात्र के पर्व से पूर्व नगर में एवं जहां देवी पांडाल स्थापित होने हैं उनके स्थान पर साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए। दुर्गा पांडालों के आसपास प्रकाश की भी व्यवस्था की जाए। नगर में घूमने वाले आवारा जानवरों और सुअरों पर रोक लगाई जाए। ताकि पूजा अर्चना के लिए आने वाली महिलाओं को दिक्कत न हो। इसके अलावा बारिश का मौसम चल रहा है।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता। चित्रकूट



**जिला** कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जनपद के 959 आँगनबाड़ी केन्द्रों में स्वस्थ बालक - बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की मासिक वृद्धि, स्वच्छता, पोषण स्थिति भोजन की व्यवस्था, टीकाकरण आदि मानकों के आधार पर 50 अंको के मानक पर पोषण स्तर का आंकलन किया गया। स्वस्थ पाए गए बच्चों को 2 अक्टूबर को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता का अनुश्रवण मण्डलीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी कर्वी पी डी विश्वकर्मा, पहाड़ी महेंद्र कुमार पटेल, रामनगर वीरेंद्र कुशवाहा सहित मानिकपुर तथा मऊ व शहर के बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविका व सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों प्रदीप सिंह व विमल द्वारा किया गया। वहीं क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि बनकट प्राथमिक पाठशाला में माताओं को बच्चों को कुपोषण से किस प्रकार बचाया जाए उनकी परवरिश कैसे की जाए और कुपोषण के क्या कारण है इसकी जानकारी दी गई। सर्वप्रथम बच्चा कुपोषण का शिकार न हो इसके लिए आवश्यक है कि मां को स्वयं स्वस्थ रहना होगा संतुलित आहार लेना होगा सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा जो खाना वह खा रही है उसी खाने से खाना मिलता है यदि मां स्वस्थ होगी तो बच्चा भी स्वस्थ होगा तथा वह कभी भी कुपोषण का शिकार नहीं हो सकता। इसलिए अपने खाने में हरी सब्जियां प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन करने के साथ-साथ आयरन की गोली भी अवश्य लें ताकि आपके शरीर में खून की कमी ना रहने पाये। इसके साथ आप प्रात: काल जल्दी उठे तथा नियम और संयम के साथ अपने दिनभर की दिनचर्या को सही तरीके से बनाकर उस पर अमल करें।

## क्विक न्यूज

### महिया-प्रतापपुरा मलंगा नाले में बरसाती पानी बहने से आवागमन ठप

**जालौन (उरई)।** महिया व प्रतापपुरा के बीच पड़ने वाले मलंगा नाले के पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। पुल के ऊपर से बह रहे पानी से होकर लोग अपनी जान जोखिम में डालकर पैदल तो निकल जाते हैं। लेकिन वाहनों को लगभग 10 किमी लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। जालौन से करीब 4 किमी की दूरी पर प्रतापपुरा गांव स्थित है। प्रतापपुरा गांव से लगा हुआ ही महिया खास गांव है। दोनों गांवों के बीच मलंगा नाला का रपटा पुल बना हुआ है। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद मलंगा नाले में पानी बढ़ गया है। अब हालत यह है कि मलंगा नाले पर बने उक्त पुल से करीब दो फीट ऊपर पानी चल रहा है। ऐसे में महिया खास और उसके आगे के लगभग आधा दर्जन गांवों के लोग तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए परेशान हैं। कोई आवश्यक कार्य होने पर महिया खास गांव के लोग तो जान जोखिम में डालकर पुल को पैदल पार करके निकल आते हैं। लेकिन सबसे अधिक परेशानी वाहन निकालने को लेकर है। बाइक व कार चालक अपने वाहन उक्त पुल से होकर नहीं निकाल पा रहे हैं। उन्हें लगभग 10 किमी का चक्कर लगाकर सहाव होकर आना पड़ रहा है। गांव के जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, विशंभर दयाल, सुधीर कुमार, हरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, प्रमोद, देवेंद्र सिंह आदि ने बताया कि हर साल बारिश में यही रोना रहता है। अधिक बारिश होने पर पुल पर पानी बहने लगता है।

### प्रेमी-प्रेमिका को पुलिस ने कोंच चौराहे से पकड़ा

**जालौन (उरई)।** युवक द्वारा बहला फुसलाकर युवती को भगा ले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने प्रेमी युगल को बरामद किया। पुलिस प्रेमी युगल से पूछतांछ कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 16 जुलाई को धनौरा कलां निवासी एक युवक 19 वर्षीय युवती को अपने बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। जिसकी रिपोर्ट युवती के पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई थी। गुरूवार की सुबह कोतवाली में तैनात एसआई अनिल कुमार को सूचना मिली कि उक्त युवक व युवती कोंच चौराहे पर कहीं बाहर जाने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़कर कोतवाली ले आई और परिजनों को सूचना दी।

### दीवार फांदकर घुसे युवक को पुलिस को सौंपा

**जालौन (उरई)।** गलत इरादे से दीवार फांदकर घर में घुसे युवक को मोहल्ले के लोगों ने पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस युवक से पूछतांछ कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी अमरा देवी पत्नी राजेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ बुधवार की रात घर में सो रही थी। तभी रात करीब 11 बजे दीवार फांदकर गांव का ही युवक योगेश उनके घर में घुस गया। कूदने की आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई और उन्होंने युवक को टोका। उनके टोकने से नाराज युवक उनके साथ मारपीट करने लगा। उनके चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग आ गए और डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को कोतवाली ले आई। जहां उससे पूछतांछ चल रही है।

### ससुरालियों से प्रताड़ित पीड़िता ने एसपी से मांगा न्याय

**जालौन (उरई)।** पति के पैतृक मकान में हिस्सा मांगने से नाराज ससुरालियों ने मिलकर विवाहिता के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया भवानीराम निवासी स्नेहलता पत्नी अखिलेश ने एसपी को बताया था कि उनके ससुराल के लोग उसकी शादी से खुश नहीं थे। जिसके चलते ससुराल के लोगों ने उसे व पति को अपने घर में प्रवेश नहीं दिया। उसका पति बाहर रहकर काम करता है तो वह भी पति के साथ ही बाहर रहती है। लेकिन अब काम कुछ कम हो गया है तो वह घर में ही रहना चाहती थी। लेकिन ससुर बृजमोहन, सास लक्ष्मी देवी, ननद रागिनी व दीप्ति, ननदोई राजू व देवर उसे घर में प्रवेश नहीं दे रहे थे। जिसके चलते मजबूरन उसे पति का पैतृक मकान छोड़कर रहना पड़ रहा है। जब भी वह पैतृक मकान में हिस्सा मांगती है तो वह झगड़ा करने लगते हैं। उसने मामले की तहरीर कोतवाली में भी दी थी। लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### पीएम आवास दिलाने के नाम पर नौ महिलायें हुई ठगी का शिकार

**जालौन (उरई)।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर दंपत्ति ने मिलकर बिरिया खुर्द गांव की 9 महिलाओं से तीस तीस हजार रुपये ले लिए। इसके बाद भी न तो महिलाओं को आवास मिला और न ही रुपये वापस मिल रहे हैं। पीड़ित महिलाओं ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरिया खुर्द निवासी सियादेवी पत्नी विनोद कुमार, शर्मीला पत्नी वीर सिंह, संतोषी देवी पत्नी बृजेश कुमार, रामदेवी पत्नी मोहर सिंह, बबली पत्नी मुन्नालाल, सीमा देवी पत्नी रामप्रकाश, विमला देवी पत्नी सूरज पाल, वंदना देवी पत्नी राजेश कुमार एवं बलवान सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव में कुठौंद थाना क्षेत्र के डगरू का पुरवा निवासी फूलश्री व उनके पति रामकुमार आ आना जाना था। उन्होंने बताया कि उनका बेटा विकास खंड इटावा में तैनात है। वह सभी महिलाओं के प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करा देंगे। जिससे वह लोग अपना खुद का पक्का मकान बनाकर रह सकेंगे। आवास स्वीकृत कराने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 30-30 हजार रुपये देने होंगे। पक्का आवास बनवाने के लिए उक्त दंपत्ति के विश्वास में आकर उन्होंने करीब एक वर्ष पूर्व 30-30 हजार रुपये एकत्रित कर 2 लाख 70 हजार रुपये उक्त दंपत्ति को सौंप दिए। इसके बाद से अब तक उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। आवास योजना का लाभ न मिलता देख जब उन्होंने उक्त दंपत्ति से रुपयों की मांग की तो वह झगड़े पर आमादा हो गए और रुपये देने से साफइंकार कर दिया। पीड़ित महिलाओं ने पुलिस से उनके रुपये वापस दिलाने की मांग की है। पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डेंगू वार्ड बनाकर करायें समुचित इलाजः अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि डेंगू के बढते प्रकोप के चलते जिला अस्पताल समेत सभी अस्पतालों में डेंगू वार्ड बनाकर इलाज की समुचित व्यवस्था कराई जाये। गुरुवार को सदर विधायक/वरिष्ठ सपा नेता अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि जिले में डेंगू का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढता जा रहा है। हालत ये हो गये हैं कि कई लोगों की मृत्यु डेंगू की चपेट में आने से हो गई है। प्रतिदिन हजारों लोग डेंगू पॉजिटिव हो रहे हैं। जिला अस्पताल समेत सभी सामुदायिक अस्पतालों में डेंगू के इलाज की उचित व्यवस्था न होने से लोग प्राइवेट अस्पतालों की ओर जा रहे हैं। उन्होंने कहा जिला अस्पताल समेत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में जल्द डेंगू के इलाज की व्यवस्था कराई जाये।

### मनोरंजन का नया रोमांचक सीजन

**कानपुर।** नेटफ्लिक्स इंडिया का क्राइम ड्रामा जामताड़ा एक और रोमांचक सीजन के साथ लौट आया है। इस सीरीज का मकसद सिर्फदर्शकों का मनोरंजन करना नहीं, बल्कि उन्हें जागरूक और सशक्त करना भी है। इस हफ्ते, 23 सितंबर 2022 को रिलीज हो रहा जामताड़ा का दूसरा सीजन पहले से भी कहीं बेहतर होने वाला हैए क्योंकि इस बार जालसाजी की एक ऐसी दुनिया सामने आने वाली हैए जिसमें दांव पहले से कहीं ज्यादा है और खतरा काफी बड़ा है। इस सीजन में बदलेए धोखेए राजनीति और सत्ता पाने की कभी ना बुझने वाली प्यास को बड़ी ही बारीकी से बुना गया है। इसमें सत्ता का रुख बदलने वाला हैए क्योंकि कुछ नए खिलाड़ी इसमें शामिल हो रहे हैं।

# इटौरा-काशीखेड़ा मार्ग पानी में बहने से डम्फर दस फिट गड्ढे में गिरा

● एक दर्जन गांवों का कालपी से टूटा संपर्क

संवाददाता। आटा (जालौन)


इटौरा-काशीखेड़ा में दस फिट गहरे गड्ढे में गिरा डम्फर पायनियर

**लगातार** हो रही बारिश का असर अब मुख्य मार्गो पर भी पड़ने लगा है। इटौरा-काशीखेड़ा संपर्क मार्ग पानी के बहाव में बुधवार देर रात ढह गया। इससे के करीब एक दर्जन गांवों का कालपी से टूट गया। सड़क के बीचों बीच हुए करीब 10 फिट गड्ढे में मौरंग से लदा एक तेज रफ्तार डंफर घुस गया। गनीमत यह रही कि चालक व परिचालक बाल बाल बच गए। बता दे कि इटौरा काशिखेड़ा मार्ग के नीचे से पिछले दिनों गैस की पाइप लाइन निकालने के लिए सुराग किया गया था। इसके बाद बारिश होने के कारण काम बंद हो गया। बारिश इतनी हुई कि आसपास के खेतों में पानी तालाब की तरह भर गया। जब पानी को निकलने की जगह नही मिली तो धीरे-धीरे मार्ग की मिट्टी नीचे से धसने लगी। जिस कारण बुधवार की देर रात एक ओवरलोड डंफर इटौरा से काशीखेड़ा की ओर चला। जैसे ही डंफर मिट्टी धसने वाली जगह पहुंचा तो सड़क के साथ करीब 10 फिट नीचे पानी में चला गया। ड्राइवर व हेल्फर ने खुदकर जान बचाई पानी का बहाव इतना तेज था कि सुबह तक करीब 8 फिट लंबी कटान बन गई। वही क्षेत्र के लोगो का कहना की इस मार्ग से कालपी जाने में आसानी होती थी। अब कालपी से इटौरा, लुहरगांव, परासन, कहटा, सुनेहटा, सुरेहती, गढा, बारा सहित करीब एक दर्जन गाँवो का संपर्क टूट गया है। जिससे लोग आटा होकर हाइवे से कालपी जा रहे है। वही आरोप है कि गैस पाइप लाइन डालने वालों ने काम मे तेजी नही दिखाई जिसका खामियाजा आज देखने को मिला है।

### सूचना के बाद भी नहीं पहुंचा कोई जिम्मेदार अधिकारी

**इटौरा-काशीखेड़ा** संपर्क पानी में बह जाने के के बाद जब इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। तो उन्होंने मौके पर आकर निरीक्षण करना उचित नही समझा। जिससे क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। रात के वक्त इटौरा व परासन से आने वाले वाहन जैसे ही वही सड़क के समीप पहुँचे तो फिर से उन्हें लौटना पड़ा। और आटा होकर हाइवे से करीब 20 किलो मीटर का चक्कर लगाना पड़ा। वहीं एसडीएम कालपी रामकुमार ने बताया कि जिस जगह संपर्क मार्ग बहा है। वहाँ से गैस की पाइप लाइन निकली थी जिस कारण पानी के बहाव में मिट्टी धसती चली गई। पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा जा रहा है जल्द ही संपर्क मार्ग को सही कराया जाएगा।

## चैक बाउंस का मुकदमा दर्ज कराने पर आरोपियों ने की मारपीट

**जालौन ( उरई )।** चैक बाउंस का मुकदमा दर्ज कराने से नाराज 4 लोगों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसके साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी वैभव नारायण ने पुलिस को बताया कि औरेखी निवासी बैकुंठ ने उन्हें एक चौक दी थी। उक्त चौक जब उन्होंने बैंक में लगाई तो वह चौक बाउंस हो गई। जिसकी उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मुकदमा दर्ज कराने से बैकुंठ और उनके साथी उससे रंजिश मानते हैं। इसी को लेकर उक्त बैकुंठ, केशव व अखिलेश निवासीगण औरेखी उनके घर में घुस आए और मुकदमे को लेकर गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं।

# 'रामायण दर्शन' को शुरू न कराने वाले सहायक अभियंता के खिलाफ डीएम ने दिये कार्रवाई के आदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने गुरूवार को कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में करीब साढे 09 करोड की लागत से बने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'रामायण दर्शन' का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान ने कार्यपूरा होने के बाद भी रामायण दर्शन को चालू न कराये जाने पर कडी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।साथ ही प्रकरण की जांच कराकर दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई के आदेश दिये। गुरूवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने वीआईपी गेस्ट हाउस, कार्यालय, कैंटीन/ रेस्टोरेंट आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रामायण दर्शन के होलोग्राफी हाल एवं उसमें चलाए जा रहे भगवान श्री रामचन्द्र जी के चल चित्रों पर बनी डॉक्यूमेंट्री शो को भी देखा । उन्होंने कहा कि इस रामायण दर्शन में


निरीक्षण करते डीएम पायनियर

चलचित्र के माध्यम से भगवान श्री रामचन्द्र जी के मार्मिक जीवन की कथाओं का वर्णन किया गया देखते ही आपके मन को हर्षोल्लास कर देने वाली कथाओं का चित्रण किया गया है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष से यह रामायण दर्शन बनकर तैयार है और हैंड ओवर भी हो गया है और नहीं चलाया गया यह किसकी जिम्मेदारी है । उन्होंने कहा कि रामायण दर्शन का शो अभी तक दो वर्षो में क्यों नहीं शुरू किया गया। इसकी जांच कराई जाए तथा सहायक अभियंता आर के करवरिया राजकीय निर्माण निगम यांत्रिक शाखा के खिलाफ कार्यवाही करें इनके द्वारा अगर कार्य करने वाली एजेंसी को भुगतान किया गया हो तो रिकवरी की भी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। कहा कि लेजर शो रामघाट का एवं इसका समय अलग करके दिखाएं। उन्होंने पर्यटन अधिकारी से कहा कि इस को जल्द से जल्द चालू कराएं । रामायण दर्शन के बाउंड्री वाल के पास तालाब है जो उस पर कोई कब्जा तो नहीं कर रहा है कि जानकारी की जिसमें लेखपाल ने कहा कि तालाब पर अतिक्रमण हो रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल अशोक कुमार वर्मा को निर्देश दिए कि तत्काल अतिक्रमण को हटाया जाए। उन्होंने कहा अंदर जो झोपड़ी बनी है उसे जल्द से जल्द हटाए । कहा बाउंड्री को जल्द से जल्द कंप्लीट भी कराएं तहसीलदार कर्वी को निर्देश दिए की परिक्रमा मार्ग का अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाए।

## कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को कायस्थ महासभा ने दी श्रद्धांजलि

**जालौन ( उरई )।** मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में शोकसभा संपन्न हुई। जिसमें राजू श्रीवास्तव को याद कर उन्हें नम आखों से श्रद्धांजलि दी गई। देश के मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का बुधवार को निधन हो गया था। उनके निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में नगर अध्यक्ष नितेश सक्सेना के आवास पर शोकसभा संपन्न हुई। शोकसभा में प्रदेश उपाध्यक्ष आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि राजू श्रीवास्तव समाज के गौरव थे। उनके जैसा अभिनेता होना बड़ी बात है। शायद ही कोई होगा जो उनका स्थान ले पाएगा। जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने कहा कि राजू श्रीवास्तव उनके निभाए किरदारों के माध्यम से सदैव हम सभी के दिलों में रहेंगे। इस कठिन जीवन में उन्होंने हमेशा ही लोगों का हंसाने का काम किया है। अंत में उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मशांति की प्रार्थना की।

# डीएम के आदेश से अब सता रहा बुलडोजर का भय



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सचिव की आख्या पर चित्रकूट इंटर कालेज छात्रावास गेट के सामने बिना भवन मानचित्र मंजूरी के तीन व्यवसायिक दुकानें बना लेने के संदर्भ में लोक निर्माण विभाग से जांचकर अवैध दुकानें गिराने के आदेश दिये हैं। गुरुवार को चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सचिव ने जिलाधिकारी को भेजी आख्या में कहा कि शंकर बाजार कर्वी के राकेश सिंह ने शिकायत की है कि चित्रकूट इंटर कालेज के छात्रावास के गेट के सामने बिना मानचित्र मंजूरी के रामप्रसाद यादव ने तीन दुकानें बना ली हैं। साडा के अवर अभियंता की आख्या ने तीन दुकानें डेढ से दो वर्ष पुरानी बनी हैं। लोक निर्माण विभाग की भूमि सीमा पर अतिक्रमण कर दुकानें बनाई गई हैं। मौके के फोटो संलग्न कर लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता से अपेक्षा की है कि संलग्न शिकायती पत्र के आधार पर लोनिवि सीमा पर अतिक्रमण कर बनाई दुकानें तत्काल ध्वस्त की जायें। जिलाधिकारी ने इस बाबत लोनिवि के अधिशाषी अभियंता को जांचकर नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी के आदेश के बाद अवैध ढंग से दुकानें बनाने वाले एवं लोनिवि की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों में बुलडोजर का भय सताने लगा है।

## पानी की बर्बादी रोकना हम सभी का प्रथम दायित्वःअनिरुद्ध

**कुठौंद ( जालौन )।** गुरुवार को विकासखंड कुठौंद के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन योजना के कार्यो की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी, खंड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्या, जेएमआई कृष्णवीर सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार, ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम बाजपेई, ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता के साथ ही जल जीवन टीम के मिशन मैनेजर की मौजूदगी में आहूत हुई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने कहा कि जल ही जीवन है, जल को बचाना हम आप सभी का दायित्व है। पानी की बर्बादी रोककर हम सभी अपनी आने वाली पीढ़ियों के पानी सुरक्षित रख पायेंगे। इसके लिये कोई भी पानी का दुरुपयोग न करें। यदि नल की टोटी के द्वारा पानी बराबर बह रहा है इसको हमें आपको ही रोकना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने पहले संपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया जिसके चलते आज हम आप एक दूसरे के दरवाजे पर कचरा इकट्ठा होने से मना करते हैं।

# पौराणिक तीर्थ 'कामदगिरि पर्वत' पर सुअरों के स्वच्छंद्र विचरण से आस्था पर चोट

रतन पटेल। चित्रकूट

● दर्जनों सुअर कामदगिरि पर्वत पर फैला रहे गंदगी

● संतों और श्रद्धालुओं में यूपी-एमपी प्रशासन के प्रति बढ़ रहा आक्रोश

**आदि तीर्थ** के रूप में समूचे विश्व में विख्यात भगवान श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट करोड़ों हिन्दुओं की श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय साढ़े 11 वर्ष चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत पर ही तपस्या कर ऋषि मुनियों से आसुरी शक्तियों से विजय हासिल करने की शक्तियां प्राप्त की थी। चित्रकूट से जाते समय भगवान श्री राम ने कामदगिरि पर्वत को मनोकामना पूरक होने का वरदान दिया था।पर्वत की महिमा का उल्लेख गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में 'कामद भे गिरि राम प्रसादा, अवलोकत अप हरत विषादा' यानी ऐसा अलौकिक पर्वत जिसके अवलोकन मात्र से सारे विसाद दूर हो जाये। पूरे पर्वत को ही भगवान के स्वरूप में पूजा जाता है। लाखों श्रद्धालु प्रति माह अमावस्या पर चित्रकूट पहुंच कर इसी पवित्र कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा करते है। इतना ही नहीं मनौती पूर्ण होने पर हजारों श्रद्धालु पर्वत की लेटी परिक्रमा लगाते है। ऐसे पवित्र पर्वत पर दर्जनों सुअरों के स्वच्छंद्र वितरण से करोडों हिन्दुओं की आस्था पर गहरी चोट लग रहीं है। आस्था के साथ हो रहे खिलवाड से धर्म नगरी के साधू-संतों में यूपी-एमपी प्रशासन के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है। विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट दुनिया भर के करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। भगवान श्रीराम ने वनवास का सर्वाधिक साढे 11 वर्ष का समय चित्रकूट में ही व्यतीत किया था।भगवान श्रीराम के वरदान से ही चित्रकूट गिरि हो कामदगिरि यानि मनोकामनाओं के पूरक होने का वरदान मिला था।इसी वरदान की महत्ता के चलते देश भर से लाखों


कामदगिरि पर्वत पर विचरण करता सुअर पायनियर

श्रद्धालु पतित पावनी मां मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाते है। विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ होने के बावजूद चित्रकूट का कामदगिरि पर्वत यूपी-एमपी शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। लापरवाही इस कदर हावी है कि पर्वत पर स्वच्छंद रूप से दर्जनों सुअर आदि गंदे जानवर विचरण कर रहे है। जिससे धर्म नगरी की पवित्रता पर ग्रहण लग रहा है। कामता नाथ प्राचीन मुखार बिंद मंदिर के प्रधान पुजारी भरत शरण दास महाराज ने कामदगिरि पर्वत पर गंदे जानवरों (सुअरों) के स्वच्छंद विचरण पर कड़ी नाराजगी जताते हुए यूपी-एमपी सरकार से गंदे जानवर की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। साथ ही करोड़ों हिन्दुओं की श्रद्धा और आस्था के साथ खिलवाड़ न करने की हिदायत दी है। उन्होने चित्रकूट व सतना के जिलाधिकारी से मामले को गंभीरता से लेकर कामदगिरि पर्वत पर सुअरो के स्वच्छंद्र विचरण पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। व्यापारी नेता एमपी जायसवाल,ऋषि आर्या,महेश जायसवाल,लाला केशरवानी आदि का कहना है आस्था के केंद्र मनोकामनाओं के पूरक कामदगिरि पर्वत पर सुअरो का स्वच्छंद विचरण हिन्दुओं की श्रद्धा के साथ खिलवाड़ है। जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में चित्रकूट नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता का कहना है कि किसी को भी धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। प्रभु श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट की स्वच्छता और पवित्रता को बनाये रखना प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कामदगिरि पर्वत करोड़ों लोगों की श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। कामदगिरि पर्वत पर गंदे जानवरों के विचरण पर प्रभावी रोकथाम के आदेश दिए गये है। रोक के बावजूद गंदे जानवर पर्वत पर नजर आने पर संबंधित सुअर पालकों के विरुद्ध कार्यवाई की जायेगी।